दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 131 | जयपुर | सोमवार , 17 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12



श्रीजी हुज़ूर अरविन्द सिंह जी मेवाड़
13.12.1944 – 16.03.2025

## शोक संदेश

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
मेरे पिताश्री

### एकलिंग दीवान
### श्रीजी हुज़ूर अरविन्द सिंह जी मेवाड़

का रामशरण
चैत्र कृष्ण द्वितीया, रविवार
दिनांक 16 मार्च 2025 को हो गया है।

**अंतिम दर्शन**
दिनांक 17 मार्च 2025, सोमवार
समय : प्रातः 7 बजे से।

**अंतिम यात्रा**
दिनांक 17 मार्च 2025, सोमवार
समय : प्रातः 11 बजे
शम्भु निवास पैलेस से आरम्भ होकर बड़ी पोल,
जगदीश चौक, घंटाघर, बड़ा बाजार, देहली गेट
होकर महासतियां के लिये प्रस्थान करेगी।

**बैठक**
शम्भु निवास पैलेस, राजमहल, उदयपुर, राजस्थान
दिनांक : 17 मार्च से 25 मार्च 2025
समय : प्रातः 10 बजे से 12.30 बजे तक
सायं 4 बजे से 5.30 बजे तक

---

दृढ़ रखा धर्म आपने अपना जय एकलिंग का जयकारा ।
जीवन भर हार नहीं मानी बढ़कर अधर्म को ललकारा ।।

जिसने पुरखों की गरिमा का पावन सपना साकार किया ।
महलों की अमर विरासत को नयनाभिराम आकार दिया ।।

जिसकी छवि सूर्यवंशियों की जिस पर गर्वित है मेदपाट ।
जिसका स्वर भी महाराणा सा उन्नत ललाट गौरव विराट ।।

अरविन्द आपकी निष्ठा ने कुछ ऐसा पावन पुण्य किया ।
मेवाड़ वंश के वैभव को आपने अखण्ड अक्षुण्ण किया ।।

**लक्ष्यराज सिंह मेवाड़**

सम्पर्क :
+91 9799297570 / 9460728729 / 9414296854
shriji.secretariat@eternalmewar.in

## श्री चारभुजा खंडा क्रेजी ट्रांसपोर्ट यूनियन व गौभक्तों द्वारा एम्बुलेंस लिफ्ट के श्री राधे गोविन्द गौ धाम सादड़ा गौशाला में भेंट किए 74 हज़ार रुपए

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** श्री चारभुजा खंडा क्रेजी ट्रांसपोर्ट यूनियन केलवा राजसमंद द्वारा श्री राधे गोविन्द गौ धाम, सादडा गौशाला में दुर्घटनाग्रस्त एवं बिमार गौमाता को लाने के लिए एम्बुलेंस बनाई जा रही है। सोशल मीडिया के द्वारा खंडा क्रेजी यूनीयन अध्यक्ष लक्ष्मण गुर्जर चारभुजा व खंडा क्रेजी यूनीयन के सदस्यों को पता चला कि एम्बुलेंस की लिफ्ट बनवाने में रुपए की जरूरत है। श्री चारभुजा खंडा क्रेजी ट्रांसपोर्ट यूनियन द्वारा गौशाला में 51 हजार रुपए नकद, साथ ही 11 हजार रुपए गौभक्त कालुराम प्रजापत, भेरुलाल प्रजापत केलवा,5100 रुपए पूर्व उपप्रधान भरत पालीवाल, 5100 रुपए रतन मेवाड़ा द्वारा सहयोग किया, सुरेश सोनी ने बताया कि आस पास एक्सिडेंट, घायल गौमाता को समय पर उपचार मिल सके गौशालाओं में समय पहुंचे सकें एम्बुलेंस बहुत ज़रूरी है। श्री राधे गोविन्द गौ सेवा समिति के सदस्यों ने ईकलाई द्वारा स्वागत किया गया। समस्त गौमाता को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया।इस दौरान गौभक्त मदन पालीवाल (काका),विनोद पालीवाल, महेंद्र सिंह, मोड़ी लाल सेन,सुरेश सोनी, बंशीलाल तेली, रमेश माली,हिम्मत मेवाड़ा,मुकेश पालीवाल, कमलेश पालीवाल,निलेश पालीवाल, कुशाक पालीवाल समस्त गौभक्तों खंडा क्रेजी यूनीयन सदस्य गण उपस्थित थे। गौशाला संचालन धर्मु गुर्जर ने समस्त गौ भक्तो का आधार जताया।

## अभय विधा मंदिर मे 19मार्च को 50वां नि:शुल्क विशाल नैत्र शिविर आयोजित..

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** अभयानंद ट्रस्ट के तत्वावधान मे प्रतिबर्ष की भांति करौली मार्ग स्थित अभय विधा मंदिर परिसर 19मार्च को 50वां नि:शुल्क विशाल मोतियाबिंद व नैत्र आप्रेशन शिविर आयोजित होगा। जिसके सुबह 8बजे से पिडितों के रजिस्ट्रेशन किये जायेंगे। अभयानंद ट्रस्ट संयोजक सुरेश पावटा व अध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता ने बताया कि अभयानंद महाराज की प्रेरणा से जिला अंधता निवारण समिति करौली एवं संभल सोसायटी जयपुर के तत्वावधान मे प्रतिबर्ष की भांति 19मार्च वुधवार को मोतियाबिंद एवं नैत्र आप्रेशन शिविर मे पिडितों के सुबह 8बजे से रजिस्ट्रेशन किये जायेंगे।इसी दिन ऑप्रेशन योग्य मरीजों को भर्ती किया जावेगा।मरीज अपने साथ वोटर पहचान पत्र,राशनकार्ड, आधार कार्ड की फोटो काफी अवश्य साथ लावें।अभयानंद ट्रस्ट के सुरेश गोयल,मनोज अग्रवाल,रमेश चंद्र गुप्ता,दामोदर गुप्ता एवं ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों द्वारा शिविर मे समुचित व्यवस्था करायी जावेगी।

## अग्रसेन कॉलेज के पास दो सूने मकान से बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर नगदी व लाखों रुपए के आभूषण किए पार



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शहर के अग्रसेन विहार कॉलोनी में अग्रसेन कॉलेज के पास दो सूने मकान से बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर नगदी व लाखों रुपए के आभूषण चुराकर ले गए। घटना के दौरान परिवार पैतृक गांव देवलेन में होली मनाने गया हुआ। जिसमें रविवार सुबह 8 बजे पड़ोसियों द्वारा मकान के एक कमरे का ताला टूटा व गेट खुला देखने पर उन्हे सूचना दी। इधर रविवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचने पर नई मंडी थाना पुलिस को सूचना दी गई। नई मंडी थाने के हैड कांस्टेबल रविंद्र सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया।उन्होंने बताया कि चोरी की घटना सुनीराम गुर्जर के घर हुई। जिसमें दो भाई सुनीराम व बड़ा भाई अजय गुर्जर का परिवार संयुक्त रूप से रहता है। जिसमें सुनीराम भारतीय सेना में कार्यरत है।जो की गलेशियर में तैनात है। परिवार के बाकी सदस्य अजय, उसकी पत्नी संगीता, सुनीराम की पत्नी मनीता देवी व बच्चे 12 मार्च को पैतृक गांव गए हुए थे।इस दौरान चोर सुने मकान में कूद कर घुस गए। एक कमरे के दरवाज़े का ताला तोड़कर कमरों की तरफ घुसे।जिसमें दो कमरों में बक्सा व पर्स से 85 हजार की नगदी व लाखों रुपए कीमत के सोने व चांदी के आभूषण चुराकर ले गए। पीड़ित महिला संगीता गुर्जर ने बताया दो पर्स में उसके गहने रखे थे।जिसे चोर चुराकर ले गए। पीड़िता ने बताया कि कॉलोनी के बच्चे सुबह के वक्त क्रिकेट खेल रहे थे। जिसमें बच्चों कि गेंद झाडी कि तरफ गई। गेंद ढूंढ रहे बच्चों को एक खुली हुई अटैची मिली। जिसमें दस्तावेज मिले। बच्चों ने एक बड़े व्यक्ति को बुलाकर अटैची दिखाई।जिसके बाद बच्चो ने घर पहुंच कर जानकारी दी।जिसे देखने पहुंचे लोगों को अटैची में मिले दस्तावेज पर नाम देखकर पीड़ित परिवार को अवगत कराया।जिसके बाद परिजन घर पहुंचे, तो एक कमरे का टूटा हुआ ताला व दरवाजा खुला मिला। अंदर कमरों में सामान बिखरा था।जिसके बाद अवलोकन के दौरान नगदी व आभूषण गायब मिले तो पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया लेकिन घटनास्थल क्षेत्र के समीप सीसी टीवी कैमरा नही होने से चोरो का कोई सुराग नही लग पाया है।

### शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बैठकों का दौर जारी

# हिन्दू नववर्ष के भव्य आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं ने भरी हुँकार तरुणी बैठक में निर्णय शोभायात्रा में करेगी शंखनाद

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** हिन्दू नववर्ष समारोह समिति राजसमंद द्वारा 30 मार्च रविवार को बालकृष्ण स्टेडियम कांकरोली में प्रात: 11 बजे विराट धर्मसभा एवं भव्य शोभायात्रा के कार्यक्रम का आयोजन होगा। आयोजन में 21000 मंगल कलश, पूज्य सन्तों व महंतो का सानिध्य, देवी देवताओं व महापुरुषों की झाँकिया, हाथी, ऊँट, घोड़े से सुसज्जित डीजे दल के साथ शोभायात्रा, तीन किलोमीटर लंबी ऑयल पेंट रंगोली, मातृशक्ति का डांडिया रास, युवाशक्ति, सज्जनशक्ति के साथ सम्पूर्ण हिन्दू समाज शोभायात्रा में शामिल होगा। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि शहरी क्षेत्र उपनगर धोइंदा में तरूणी बैठक आयोजित कर शोभायात्रा में बालिकाओं द्वारा नासिक ढोल वादन, योगचाप के प्रयोग, शंखनाद ध्वनि, शिव गर्जना व विशेष रूप से भगवा ध्वज वाहिनी बनाने व उसमें अधिक से अधिक बालिकाओं को जोड़ने का निर्णय हुआ। राजनगर सदर बाजार स्थित माहेश्वरी भवन में हिन्दू नववर्ष को लेकर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें युवाओं ने धर्मसभा के आयोजन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की साथ ही गृह संपर्क अभियान के तहत 21000 मंगल कलश यात्रा को लेकर पंजीयन व प्रत्येक घर पर भगवा ध्वज व हिन्दू नववर्ष का तोरण लगाने का निर्णय हुआ। इस अवसर पर हिन्दू समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। राजसमंद शहर के निकटवर्ती पुठोल चौराहे पर महाराण प्रताप प्रतीक्षालय पर पुठोल, बोरज, मूंडोल, पिपलांत्री, मोरवड़, धर्मेटा, सांगठ, सापोल गाँवो के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर से समाजजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने व हर घर भगवा व नववर्ष मंगलमय हो का तोरण लगाने का निर्णय हुआ। इसी प्रकार केलवा खण्ड के तासोल में कार्यकर्ताओं की बैठक तासोल पंचायत भवन मे हुई जिसमें खटामला, तासोल मंडावर, भाणा, लवाणा गाँवो के समाजजनों से हिन्दू नववर्ष पर आयोजित होने वाली विराट धर्मसभा एवं भव्य शोभायात्रा को सफल बनाने का आव्हान किया। राजसमंद शहर में श्रीमंगलमुखी महाराज आश्रम पर आमेटा समाज की बैठक आयोजित की गयी बैठक में समाज बन्धुओं के साथ नव वर्ष आयोजन की तैयारी हेतु समाज की सहभागिता की रूपरेखा तय हुई। बैठक में समाज के सैकड़ो बंधु उपस्थित थे। राजनगर के रैगर माहौल, शीतला माता मंदिर, कांकरोली शहरी क्षेत्र के नया बाजार, सूंदर टाकीज, सिद्धार्थ कॉलोनी, द्वारकेश चौराया, सनसिटी आदि स्थानों पर मातृशक्ति की विभिन्न टोलियों ने बैठक आयोजित कर महिलाओं से कलश यात्रा व रंगोली बनाने में बढ़चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

## पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 19 से, तैयारियां जोरों पर

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' राजस्थान में ट्रेड एवं इंडस्ट्री के सतत विकास हेतु कार्यरत हैं। इसी कड़ी में यूसीसीआई और पीएचडीसीसीआई के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार 19 से पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो -2025 यूसीसीआई परिसर में किया जा रहा है। जिसकी तैयरयिं जोरां पर है। उद्यमियों एवं कारोबारियों में भी इस आयोजन को लेकर अति उत्साह है।

यूसीसीआई के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत एवं पीएचडीसीसीआई के राजस्थान प्रमुख एवं अध्यक्ष आर.के.गुप्ता ने बताया कि यूसीसीआई परिसर में डोम व स्टॉलें बननी प्रारम्भ हो गयी है। आयोजन को लेकर देश भर के उद्यमियों एवं कारोबारियों में उत्साह दिखाई दे रहा है। इस पांच दिवसीय एक्सपो में देशभर के 125 एक्जीबिटर्स भाग लेंगे। वे 19 मार्च का इंतजार कर रहे है। आर.के.गुप्ता के बताया कि इसके साथ 20 मार्च को तथास्तु रिसोर्ट में 'राजस्थान टूरिज्म सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में राजस्थान में टूरिज्म के विकास के लिए इस क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों द्वारा किये गए नवाचारों को नॉमिनेशन के माध्यम से विभिन्न केटेगरी में सम्मानित किया जाएगा। यूसीसीआई के सचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बताया कि राजस्थान में विविध उद्योग ऑटोमोटिव, टेक्सटाइल्स, सिरेमिक्स, खान एवं खनिज, इंजीनियरिंग, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा, आभूषण एवं हस्तशिल्प कार्यरत है। पीएचडीसीसीआई उदयपुर के कन्वीनर मुकेश माधवानी ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाला यह औद्योगिक महाकुम्भ '19 से 23 मार्च तक यूसीसीआई प्रांगण में सुबह 11बजे से सांय 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमे लगभग 50000-60000 व्यापारिक एवं अन्य आगंतुकों के आने की सम्भावना है। उद्घाटन समारोह 19 मार्च को प्रात:11 बजे से प्रारम्भ होगा।

## गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम मेंहदीपुर बालाजी धाम पहुंचे



बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( भरत सिंह )।** गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम शनिवार देर शाम मेंहदीपुर बालाजी धाम पहुंचे जहॉ उन्होंने श्री बालाजी महाराज के दर्शन किये । मंत्री ने महंत डॉ नरेशपुरी महाराज के साथ श्री बालाजी की संध्या आरती में शामिल हुए ।

वहीं उन्होंने विशेष पूजा अर्चना कर देश प्रदेश खुशहाली कामना की । दर्शनो के बाद मंत्री ने महंत डॉ नरेशपुरी महाराज से की शिष्टाचार भेंट जहॉ महाराज ने बेढम का रामनामी दुपट्टा पहनाकर किया स्वागत किया।

**मिडिया से हुए मुख़ातिब :** गृहमंत्री जवाहर सिंह बेढम मिडिया से मुख़ातिब होते हुए कहा कि मेहंदीपुर बालाजी धाम सिद्धपीठ है यहॉ बालाजी दर्शन के बाद लोगों को सभी संकट से मुक्ति मिलती है । भजनलाल सरकार ने आस्था के केन्द्रों को डेवलप कराने के लिए बजटीय प्रावधान किये है ।उन्होंने बताया कि महंत द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में राजस्थान मंडपम के सहयोग के साधुवाद किया है साथ मंदिर ट्रस्ट कार्यों की सराहना की । मंत्री ने पुलिसकर्मी के होली खेलने के बहिष्कार को बताया कि पुलिसकर्मियों को मैंने प्रेस के माध्यम से कहा कि लंबित मांगों पर मुख्यमंत्री ने चर्चा की है जल्द ही समाधान होगा आवास लेकर 300 करोड़ का प्रावधान किया है । कांग्रेस ने इस मामले में ओछी राजनीति की और ट्विटर ट्विटर खेला । पिछली कांग्रेस सरकार में किसी विभाग के लिंए काम नहीं किया ।

## विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ को भील समाज ने होली मिलन विधानसभा मे भील की आवाज़ उठाएं जाने पर आभार प्रकट किया गया

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आमेट उपखंड पर आज राजस्थान भील समाज विकास समिति जिला शाखा राजसमंद ने आज कुंभलगढ़ विधायक श्रीमान सुरेंद्र सिंह राठौड़ के निज निवास आगारिया हवेली पहुंच कर होली की हार्दिक शुभकामनाएं रंग गुलाल अबीर लगाकर दी गई प्रदेश संरक्षक मोहनलाल सांगावास ने इस दौरान विधायक श्रीमान सुरेंद्र सिंह राठौड़ साहब को भील समाज की आवाज़ विधान सभा में बिजली कनेक्शन मे छूट, आरक्षण मे कोटे में से कोटा उप वर्गीकरण का मुद्दे पर विधान सभा मे भील समाज की आवाज़ बुलन्द किए जाने पर आभार प्रकट किया गया और शुभकामनाएं दी गई और कहा कि आपको भील समाज की तरफ से भजनलाल जी की सरकार मे अतिशीघ्र मंत्री पद मिलने की कामनाएं भी की गई इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी गुलाबचंद , राजसमंद जिला महासचिव कैलाश चन्द्र पसुंद, ज़िला पदाधिकारी जगदीश चन्द्र, रतन लाल, देवगढ़ तहसील सचिव रतनलाल, सरदारगढ़ तहसील उपाध्यक्ष शंकरलाल, तहसील सचिव देवीलाल, युवा अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र, आमेट तहसील सचिव भगवानलाल, राणा पूंजा मित्र मण्डल मुरडा के मीठालाल, नारायण लाल, भेरूलाल, लालू राम, किशन लाल, आगरिया सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल, वार्ड पंच बालूराम, दोवड़ा चोकला के शंकर महाराज, गोवर्धन लाल, सहित कई गणमान्य नागरिक पंच पटेलों ने इस होली मिलन समारोह कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## मेहंदीपुर बालाजी में 3 साल बाद समाधि स्थल दर्शनार्थियों के लिए खोला

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( भरत सिंह )।** आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी में 3 साल बाद समाधि स्थल दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा जीर्णोद्धार कार्य कराने के बाद रविवार को मंदिर के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने फीता काटकर नवीन परिसर का उद्घाटन किया। महंत ने सबसे पहले ब्रह्मलीन महंत गणेशपुरी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रुद्राक्ष की माला पहनाकर पूजा अर्चना की। इसके ब्रह्मलीन महंत किशोरपुरी महाराज की समाधि की पूजा अर्चना की। इस दौरान रामधुनी का आयोजन भी किया गया।श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के जयकारे लगाए। यहां समाधि स्थल पर पूर्व में गणेशपुरी महाराज की प्रतिमा स्थापित की हुई थी और यज्ञशाला में नियमित रूप से पंडितों द्वारा हवन कर आहुतियां दी जाती थी।

## पानी की निकासी को लेकर बमनपुरा में फायरिंग एक घायल

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना क्षेत्र के गांवबमनपुरा में शनिवार की रात्रि को पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने फायरिंग कर दिया जिसे एक युवक के पेट में लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।अस्पताल के डॉक्टर दिनेश गुर्जर ने बताया कि शनिवार को रात्रि 9.30 बजे करीब गांव बमनपुरा में मकान के पीछे नाली का पानी से घर सीलन आने से नाली मे पानी बंद करने की कहने के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी। मकान के पीछे के कुछ लोगों ने मारपीट की।इसको लेकर पील्लू सिंह गुर्जर को लोगों ने पर फायरिंग कर दी।जिससे पील्लू सिंह गुर्जर पुत्र चुन्नीलाल के पेट में छर्रे लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।जिससे परिजनों ने राजकीय जिला अस्पताल मे भर्ती कराया।सूचना पर सदर थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा मय जाप्ते के अस्पताल पहुंचे।घटना की जानकारी ली,घायल पील्लू सिंह गुर्जर के पर्चा बयान पर सदर पुलिस ने मामला दर्ज किया हैं।सदर थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि बमनपुरा निवासी घायल पील्लू सिंह गुर्जर पुत्र चुन्नी लाल के पर्चा बयान पर वही के भीमा,शेरसिंह, नरसी,बल्लो के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं।

## प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक के आयोजन की श्रृंखला में आचार्य शांतिसागर महाराज की जीवनी पर एवं महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सकल जैन समाज द्वारा रविवार को सेक्टर 3 स्थित नेमीनाथ दिंगबर जैन मंदिर प्रांगण में 'आयोजित प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक के आयोजन की श्रृंखला में आचार्य शांतिसागर महाराज की जीवनी पर एवं महाआरती में श्रद्धालु उमड़ पड़े। कार्यक्रम संयोजक अरुण लुणदिया ने बताया कि इस अवसर पर उदयपुर में संचालित सभी जैन पाठशालाओं के 500 से अधिक बच्चें एवं 70 से अधिक शिक्षक उपस्थिति हुए। संयोजक अंकित जैन शास्त्री ,मनोज चम्पावत व गीतेश दामावत ने भी पूरा सहयोग प्रदान किया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन पंडित सम्राट जैन शास्त्री ने किया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, कार्यक्रम में मेवाड़ जैन युवा संस्थान के सभी सदस्य एवं हैं समाज के सभी पदाधिकारी गण उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी सुंदरलाल वक्तावत द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्रीमति कैलाश देवी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमति संपत देवी गणपतोत थी। कार्यक्रम में सभी पाठशालाओ बच्चों ने अपनी अपनी धार्मिक प्रस्तुतियां दी। संस्थान के संरक्षक पारस सिंघवी ने सभी बच्चों, शिक्षक एवं समाज जन का हार्दिक अभिनंदन किया व भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक को भव्यता देने की अपील की। संस्थान के अध्यक्ष निर्मल मालवी व कार्याध्यक्ष शांतिलाल गंगावत ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के ज्ञान को देखते हुए शिक्षकों को जितना सम्मान दिया जाए उतना कम हैं क्योंकि सभी शिक्षक निस्वार्थ सेवा भाव देते हुए दिन रात मेहनत करते हैं तभी बच्चों को इतना ज्ञान प्राप्त होता हैं। महामंत्री राजेश देवड़ा एवं वरिष्ठ मंत्री गौरव गनोड़िया ने सभी संजोयक मंडल तथा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम पश्चात सभी समाजजन की एक बैठक का आयोजन किया गया एवं सर्व सम्मति से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रीतेश जैन द्वारा किया गया।

## ब्राह्मण समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** ब्राह्मण समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ब्राह्मण धर्मशाला में दोपहर 2 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में समाज के युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाज के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना से हुई।इसके बाद क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन गायकों ने होली गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। छैलबिहारी पाठक, उमाशंकर समाधिया, वीरेंद्र दत्तारेय, यश शर्मा, मुकेश और ललित चतुर्वेदी जैसे कलाकारों ने मनमोहक होली गीतों से समां बांध दिया। गायकों ने ब्रज की संस्कृति को झलकाते हुए ऐसे गीत प्रस्तुत किए, जिनमें होली त्योहार के प्रति उमंग और आस्था साफ नजर आई।कार्यक्रम में हिंडौन, सूरौठ और श्रीमहावीरजी से आए समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मंजीत मुदगल, राजीव सहारिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्योति सहारिया, गोपाल शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 131 | जयपुर | सोमवार , 17 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# पाकिस्तान ने हमेशा धोखा दिया : मोदी


## अमेरिकन एआई रिसर्चर के पॉडकास्ट में कहा- नवाज को न्योता दिया, बदले में दुश्मनी मिली; ट्रम्प साहसी लीडर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमेरिकन एआई रिसर्चर लेक्स फ्रिडमैन के साथ 3 घंटे का पॉडकास्ट (इंटरव्यू) रिलीज किया। पीएम ने पाकिस्तान, चीन, ट्रम्प, विश्व राजनीति, खेल, राजनीति और आरएसएस समेत निजी जीवन से जुड़े सवालों के जवाब दिए। पीएम ने पाकिस्तान को लेकर कहा कि वहां से हमेशा धोखा ही मिला। उन्होंने कहा कि शपथ समारोह में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को बुलाया था, लेकिन शांति की हर कोशिश के बदले दुश्मनी ही मिली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं। हम आशा करते हैं कि पाकिस्तान को एक दिन सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का रास्ता अपनाएगा।

### मोदी का इंटरव्यू लेने वाले फ्रिडमैन इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर इंजीनियर और एआई रिसर्चर

लेक्स फ्रिडमैन का जन्म रूस के चकालोव्स्क में 15 अगस्त 1983 को हुआ था। सोवियत संघ के बिखरने के बाद उनका परिवार अमेरिका के शिकागो आ गया था। उन्होंने अमेरिका में ही इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में पीएचडी की है। वे एआई रिसर्चर हैं। फ्रिडमैन अपने पॉडकास्ट में अमेरिकन प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प, टेस्ला सीईओ इलॉन मस्क, मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग, अमेजन सीईओ जेफ बेजोस, ओपन एआई सीईओ सेम ऑल्टमैन, यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमीर जेलेंस्की और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इंटरव्यू कर चुके हैं।



### पीएम मोदी ने पाकिस्तान, चीन, ट्रम्प पर कुछ खास बातें

- पाकिस्तान पर पाकिस्तान के लोग आतंक में रहने से थक गए होंगे 2014 में मैं जब पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाला था तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। उम्मीद थी कि दोनों देश एक नया अध्याय शुरू करेंगे।
- हालांकि शांति का हर नेक प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं। वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहने से थक गए होंगे।
- चीन पर भारत-चीन को प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, टकराव नहीं राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद हमने सीमा पर सामान्य स्थिति की वापसी देखी है। हम 2020 से पहले के स्तर पर स्थितियों को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। विश्वास में समय लगेगा, लेकिन हम बातचीत के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने संघर्ष के बजाय स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर भी जोर दिया। 21वीं सदी एशिया की सदी है। भारत और चीन को स्वाभाविक रूप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, टकराव नहीं।
- अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर मोदी बोले- संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन विफल कोविड ने हर देश की सीमाओं को उजागर किया है। इससे सीखने के बजाय दुनिया और अधिक विखंडित हो गई है। वैश्विक नियमों को लागू करने में संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन विफल रहे। स्थिरता बनाए रखने के लिए बनाई गई संस्थाएं प्रासंगिकता खो रही हैं। जो लोग कानूनों की अनदेखी करते हैं, उन्हें कोई परिणाम नहीं भुगतना पड़ता।
- गुजरात दंगों पर अब राज्य में स्थायी शांति बनी है 24 फरवरी 2002 को मैं पहली बार निर्वाचित प्रतिनिधि बना और 27 फरवरी, 2002 को गोधरा कांड हुआ, जिसने प्रदेश में हिंसा भड़का दी। गुजरात में 2002 से पहले भी 250 से अधिक दंगे हो चुके थे। 1969 का दंगा छह महीने तक चला था। 2002 के दंगे दुखद थे, लेकिन उसके बाद राज्य में स्थायी शांति बनी। सरकार के खिलाफ कई आरोप लगाए गए, लेकिन न्यायपालिका ने दो बार जांच के बाद उन्हें निर्दोष करार दिया।
- आरएसएस पर आरएसएस ने देश के लिए जीना सिखाया आरएसएस में हमें जो मूल्य सिखाया गया, उनमें से एक यह था कि आप जो भी करें, उसे उद्देश्यपूर्ण तरीके से करें। आप पढ़ाई करते हैं, तो राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए पर्याप्त सीखने के लक्ष्य के साथ पढ़ाई करें।
- आप व्यायाम करते हैं, तो राष्ट्र की सेवा करने के लिए अपने शरीर को मजबूत बनाने के उद्देश्य से करें। यही हमें सिखाया गया था।
- महात्मा गांधी पर बापू सिर्फ 20वीं सदी नहीं, हर सदी के महान नेता हैं महात्मा गांधी सिर्फ 20वीं सदी नहीं हर सदी के महान नेता हैं। जहां तक मोदी का सवाल है मेरे पास एक दायित्व है।



## राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात
### राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल से चर्चा की। राज्यपाल श्री बागडे से मुख्यमंत्री श्री शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी।

## जयपुर में हत्या कर युवक का शव फेंका : रस्सी से गला घोटकर मारा, हाईवे किनारे पटक कर जलाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में हाईवे किनारे एक युवक की अधजली लाश मिलने से रविवार दोपहर दहशत फैल गई। रस्सी से गला घोटकर युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया है। मुहाना थाना पुलिस ने स्नस्रु व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ ही मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। एसएचओ (मुहाना) उदय यादव ने बताया- नेवटा पुलिया के पास हाईवे किनारे एक युवक की अधजली लाश मिली है। दोपहर करीब 1:30 बजे लाश मिलने का पता चलने पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की सूचना पर मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्नस्रु व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से सबूत जुटाए। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि मृतक की उम्र करीब 35 साल है। रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या की गई है। हत्या के लिए यूज रस्सी भी शव के पास पड़ी मिली है।

माना जा रहा है कि दूसरी जगह हत्या के बाद देर रात शव हाईवे किनारे ठिकाने लगाने के लिए फेंका गया। मृतक की पहचान छिपाने के लिए ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई गई। आग की लपटों को उठता देख पकड़े जाने के डर से हत्यारे भाग गए। इसके कारण शव पूरा जलने से बच गया।

## हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात, कई इलाकों में बारिश
### हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर हिमपात हुआ जबकि राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** विभाग ने बताया कि राज्य में मंगलवार को छोड़कर शुक्रवार तक बारिश का दौर जारी रहेगा। राज्य के कुछ इलाकों में शनिवार शाम से हिमपात हो रहा है। विभाग ने बताया कि मनाली के कोठी में 27.5 सेंटीमीटर, शिमला के खदराला में पांच सेमी, किन्नौर के कल्पा में चार सेमी और सांगला में 3.4 सेमी हिमपात हुआ, जबकि लाहौल और स्पीति के गोंडला में 15 सेमी, कुकुमसेरी में 4.8 सेमी और केलांग में चार सेमी हिमपात हुआ। मौसम विभाग ने कहा कि शिमला, कांगड़ा, सुंदरनगर और कुल्लू के भुंतर में बारिश हुई। विभाग ने रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा लाहौल-स्पीति और किन्नौर के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग ने कहा कि चंबा, कांगड़ा और कुल्लू के ऊंचाई वाले इलाकों में 17 से 21 मार्च तक बारिश होने का अनुमान है। इसके अनुसार केलांग में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार एक से 16 मार्च तक राज्य में सामान्य (60.7 मिलीमीटर) के मुकाबले 73.2 मिमी बारिश हुई है, जो 21 प्रतिशत अधिक है।

## पाकिस्तानी सेना पर बलूच आर्मी का फिदायीन हमला : दावा- 90 सैनिक मारे
### 5 दिन पहले ट्रेन हाईजैक में 28 सैनिक, 33 बलूच लड़ाके मारे गए थे

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** बलूच लिबरेशन आर्मी ने रविवार को पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमले का दावा किया है। इसमें 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं।हमला क्वेटा से कफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास किया गया। बीएलए के मुताबिक उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की। जानकारी के मुताबिक एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया। जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वो पूरी तरह तबाह हो गया। घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाके में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।



### बीएलए ने 5 दिन पहले पैसेंजर ट्रेन हाइजैक कर ली थी

5 दिन पहले बीएलए ने पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन का अपहरण कर लिया था। बीएलए का दावा था कि उसने ट्रेन से बंधक बनाए 214 पाकिस्तानी सेना से जुड़े लोगों को मार डाला है। हालांकि इस मामले में पाकिस्तानी सेना ने कहा था कि उसके सिर्फ 28 सैनिक मारे गए थे, जबकि सभी 33 बलूच लड़ाकों को ढेर कर दिया गया था।

### आखिरी आतंकी के मारे जाने तक जंग- सीएम बलूचिस्तान

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुग्ती ने कहा कि बलूचिस्तान की शांति से खेलने वालों का खात्मा बहुत बुरा होगा। ये कायराना हमले हमारे हिम्मत को नहीं तोड़ सकते। हर कीमत पर हम शांति को कायम करेंगे। यह जंग तब तक जारी रहेगी, जब तक आखिरी आतंकवादी नहीं मारा जाता।

## उद्धव की शिवसेना बोली-भारत को हिंदू पाकिस्तान बनाया जा रहा
### सामना में लिखा- मोदी और शाह देश को टुकड़ों में बांटकर जाएंगे



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** शिवसेना उद्धव के मुखपत्र सामना में पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुखपत्र में लिखा गया- मोदी-शाह का राज एक दिन जाएगा, लेकिन जाते-जाते वह देश को टुकड़ों में बांटकर जाएंगे। सामना में लिखा गया है कि पिछले दस सालों में भारत में हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग राष्ट्र बन गए हैं। यह माहौल बंटवारे जैसा है। शिवाजी के इतिहास को बदलना, हिंदू-मुसलमानों के लिए अलग दुकानों की मांग करना।

## राजस्थान में आज भी बारिश की संभावना
### 2 डिग्री और गिर सकता है तापमान, भरतपुर सहित कई जिलों में हुई बूंदाबांदी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से चला आंधी-बारिश का दौर आज से थम जाएगा। तीन दिन हुई बारिश से तापमान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जिससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। मौसम विभाग ने आज भी भरतपुर, जयपुर संभाग के जिलों में दोपहर बाद हल्के बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। इसके अलावा तापमान में भी 2 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट हो सकती है।

### हल्की बूंदाबांदी हुई, बादल छाए

पिछले 24 घंटे के दौरान भरतपुर, अलवर, दौसा के एरिया में बादल छाए और कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई।



जयपुर में भी दोपहर बाद आसमान में बादल छाए। कल अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान कल 38.7 चित्तौड़गढ़ में दर्ज हुआ।

### 35 डिग्री के आसपास रहा तापमान

कोटा में अधिकतम तापमान 36 .3 डिग्री सेल्सियस, बाड़मेर में 35 .3, फलोदी में 35 .2, धौलपुर में 35 .5, बारां में 35 .9, डूंगरपुर में 36 .9, प्रतापगढ़ में 35 .9, झुंझुनूं में 29 .9, हनुमानगढ़ में 24 .2, गंगानगर में 28 .1, जोधपुर में 33 .2, जैसलमेर में 32 .2, उदयपुर में 34 .8 और अजमेर में अधिकतम तापमान 33 .3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।




## मंत्री किरोड़ी ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा लेटर, सीएम काफिला हादसे पर लिखा
### मृतक एएसआई की पत्नी को सहायता नहीं दी; डीजीपी से मिलने पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लेटर लिखा। उन्होंने जयपुर में अक्षय पात्र चौराहे पर सीएम रूट लाइन पर ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले एएसआई सुरेंद्र कुमार की पत्नी को सहायता देने की मांग की। मंत्री किरोड़ी रविवार को एएसआई की पत्नी के साथ डीजीपी उत्कल रंजन से भी मिले। किरोड़ीलाल मीणा ने पत्र में लिखा- सविता कुमारी पत्नी स्व. सुरेंद्र कुमार ने मुझे ज्ञापन देकर अपनी पीड़ा बताई है कि उसके पति की 11 दिसंबर 2024 को ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। इसे पुलिस ने अपनी जांच में हत्या माना था। सुरेंद्र कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी ड्यूटी पर कर्तत्व्य का बेमिसाल परिचय दिया था।



### किरोड़ी ने लिखा- एएसआई की पत्नी को कोई सहायता नहीं दी गई

किरोड़ी ने लिखा- इस घटना के बाद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सविता और उसके परिवार को हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया था। काफी लंबा समय गुजर जाने के बाद भी सुरेंद्र कुमार की पत्नी सविता को सरकार की तरफ से अभी तक कोई सहायता नहीं दी गई। जो गंभीर चिंता का विषय है। आप स्वयं भी सविता कुमारी ओला और उनके परिजनों से गांव काठ का माजरा नीमराणा जाकर मिलकर आए थे। उस समय आपको परिजनों और गांव वालों ने एक ज्ञापन दिया था।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनु,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## सम्पादकीय

# धार्मिक पर्यटन से अर्थव्यवस्था में तेजी

पिछले कुछ वर्षों से हम भारतीय धर्म-कर्म और उत्सवों पर पहले की तुलना में ज्यादा खर्च करने लगे हैं। देश में समृद्धि आयी है, जिसका असर पड़ा है। धर्म के प्रति आस्था बढ़ी है और लोग इसके लिए खर्च करने को तैयार भी हो रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ था, जिसमें 66 करोड़ श्रद्धालु आये। उन्होंने बड़ा खर्च किया और छोटे विक्रेताओं से लेकर खाने-पीने का सामान बेचने वालों तथा रेलवे, हवाई कंपनियों और ट्रांसपोर्टरों की चांदी कर दी। सरकार ने महाकुंभ की तैयारियों पर 7,500 करोड़ रुपये खर्च किये और उसे राजस्व के रूप में तीन लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए। सरकारी खर्च से प्रयागराज के इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत सुधार हुआ। महाकुंभ के कारण केवल वहीं नहीं, डेढ़ सौ किलोमीटर के दायरे में स्थित शहरों और कस्बों के भी व्यापार में जबर्दस्त वृद्धि देखी गयी। अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई। करोड़ों लोगों ने वहां बड़े पैमाने पर खर्च किया, जिसका असर वहां की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक रूप से पड़ा। यात्री सिर्फ प्रयागराज में नहीं रुके, वे वाराणसी और अयोध्या गये और आसपास के धार्मिक स्थलों जैसे चित्रकूट, विंध्याचल वगैरह में भी जा पहुंचे। वहां की अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर पड़ा। बड़ी तादाद में पहुंचे तीर्थयात्रियों ने वहां भी खर्च किया। ऐसा नहीं है कि देश में तीर्थयात्रियों द्वारा खर्च का यह पहला बड़ा मौका है। देश में अन्य कई तीर्थ स्थल और मंदिर हैं, जहां श्रद्धालु जाते हैं। इनमें तिरुपति, काशी विश्वनाथ, पद्मनाभस्वामी, सिद्धिविनायक, माता वैष्णो देवी, शिरडी साईं बाबा मंदिर, हरिद्वार-ऋषिकेश वगैरह हैं, जहां यात्री दर्शन के लिए दूर-दराज से जाते हैं और चढ़ावा भी चढ़ाते हैं। यहां ध्यान देने वाली एक और बात है कि राज्य सरकारों ने उन क्षेत्रों के विकास पर अब ध्यान देना शुरू किया है। इससे वहां पहुंचना आसान हो गया और यातायात के बहुत से साधन उपलब्ध हो गये हैं। रेलवे ने कई अच्छी रेलगाड़ियां चलाई है, जिससे उसे भी आय हो रही है। ढांचागत विकास का फायदा सभी वर्गों को मिल रहा है। कारोबारी ज्यादा पैसे कमा पा रहे हैं तथा रोजगार भी दे रहे हैं। पहले हमारे तीर्थस्थल उतने विकसित नहीं होते थे और वहां विकास का नामोनिशान नहीं दिखता था। इस कारण श्रद्धालुओं का वहां पहुंचना तुलनात्मक रूप से कम होता था और वहां जाने पर भी वे ज्यादा खर्च नहीं करते थे। पर अब स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन आया है और अधिक से अधिक यात्री और पर्यटक उन क्षेत्रों में जाने लगे हैं। इसका असर वहां की अर्थव्यवस्था पर दिखायी देता है। सच यह है कि देश में धार्मिक पर्यटन पर इस समय काफी जोर है और वे लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। भारत उत्सवों का देश है और यहां इतने पर्व-त्योहार मनाये जाते हैं कि एक के खत्म होते ही दूसरे की प्रतीक्षा शुरू हो जाती है। उत्तर और पूर्वी भारत में जहां दिवाली, होली और दशहरा जैसे त्योहार धूमधाम से मनाये जाते हैं, वहीं दक्षिण और पश्चिम भारत में ओणम, पोंगल, गणेश चतुर्थी जैसे पर्वों की धूमधाम देखते ही बनती है। इन त्योहारों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं और काफी खर्च करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से दिवाली में बिक्री काफी बढ़ी है। वर्ष 2024 में 4.25 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का दावा कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने किया है। इससे औद्योगिक विकास और रोजगार को गति मिली है। हमारे पर्व-त्योहारों में इतना कुछ खरीदा जाता है कि हाथ से बनने वाली चीजों से लेकर कारखानों में उत्पादित होने वाले सामान की बिक्री बढ़ जाती है। छोटे और मंझोले उद्योगों को ये बहुत सहारा देते हैं। अक्षय तृतीया तो खरीदारी का त्योहार है, जिसमें गहनों के अलावा वाहन वगैरह भी खरीदे जाते हैं। कपड़े तो अमूमन हर बड़े पर्व-त्योहार में खरीदे जाते हैं। वस्त्र तैयार करने में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर ऐसे ही नहीं है। इसका एक कारण हमारे पर्व-त्योहार और धार्मिक अवसर या अनुष्ठान भी हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 17 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- आगरा के युद्ध में बाबर से 1527 में चित्तौड़गढ़ के राणा संग्राम सिंह प्रथम पराजित हुए।
- नीदरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड ने 1672 में युद्ध की घोषणा की।
- ईस्ट इंडिया कंपनी और मराठा शासकों के बीच 1782 में सल्बाई की समझौता हुआ।
- लंदन के स्टीफन पेरी ने 1845 में रबर बैंड का पेटेंट कराया।
- ताइवान में 1906 में आए भूकंप में लगभग 1000 लोगों की जान गई।
- अमेरिका में राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रुजवलेट द्वारा 1942 में दुनिया में कला के बेहतरीन संग्रहों में से एक नेशनल गैलरी ऑफ आर्ट को खोला गया।
- बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा सन 1959 में तिब्बत से भारत पहुंचे।
- बाली द्वीप पर 1963 में ज्वालामुखी फटने से तकरीबन 2000 लोगों की जान गयी।
- आईबीएम ने 1987 में पीसी-डीओएस 3.3 वर्जन जारी किया।
- भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने 1987 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
- अर्जेन्टीना में स्थित इजरायली दूतावास पर 1992 में हुए हमले में लगभग 30 लोग मरे।
- श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 1996 में हुए क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में सात विकेट से हराकर खिताब जीता।



### 17 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1922 में अमेरिकी दार्शनिक पैट्रिक सप्पस का जन्म।
- 1946 में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण का जन्म।
- 1962 में भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म हुआ।
- 1990 में बैटमिंटन प्लेयर सायना नेहवाल का जन्म हुआ था।

# प्रसिद्धि की बैसाखी बनता साहित्य में चौर्यकर्म



डॉ. सत्यवान सौरभ

**हरियाणा के एक लेखक द्वारा राज्य गान के रूप में एक गीत के चयन को लेकर हाल ही में एक बहस छिड़ी है, जिस पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगाया गया है। अन्य लेखकों ने इस मामले पर अपनी चिंता व्यक्त की है और इसे राज्य के मुख्यमंत्री के ध्यान में लाया है। इस स्थिति ने साहित्यिक चोरी के साथ-साथ आज साहित्य के सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों के बारे में नए सिरे से बातचीत शुरू कर दी है। साहित्यिक चोरी और कॉपी-पेस्ट का मुद्दा हिंदी साहित्य में भी बढ़ रहा है, खासकर डिजिटल युग में, जहां लेख, कविताएं और कहानियां ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हैं। किसी अन्य लेखक के काम को बिना उचित श्रेय दिए या केवल मामूली बदलाव करके कॉपी करना साहित्यिक चोरी का एक स्पष्ट उदाहरण है।**

साहित्यक चोरी साहित्यक क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती बन गई है, जहाँ एक लेखक के विचारों, शब्दों या रचनाओं पर दूसरे लेखक द्वारा उचित स्वीकृति के बिना दावा किया जाता है। यह कृत्य न केवल साहित्यिक नैतिकता का उल्लंघन करता है बल्कि सच्चे लेखक की मौलिकता और रचनात्मकता को भी कमज़ोर करता है। कॉपी-पेस्ट करने का मुद्दा हिंदी साहित्य में तेज़ी से प्रचलित हो रहा है, खासकर इस डिजिटल युग में, जहाँ लेख, कविताएँ और कहानियाँ ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हैं। साहित्यिक चोरी में किसी और के साहित्य को बिना श्रेय दिए लेना या उसमें मामूली बदलाव करके उसे अपना बताकर पेश करना शामिल है। यह व्यवहार मूल लेखकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और रचनात्मकता और मौलिकता को दबाता है। कुछ व्यक्ति इस हद तक चले जाते हैं कि वे दूसरों के साहित्य को अपना बता देते हैं। साहित्यिक चोरी के एक रूप में कहानी के पात्रों को बदलना और उसे मूल रचना के रूप में विपणन करना शामिल है। इस कुकृत्य में ऐसे लोग भी हैं जो स्थापित लेखकों की प्रसिद्ध कृतियों को अपनी कृति के रूप में प्रस्तुत करते हैं, तथा अक्सर साहित्यिक क्षेत्र में मान्यता और प्रसिद्धि पाने की कोशिश करते हैं। साहित्यिक चोरी तब होती है जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे लेखक के शब्दों को बिना अनुमति या उचित श्रेय दिए अपने शब्दों के रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें वे स्थितियाँ भी शामिल हैं जहाँ कोई लेखक बिना उचित उद्धरण के अपने पहले से प्रकाशित साहित्यिक काम का पुनः उपयोग करता है। इसके अतिरिक्त, यदि कोई व्यक्ति मूल विचारों और संरचना को बरकरार रखते हुए किसी दूसरे की सामग्री में मामूली बदलाव करता है, तो उसे भी साहित्यिक चोरी माना जाता है। यह समस्या विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रचलित है, और दुर्भाग्य से, यह आज भी जारी है। साहित्यिक चोरी के कई रूप हैं, और यहाँ तक कि दोहराव को भी रचनात्मक चोरी के रूप में देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए, कई हिंदी लेखक होली या दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान विभिन्न प्रकाशनों में अपनी रचनाएँ पुनः प्रकाशित करते हैं। एक मजबूत समीक्षा संस्कृति की कमी ने साहित्यिक चोरी को साहित्य का एक परेशान करने वाला पहलू बना दिया है। आजकल, कोई भी किसी रचना को उसे बिना किसी जाँच के प्रकाशित करवा सकता है, जिससे ऐसी स्थिति बन जाती है जहाँ मूल लेखक ठगे रह जाते हैं। निजी पाठ्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध लेखकों की कृतियाँ लेना और उन्हें अपने नाम से प्रकाशित करना आम बात हो गई है। इस व्यवहार को खत्म करने के लिए केवल आलोचना ही अपर्याप्त लगती है। साहित्यिक चोरी सिर्फ़ नए लेखकों या प्रसिद्धि चाहने वालों की ही बैसाखी नहीं है; यहाँ तक कि स्थापित हिंदी लेखक भी दूसरों की रचनाओं में थोड़ा-बहुत बदलाव करके उन्हें अपना बता देते हैं। साहित्यिक चर्चाओं में साहित्यिक चोरी के कई उदाहरण सामने आए हैं, जिनमें कुछ लेखकों पर प्रसिद्ध पुस्तकों के अंशों को अपनी रचनाओं में शामिल करने का आरोप लगाया गया है, जिससे अंततः उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचा है। किसी अन्य लेखक के काम या विचारों का उपयोग करते समय, उचित श्रेय देना आवश्यक है। अपने स्वयं के विचारों और शैली को व्यक्त करके मौलिक लेखन को अपनाएँ, यह सुनिश्चित करें कि हिंदी साहित्य में नए दृष्टिकोण और रचनात्मकता पनपे। दूसरों के काम की अनजाने में नकल करने से बचें। हिंदी लेखकों को अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए अपनी रचनाओं के लिए कॉपीराइट सुरक्षित करना चाहिए। साहित्यिक नैतिकता को बनाए रखें, और लेखकों और पाठकों दोनों को मौलिकता की वकालत करते हुए साहित्यिक चोरी के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। साहित्यिक चोरी के खिलाफ लड़ाई में आलोचक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अफसोस की बात है कि प्रकाशन उद्योग में कई संपादक साहित्य की बारीकियों को पूरी तरह से नहीं समझ पाते हैं। ऐतिहासिक संदर्भ की समझ की यह कमी इस मुद्दे की विडंबना को और बढ़ा देती है। मौलिक साहित्यिक कृतियों का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन करने के लिए, स्तंभों या पत्रिकाओं के संपादक के रूप में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति के पास साहित्य में मजबूत आधार और ज्ञान होना चाहिए।

# ठीक नहीं है रूपए के प्रतीक चिह्न पर विवाद (सम-सामयिक मुद्दा)



सुनील कुमार महला

**क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग विषय पर विवाद के बीच अब तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भारतीय रुपये के चिह्न में बदलाव करते हुए इसे भी राजनीतिक विवाद का विषय बना दिया है, वास्तव में यह बहुत ही दुखद है। कहना ग़लत नहीं होगा कि राष्ट्रीय प्रतीक को बदलना अव्यावहारिक है। सच तो यह है कि यह कदम अनावश्यक और विभाजनकारी ही कहा जा सकता है।**

उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इस कदम को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधा है।पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने राज्य के अपने बजट लोगो में आधिकारिक भारतीय रुपये के चिह्न की जगह तमिल अक्षर का इस्तेमाल किया है। यह पहली बार हुआ है, जब किसी राज्य ने भारतीय मुद्रा रुपये के चिह्न में यह बदलाव किया है। वास्तव में,इससे पहले किसी भी राज्य की तरफ से इस तरह का कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के इस कदम को लेकर अब अनेक तरह के सवाल भी उठने लगे हैं। क्या यह दुखद नहीं है कि आज आधिकारिक कम्युनिकेशन(संचार) और डाक्यूमेंटेशन (दस्तावेजीकरण) में क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग एक विवाद का विषय बन गया है। भाषा को लेकर राजनीति की जानी, किसी भी लिहाज से ठीक नहीं कही जा सकती है। आखिर इससे बड़ी बात भला और क्या हो सकती है कि आज डीएमके स्थानीय भाषाओं पर हिंदी थोपने का आह्वान कर रहा है ? अब सवाल यह उठता है कि क्या तमिलनाडु सीएम ने भारतीय मुद्रा के प्रतीक चिह्न को लेकर जो कदम उठाए हैं, वे ठीक और जायज हैं अथवा क्या राज्य के पास(तमिलनाडु के पास) इस तरह रुपये के चिह्न में बदलाव करने का कोई अधिकार है ? सवाल है कि क्या देश भर में पिछले कई सालों से मान्य इस रुपये के चिह्न को राज्य सरकार बदल सकती है? हालांकि, यहां पाठकों को बताता चलूं कि केंद्र की तरफ से रुपये के चिह्न में बदलाव को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में साफतौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि तमिलनाडु सरकार की तरफ से यह कदम कानून का उल्लंघन है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय चिह्न की सूची में रुपये का चिह्न नहीं है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय चिह्न में बदलाव के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय चिह्न (दुरुपयोग की रोकथाम) एक्ट 2005 का निर्माण किया गया है। पाठकों को यहां बताता चलूं कि इस कानून को वर्ष 2007 में अपडेट या अद्यतन भी किया जा चुका है। एक्ट के सेक्शन 6(2)(एफ) में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि सरकार राष्ट्रीय प्रतीकों की डिजाइन में बदलाव कर सकती है। दूसरे शब्दों में कहें तो आवश्यकता समझे जाने की स्थिति में केंद्र सरकार के पास राष्ट्रीय चिह्न में कोई भी बदलाव किए जाने की शक्तियां निहित हैं। एक्ट के तहत सिर्फ राष्ट्रीय चिह्न के डिजाइन में ही बदलाव किया जा सकता है, लेकिन इसका पूरा डिजाइन नहीं बदला जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार केंद्र सरकार यदि चाहें तो वह पूरा का पूरा राष्ट्रीय प्रतीक भी बदल सकती है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय राष्ट्रीय चिह्न (दुरुपयोग की रोकथाम) एक्ट 2005 में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है, जो सरकार को ऐसे बदलाव करने से रोकता है। इस स्थिति में संबंधित कानून में संशोधन के बाद दोनों सदनों से पारित करवाकर पूरे राष्ट्रीय प्रतीक को भी बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 आधिकारिक भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है और तमिल उनमें से एक है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



कुलदीप सिंह आर्य
( निदेशक-क्यौरवेल डायग्नोस्टिक सेंटर )

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं क्योरवैल डायग्नोस्टिक सेंटर के निदेशक कुलदीप सिंह आर्य। 21 दिसंबर सन 1972 को अलवर के राजगढ़ में जन्मे कुलदीप सिंह शुरू से ही महत्वाकांक्षी और ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी रहे। आज क्योरवैल डायग्नोस्टिक सेंटर किसी परिचय का मोहताज नहीं है। चिकित्सकीय जाँच के क्षेत्र में अलवर की जनता को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाए देने वाले कुलदीप सिंह आर्य ने कक्षा 12 तक उन्होंने राजगढ़ से ही अपने शिक्षा ली इसके बाद राजस्थान के सबसे पहले फार्मेसी कॉलेज बीएन कॉलेज आफफार्मेसी उदयपुर में सन 1992 में 5 साल का फार्मेसी कोर्स किया उसके बाद सरकार की कम्पनी राजस्थान ड्रग फार्मा लि० में काम किया उसके बाद मेडिकेम व बायोटेक प्रोडक्ट्स की डिग्री ली उसके बाद एम फार्मा कर सन 2003 में अपनी खुद की डायग्नोस्टिक लैब किराए की एक छोटी सी दुकान से शुरु की। क्योरवेल डायग्नोस्टिक सेंटर एक छोटे से दुकान में इसकी शुरुआत की और उद्देश्य लोगों को ज्यादा से ज्यादा विश्वनीय व समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराना था। ऐसे में क्योरवेल डायग्नोस्टिक सेंटर ने ही अलवर में सबसे पहले थ्री टेस्ला एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन लगाई इसके बाद सन 2016 में सरकार के साथ एमओयू हुआ और 1०5 टेस्ला डिजिटल सिटी स्कैन साइलेंट गवर्मेन्ट अस्पताल में लगाया जहां आज पूरे सफलतम 8 साल का सफर तय कर चुके हैं। अपने कार्यक्षेत्र को विस्तार करते हुए सबसे बड़ा सेंटर लखंडा वाला कुआं, उसके बाद काला कुआं फिर अग्रसेन सर्किल और अब अपना घर शालीमार में ब्रांच खोली हुई है। इसके अलावा सभी बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल में क्योरवेल डायग्नोस्टिक सेंटर की लैब से ही लोगों की जांच हो रही है। अलवर की पहली एनएबीएल राष्ट्रीय मानक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त सेंटर है किसी और केंद्र को एनएबीएल का सर्टिफिकेट नहीं मिला है । एनएबीएल मतलब ष्राष्ट्रीय प्रयोगशाला मान्यता बोर्ड है। यह एक स्वायत्त संगठन है जो भारत में प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान करता है। एनएबीएल का मुख्य उद्देश्य प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता और प्रदर्शन को सुनिश्चित करना है। यह अलवर की पहली लैब है इसके साथ ही आरजीएचएस सुविधा के आधार पर भी क्योरवेल डायग्नोस्टिक सेंटर को ही मान्यता दी गई है । इसके साथ ही ईएसआई मेडिकल कॉलेज की विशेष जांचों की मान्यता भी क्योरवेल डायग्नोस्टिक सेंटर को मिली हुई है विश्वास का दूसरा नाम क्योरवेल है। क्योरवेल डायग्नोस्टिक सेंटर के निदेशक कुलदीप सिंह आर्य ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट था इसलिए 2016 में सरकार के साथ एमओयू किया गया था इसके बाद लोगों को जो लोग जांचों के लिए दिल्ली या जयपुर जाकर परेशान होते थे उन्हें अलवर के सामान्य चिकित्सालय में ही यह जांच उपलब्ध हो रही है। वह भी बहुत रियायती दरों पर। इस बात में कहीं कोई संदेह नहीं केवल डायग्नोस्टिक सेंटर ने अपना नाम अपनी कार्यशैली और अपना कार्य क्षेत्र काफी तेजी से बढ़ाया है दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम केवल डायग्नोस्टिक सेंटर के निदेशक कुलदीप सिंह आर्य के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_072 | बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | | | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | | |
| | | | | 4 | | | | 9 |
| | 3 | 8 | 5 | | 4 | 6 | | |
| | | 9 | | | 8 | 4 | 3 | |
| 2 | 4 | | | | 6 | | | 1 |
| 3 | 8 | | | 6 | | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 2 | | | 8 | 5 | 1 | 6 | 3 |
| 6 | | | 2 | | 1 | 9 | 7 | 8 |

### Ans_2025_071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
संतान के लिए चिंता रह सकती है। मैरिड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। पार्टनरशिप के काम में लाभ मिलेगा। आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा।

**वृष**
आर्थिक दृष्टि से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक परिस्थिति में भी सुधार दिखेगा। परिवार के साथ हंसी-खुशी में दिन बीतेगा। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा। संतान के विषय में चिंता सताएगी।

**मिथुन**
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। परिवार में भी आनंद का वातावरण रहेगा, परंतु दोपहर के बाद स्थितियां बदलेंगी। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी।

**कर्क**
शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पूंजी निवेश करने वालों को चाहिए कि वे सावधानीपूर्वक पूंजी निवेश करें। नए कार्यों को प्रारंभ कर सकेंगे। आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे।

**सिंह**
परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। आज खर्च अधिक न हो, इस पर नियंत्रण रखें। हालांकि, दोपहर बाद किसी निवेश में ध्यान से पैसा लगाएं। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

**कन्या**
व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। सामाजिक दृष्टिकोण से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। धन के निवेश के लिए समय अनुकूल है। परिवार में संतान और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा।

**तुला**
किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। वाणी में संयम रखना होगा अन्यथा किसी से विवाद हो सकता है। ईश्वर का ध्यान और आध्यात्मिक विचार मन को शांति देंगे। आज आपका शारीरिक और मानसिक सेहत अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**
आज आपको धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों में दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें। किसी बात को लेकर उलझन में रह सकते हैं। दोपहर के बाद आपकी समस्या सुलझने लगेगी।

**धनु**
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। संतान के साथ मतभेद हो सकता है। दोपहर के बाद घर, कार्यालय या व्यापार स्थल पर अधिकारियों या सहयोगियों का व्यवहार नकारात्मक होगा।

**मकर**
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें। स्वजनों, स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। आपका मानभंग होने का प्रसंग न बनें, इसका ध्यान रखें।

**कुंभ**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मीन**
स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आपका मन खुश रहेगा। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## 245 आवेदन पत्र जारी : प्रवेश आवेदन प्रस्तुत करने की आज रहेगी अन्तिम तिथि

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** सदरपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल (अंग्रेजी) माध्यम में प्रवेश के लिए सोमवार 17 मार्च को प्रवेश आवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य हंसराज जाट ने बताया कि अब तक 245 अभिभावक प्रवेश के लिए आवेदन प्राप्त कर चुके हैं। सोमवार को प्रवेश आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रहेगी। जाट ने बताया कि कक्षा 9 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 19 मार्च को होगा। वहीं कक्षा 1 से 8 तक का प्रवेश 21 मार्च को विभागीय नियमानुसार लाटरी प्रणाली द्वारा किया जाएगा। शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि ब्लाक स्तरीय अंग्रेजी माध्यम के मॉडल स्कूल ने न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में अपितु खेल व अन्य सह शैक्षिक गतिविधियो में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान कायम की है। यही कारण है कि आज माडल स्कूल में प्रवेश के लिए अभिभावक जोर लगाकर प्रयास कर रहे हैं।

## अंबेडकर जयन्ती को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** बस स्टेण्ड स्थित बैरवा धर्मशाला में रविवार को डीआर किशनलाल बैरवा की अध्यक्षता में अम्बेडकर विचार मंच की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। मंच अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा ने बताया कि बैठक में आगामी 14 अप्रेल को बाबा साहब भीमराम अम्बेडकर की 134वीं जयन्ती को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें जयन्ती धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समारोह कार्यक्रम संयोजक रामजीलाल बैरवा, सह सह संयोजक नोरतमल वर्मा, वाहन रैली संयोजक उमाशंकर ठागरिया, सह संयोजक शशि गोयर, मीडिया प्रभारी नरेन्द्र फुलवारिया को मनोनीत किया गया। बैठक में बाबूलाल बेरवा, शशिपाल झारोटिया, पदमचन्द सांटीवाल, राजेश टाटावत, यश बैरवा, अमित वर्मा, अब्दुल रऊफ, रविराय परसोया, लालचन्द उचैनिया, गणेश बैरवा अन्य कई सदस्य मौजुद रहे।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार, चोरी की गई प्लेटे व वारदात में प्रयोग वाहन जब्त



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** दतवास थाना पुलिस ने चोरी के प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुराई गई लोहे की प्लेटों को बरामद किया है। थानाधिकारी कालूराम मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत दतवास प्रशासक सुवालाल महावर निवासी दतवास ने मामला दर्ज करवाया था कि ग्राम पंचायत दतवास में आए दिन चोरी की वारदाताएं हो रही है। उन्होंने बताया कि 4 मार्च की पूर्व रात्रि को नाली निर्माण के लिए रखी गई प्लेटे को चुराकर ले गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी धर्मेद्र उर्फ जीतू पुत्र मूलचन्द मीणा निवासी नला वाली ढाणी समेल थाना झांपदा जिला दौसा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरी की गई प्लेटों को बरामद किया गया और चोरी में उपयोग लिया गया वाहन पिकअप जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

# देवली में सरकारी गैर सरकारी चिकित्सकों ने एक साथ मिलकर होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया

- कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों ने स्थानीय आई एम ए की नई कार्यकारणी का गठन भी किया
- चिकित्सक संगठन आई एम ए के अध्यक्ष बने डॉ राजेश जैन और जनरल सेक्रेटरी बनी डॉ आरती शर्मा

बढ़ता राजस्थान




**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शनिवार को यहां सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सकों ने एक साथ मिलकर होली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर देवली के डॉक्टर परिवारो ने होली मिलन समाहरोह कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर शिरकत की । इस मौके पर शहर के सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सकों ने अपने संगठन आई एम ए की नई कार्यकारणी का गठन भी किया ।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डॉ जैन ने संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ राजेश जैन को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की जिमेदारी सोपी। इसी प्रकार संगठन के पूर्व जनरल सेक्रेटरी डॉ गौरव व्यास ने भी नवनिर्वाचित जनरल सेक्रेटरी डॉ आरती शर्मा को बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने हेतु शुभकामना भेंट कि । उल्लेखनीय है कि डॉ आरती शर्मा (आई एम ए ) देवली ब्रांच की पहली महिला सेक्रेटरी बनी है। साथ ही आई एम ए संगठन देवली ब्रांच की प्रथम महिला ऑफिसर के पद पर नियुक्त है। इस मौके पर डॉक्टर आरती शर्मा ने संगठन को भरोसा दिलाया कि वह अपनी मेहनत और लगन से आई एम ए संगठन देवली ब्रांच को और मजबूत बनाने के लिए सदा प्रयासरत रहेगी। तो वही संगठन में महिला चिकित्सकों को बराबर सम्मान दिलाए जाने की भूमिका में बनी रही थी। और आगे भी बनी रहेगी। इस मौके पर डॉ गौरव व्यास ने जानकारी में बताया कि संगठन की नई कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष पद पर डॉ सुनिल मीणा को नियुक्त किया गया है। चिकित्सकों के होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शहर के सीनियर चिकित्सकों ने नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयो को शुभकामनाएं भेंट करते हुए कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर मेडिकल क्षेत्र में आने वाली सभी समस्यायो से धैर्यपूर्वक मिलकर सामना करने के लिए सक्रिय बना रहना होगा। इस मौके पर राजकीय चिकित्सा प्रभारी

डॉ राजकुमार गुप्ता में सरकारी और निजी क्षेत्र के सभी डॉक्टर्स को मिलकर अच्छा काम करने में आने वाली समस्याओ का समाधान हेतु उपाय बताये। तो वहीं होली मिलन समारोह कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र गुप्ता, डॉ सुधीर माथुर, डॉ सुमन माथुर,डॉ नइम अख्तर,डॉ आनंद मीणा, डॉ सरिता मीणा, डॉ एस एस लाठी,डॉ डी डी गुप्ता एवं एसोसिएशन के सभी डॉक्टर्स ने एक दूसरे के साथ होली खेल कर आपस में गुलाल लगाकर स्नेह भोज का पूर्ण आनंद लिया। इसके पश्चात होली मिलन समारोह कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राजपूत समाज ने किया जलदाय मंत्री का अभिनन्दन






बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** श्री राजपूत सभा मालपुरा के तत्वावधान में सभाध्यक्ष धनसिंह राजावत के नेतृत्व में मौजुद राजपूत सरदारो ने प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का समाज की ओर से अभिनन्दन कर समाज की मुख्य समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कर इनके निराकरण की मांग रखी।

राजावत ने बताया कि राजपूत समाज मालपुरा की ओर से प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी का समाज की ओर से दुपट्टा भेंट कर, मालाऐं पहना कर व साफा बंधा कर तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया जाकर समाज की मुख्य समस्याओं से अवगत करवा कर इनके शीघ्र समाधान करवाने की मांग रखी। इस दौरान शेरसिंह राजावत, भवानीसिंह, चावंडसिंह, गोपाल सिंह, लोकेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य कई राजपूत सरदार मौजुद रहे।

**जलदाय मंत्री ने 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम का किया शिलान्यास :-** कार्यालय मंत्री एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने रविवार को टोडारायसिंह क्षैत्र पथराजकलां ग्राम में ग्राम सेवा सहकारी समिति द्वारा 500 मैट्रिक टन क्षमता के गोदाम का शिलान्यास किया। इससे पहले जलदाय मंत्री चौधरी के शिलान्यास स्थल पहुंचने पर ग्रामीणो व सहकारी समिति के अधिकारियो, पदाधिकारियो व सदस्यो ने अगवानी कर जोरदार स्वागत किया।

### जलदाय मंत्री आज रहेगें क्षैत्र के दौरे पर

प्रदेश के जलदाय मंत्री के विशिष्ट सहायक आरएएस शंकरलाल सैनी ने चौधरी के भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी 17 मार्च सोमवार को दोपहर 2 बजे अपने ज्योति नगर जयपुर स्थित आवास से राजकीय वाहन से रवाना होकर 3 बजे क्षैत्र के सीतारामपुरा, 4 बजे सोड़ाबावड़ी, 5 बजे सोड़ा व 6 बजे जयसिंहपुरा में जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लेकर ग्रामीणो के जनअभाव अभियोग सुनेगें। वहीं इसके पश्चात जलदाय मंत्री रात्रि विश्राम टोडारायसिंह स्थित अपने नीजि आवास पर करेगें।

## सरकारी योजनाओं का आमजन तक पहुंचाने का आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर , समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में जिला विधिक चेतना समिति की बैठक आयोजित हुई। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बैठक में उपस्थित जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों द्वारा समिति के गठन के पश्चात किए गए कार्यों के बारे में विचार-विमर्श किया गया । साथ ही समिति के सदस्यों को उनके अन्य कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों का दायित्व न केवल वृद्धाश्रमों, बालगृहों, मेंटल होम्स आदि का विजिट करना है, अपितु बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं निशक्तजनों की हर प्रकार की सहायता करना तथा नालसा-रालसा योजनाओं सहित अन्य सरकारी योजनाओं के संबंध में आमजन में जागरूकता फैलाना भी है। इस दौरान सचिव ने उपस्थित सदस्यों को विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों विशेषकर महिलाओं, बालकों, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों में संविधान और सामाजिक कल्याण कानूनो एवं अधिनियमों, उनके अधिकारों, निशुल्क विधिक सहायता, नालसा एवं रालसा योजनाओं, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना के साथ-साथ समाज के ज्वलंत मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने एवं उनके कल्याण के लिए ग्राम, ब्लॉक और जिला स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभागों के सहयोग से विचार गोष्ठियों व विशेष जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि विशेष वर्गों के संबंध में किसी भी प्रकार की विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 8306002136 पर संपर्क भी किया जा सकता है ।

उन्होंने बताया कि जिला विधिक चेतना समिति द्वारा जिले में सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु आमजन के सहयोग से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की जाएगी , जिसके तहत जिले के समस्त वार्डों के निवासी अपने-अपने वार्ड एवं क्षेत्र में फैली गंदगी की जानकारी फोटो, वीडियो एवं लोकेशन सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के हेल्पलाइन नंबर 8306002136 एवं जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य के मोबाइल नंबर 9928052412 पर व्हाट्सएप्प के माध्यम से शेयर कर सकेंगे।

## जाट समाज के 22वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए 101 जोड़ो का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के डिग्गी स्थित जाट धर्मशाला में रविवार को जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह दगोलिया की अध्यक्षता में 22वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित हुई। समिति प्रवक्ता मुकेश खादवाल ने बताया कि समिति के तत्वावधान में 1 मई को जाट समाज की ओर से 22 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में समाज के इस विशाल आयोजन को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस सम्मेलन के लिए 101 जोड़ो के पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य जिले व जिले के बाहर के समाजबंधुओं से सम्पर्क कर विवाह लायक बालक बालिकाओं का विवाह सम्मेलन में करने के लिए तैयार करेगें। इसके लिए तहसील वाईज जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सम्मेलन को लेकर जारी प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण भी किया गया। साथ ही सहयोग राशि एकत्रित करने के लिए रसीद बुको का वितरण भी किया गया। बैठक में संयोजक रामलाल बगड़िया, पूर्व अध्यक्ष छीतरलाल ताखर, जगदीश टांडी, उपाध्यक्ष किशनलाल लांबा, सुरेन्द्र बेनीवाल, लालचन्द, श्रीलाल सांडीवाल, कोषाध्यक्ष चौथमल नागा, महामंत्री रामकरण बुगालिया, मंत्री रामकिशन मुडवाडिया, प्रचार मंत्री रामधन नासणां, सह प्रचार मंत्री रामधन जावल्या, सह संयोजक गोपाल लाल मुवाल, बजरंगलाल सरूड़िया, हनुमान पराणा, केप्टन धन्नालाल, गढ़वाल, रामलाल बुरडक, सत्यनारायण नुक्कड़, केप्टन रामावतार डारड़ा, बदीलाल दगोलिया, पूरण कौथूण सहित अन्य कई प्रबुद्धजन मौजुद रहे।

## निवाई में दर्जनों गायक कलाकारों ने भजनों में छटा बिखेरी, भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** आचार्य विद्यासागर वर्ष महोत्सव पर बसंत विहार कालोनी में संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं जैन भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सुपार्श्वनाथ एवं महावीर स्वामीजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य रतनदेवी पाटनी, राजेन्द्र कुमार, रमेश चन्द पाटनी एवं महावीर अजमेरा को मिला। जैन समाज के प्रवक्ता राकेश संघी एवं हितेश छाबडा ने बताया कि भजन संध्या की शुरुआत गायक सोभागमल सोगानी एवं गायक विमल जौंला ने संगीतमय णमोकार महामंत्र की प्रस्तुतियां देकर की। जिसमे नवग्रह जिनके रहे पक्ष में जो जपले नो बार णमोकार णमोकार, मुख्य गायक कलाकार महेश दरगड़ एवं गायक रमेश सोनी ने रविन्द्र जैन की तर्ज पर पहली बार तुमसे लागी लगन ले लो अपनी शरण पारस प्यारा, पारस प्यारा लागे चंवलेश्वर प्यारा लागे सहित कई भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और बाबा पारस के दरबार में सभी ने भक्ति नृत्य किया। गायक अक्षत जैन टोंक ने दरबार पारस का ऐसो सजो थारो दयालु आप को, गायक विमल जौंला ने में पूंछू सुपार्श्वनाथ से मेरे घर कब आओगे, गायक ज्ञानचंद सोगानी ने में ठहरा नादान प्रभु जी तुम हो दया निधान, गायक विमल बड़ागांव ने भव दुख हरता मंगल करता रोग शोक दारिद्र के हरता, गायक विमल सोगानी ने भला किसी का कर ना सको तो बुरा किसी का मत करना, फूल अगर नहीं बन सकते तो काटा बनकर ना रहना, गायक राजेन्द्र पाटनी ने हर साल शिखरजी में मेरी एक हाजिरी हो मुझे वहीं रोक लेना जब सांस आखिरी हो, गायक अजीत काला ने चिंता मेटो जी चिंतामणि पारसनाथ, गायिका मधु जैन अजमेर ने चिट्ठी न कोई संदेश कहां तुम चले गए सहित कई गायक कलाकारों ने भजनों की छटा बिखेरी। कार्यक्रम का संचालन संजू जौंला ने किया। जैन भजन संध्या कार्यक्रम का मंगलाचरण आशा जैन, संतोष जैन, संजू जैन, निशा जैन, ममता जैन, रश्मि जैन व दीपा जैन ने किया। इस अवसर पर न्यायिक सेवा में चयनित जज सुश्री मेधा जैन, विज्ञातीर्थ अध्यक्ष सुनिल भाणजा, निखिल जैन , पदमचंद जैन, चंद्रप्रकाश जैन, मूलचंद पांडया, चेतन गंगवाल, अखिल कटारिया, त्रिलोक सिरस, कमल सोगानी, त्रिलोक रजवास, संजय सोगानी, महेन्द्र चंवरिया, प्रेमचंद सोगानी, त्रिलोक पांडया, अशोक बिलाला, राजेश जौंला, बंटी कठमाणा, अभय सोगानी, कमल जैन, नरेंद्र सोगानी व रवि जैन सहित कई लोग मौजूद थे।



## कलश यात्रा के साथ हुआ भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के जयपुर रोड पर हाऊसिंग बोर्ड रोड पर सन्मति नगर के शिव मन्दिर में 22 मार्च तक चलने वाले श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। रविवार को कथा वाचक पूज्यनीय नन्दनी जी महाराज के पावन सानिंध्य में विशाल एवं भव्य कलश यात्रा का जुलुस निकाला गया। आयोजक सन्मती नगर कालोनी वासियो की ओर से जयनारायण जाट ने बताया कि शिव मन्दिर में 22 मार्च तक दोपहर 12 से सायंकाल 4 बजे तक व्यासपीठ से श्री धाम वृन्दावन की परम पूज्यनीय नन्दनी जी महाराज द्वारा सुभाष बृजवासी के संगीत संयोजन में कथा पुराण प्रस्तुत करेगी। जाट ने बताया कि 22 मार्च को कथा के समापन के बाद 23 मार्च हवन व पूर्णाहुति होगी।

## दिनदहाड़े महिला की गला रेत कर हत्या



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** सूरवाल थाना क्षेत्र के जटवाड़ा कलां गांव में विगत दिनों दिनदहाड़े एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। खून से लथपथ महिला खेत से चलकर आम रास्ते पर पहुंचकर बेहोश होकर गिर पड़ी। लहूलुहान हालत में लोगों ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जयपुर रैफर कर दिया लेकिन महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

सूरवाल थानाधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि मृतका रामपति (60) पत्नी कैलाश मीणा है। वह गुरुवार दोपहर को अपने अमरूद के बगीचे में चारा लेने गई थी। इस दौरान अज्ञात लोगों ने दरांती से उसका गला काट दिया। लोगों ने महिला को लहुलुहान हालत में देखा तो जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस कारण जानने में जुटी है।

**लूट के इरादे से नहीं की हत्या :** थानाधिकारी ने बताया कि महिला विधवा थी और उसने गहने पहने हुए थे, लेकिन हत्या के बाद भी महिला के शरीर पर गहने थे। ऐसे में लूट के इरादे से भी हत्या नहीं की है। महिला के 3 लडक़े व 3 लड़किया हैं। हत्या के बाद से अज्ञात लोग फरार है। इस संबंध में महिला के बच्चों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृत महिला के परिवार को 10 लाख रुपए का मुआवजा एवं एक व्यक्ति को संविदा पर नौकरी देने की मांग की। घटना की गंभीरता को लेकर पुलिस साक्ष्य जुटकार हत्यारों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## महिलाओं ने भाई की लंबी उम्र की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शहर में रविवार को बहिनों ने भाई दोज का त्यौंहार मनाया। सुबह स्नानादि के बाद महिलाओं ने समूह के रूप बैठकर गाय के गोबर से दोज माता का बनाई। इसके बाद रोली, मोली चावल सहित अन्य सामग्री से विधि विधान से पूजा की। इस अवसर पर बुजुर्ग महिलाओं ने दोज माता की कथा सुनाई। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए। पूजा के बाद महिलाओं ने दोज माता की सामूहिक आरती की। इसके बाद महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया।

पूजा समाप्ति के बाद बहिनों ने अपने भाई के टीका लगाकर व मिठाई खिला कर उसकी लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर भाईयों ने भी अपनी बहिनों को उपहार प्रदान किए।

# उस अंतह : कर्ण की खोज अद्भुत आनंद रस की प्राप्ति



अपने अंतह:कर्ण की खोज करो उस अद्भुत आनंद का रस ग्रहण करके देखो। लोग कहते हैं और वास्तव में जो सुख है वो आखिर है कहां तो संत ज्ञानजी महाराज ने कहा कि अंतह:करण में झांक कर देखा तो जरा कितना सुख है कितना आनन्द है। एक बार एक रेगिस्तान में एक प्यासा व्यक्ति फस सा गया भीषण गर्मी में चलते चलते,उसका कंठ सूख रहा था दूर-दूर तक कोई पानी की एक बूंद भी दिखाई नहीं पड़ रही थी जहां नजर दौड़ाओं रेगिस्तान के टीबे नजर आ रहे थे। इतने में एक व्यक्ति आया उसने चलते चलते एक कंकड़ उछाला जोकि पास ही एक सरोवर में जाकर गिरा जिस पर काई छाई हुई थी। काई के कारण सरोवर का जल उस प्यासे व्यक्ति को नजर नहीं आया। प्यासा व्यक्ति बिल्कुल सरोवर के तट पर खड़ा है सरोवर बगल में है और नजर रेगिस्तान की ओर है। वह बीच में खड़ा है उसको बहुत जोर से प्यास लगी है। दूसरे व्यक्ति के कंकड मारने से जल हिला तो प्यासा व्यक्ति दौड़कर गया और सरोवर से काई हटाई और शीतल जल पीने लगा। उसे तृप्ति हो गई,उसे आनन्द मिल गया,उसकी तृष्णा आनन्द में तबदील हो गई। उसने उस व्यक्ति का धन्यवाद दिया कि उसने कंकड़ मार कर जल दिखा दिया। लेकिन कंकड़ मारने वाले ने कहा कि ये कंकड़ तुम भी मार सकते थे पर ज्ञान ही नहीं था इसलिए प्यासे मरे जा रहे थे। मित्रों हमारे प्राचीन ऋषिमुनि और संत किसी ना किसी कथा या प्रवचन के माध्यम से हमें अनेकों संदेश दे ही देते हैं। अब इस कथामृत में ही देख लो ज्ञानजी महाराज ने संदेश दिया है कि ईश्वर सच में आनन्दसिंधु हैं,ईश्वर सच में परमानन्द हैं लेकिन हम इस जीवन रूपी रेगिस्तान में भटक रहे हैं,कंठ सूख रहे हैं हमारी माया,मोह व कामना रूपी प्यास के कारण उसी रेगिस्तान में जहां हम खड़े हैं वहीं सरोवर रूपी ईश्वर हैं उस सरोवर में काई रूपी हमारा अहंकार,छल व कपट छाया हुआ है शायद इसलिए ईश्वर रूपी जल दिखाई नहीं दे रहा लेकिन कोई कृष्ण नाम का-राम भजन का कंकड़ मारकर उस काई को हटा कर जल दिखा देता है ये कोई ओर नहीं बल्कि ज्ञान है और जीवन के थपेड़े खाते हुए थक जाने पर उस जल रूपी ईश्वर को ग्रहण करते ही हम आनन्दित हो उठते हैं।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,**
**अलवर संस्करण**

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ईकाई पावटा का भव्य कवि सम्मेलन आयोजित

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम पर प्रस्तुत रचना से पाण्डाल जय श्रीराम के नारों से गूंजा

बढ़ता राजस्थान




**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ईकाई पावटा का भव्य कवि सम्मेलन क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आथित्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड संघ चालक डॉ. किशन लाल शर्मा कि अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जबकि मंच संचालन कवि कमलकान्त शर्मा ने किया। इस मौके पर कवि गिरिराज शास्त्री ने अपनी मधुर आवाज में विद्या की देवी मां सरस्वती की वंदना गाकर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कवि सम्मेलन को अग्रसर करते हुए समारोह के विशिष्ट अतिथि अ.भा.सा.प. जयपुर प्रांत के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश भार्गव सरस व डॉ. रमाकान्त सुमन, गिरधारी सिंह गिरधर, गुरुदयाल भारती, धूड़ाराम पदम, कल्याण गुर्जर कल्याण, कन्हैया लाल भ्रमर, धर्मराज धर्म, महावीर शर्मा, शिवम शर्मा विशेष, नरेश जांगिड़ जिज्ञासु, कंचन वर्मा, डॉ. सरोज यादव, भवानी सिंह भूधर, प्रकाश प्रियम, कवि सुरेन्द्र, समीर कुम्भकार आदि ने दोहे, गीत, गजल, छन्द, मनोहर कविताओं की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। वहीं कवि मुकुन्द माधव ने मेरे बिखरे से जीवन को खूब संवारा करती माँ, कितनी भी हो दुख्ख तकलीफे कहाँ किनारा करती माँ, जैसी मार्मिक कविता सुनाकर श्रोताओं को आत्मविभोर कर किया। कवि नवनीत गौड़ ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम पर अपनी सुन्दर रचना प्रस्तुत दी जिससे पाण्डाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इस दौरान पुरूषोत्तम कृष्ण मिश्रा, संघ के कोटपूतली जिला प्रचारक कुलदीप कुमार, विद्या भारती के पूर्व प्रान्तीय सचिव अशोक कुमार पारीक, महेश पारीक, जिला पर्यावरण प्रमुख रामसिंह धनकड़, खण्ड कार्यवाह रघु मिश्रा, बौद्धिक प्रमुख मनीष सैन, शीशराम जाट, अंकित गौड़, महेश थानेदार, श्रीकांत मिश्रा, सहखण्ड कार्यवाह गोवर्धन प्रजापति, भविष्य शर्मा, विमलेश शर्मा, चेतन शर्मा सहित बड़ी संख्या में काव्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# राजस्थान मेघवाल समाज संस्था जिला अलवर की बैठक सम्पन्न दिनांक 12 मई 2025 बुद्ध पूर्णिमा को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** राजस्थान मेघवाल समाज संस्था जिला अलवर की बैठक आज दिनांक 16 मार्च 2025 रविवार को स्वरूप विलास गार्डन, नजदीक मोती डूंगरी में बद्रीप्रसाद सुरेला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही डॉ महेश गोठवाल महासचिव ने तथा आय व्यय का विवरण कोषाध्यक्ष थावरमल ने प्रस्तुत किया जिसकी सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी। बैठक में सामुहिक विवाह सम्मेलन 12 मई 2025 को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में ज्योतिबा फुले जयंती और डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सामाजिक कुरीतियों के निवारण और मेघवाल समाज पर बढ़ते अत्याचारों को रोकने के उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने एक दूसरे के चन्दन का तिलक लगाकरए एक दूसरे पर फूलों की बरसा कर हर्षोल्लास से होली मनाई। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष निहाल सिंह, किशोरसिंह गोरा, रामचन्द्र वर्मा, जीपी वर्मा, सूरजभान मेहरा, भगत सिंह रांघेरा, एडवोकेट कालूराम बलाई, शिवलाल गौतम आदि ने विचार व्यक्त किये।

बैठक में नीमराना ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल चर्खिया, लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम कुमार वर्मा, राजगढ़ ब्लाक अध्यक्ष बनवारी लाल, राजेंद्र कुमार, किशोर कुमार, मनोहर लाल सांवरिया, हरचंद, जगदीश प्रसाद लवानिया, नारायण, मनोहर लाल गोरा, छैलूराम गोठवाल, लालचंद तसिंग, नरेंद्र कुमार, सतवीर सिंह, विकास कुमार गोठवाल, राजेश गोठवाल आदि अनेक मेघवाल समाज के सदस्यो ने भाग लिया। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन संस्था के महासचिव डॉ महेश गोठवाल ने किया।

# सैनी समाज की हुई बैठक विभिन्न मुद्दों को लेकर की गई चर्चा




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** रविवार को सैनी समाज जागृति मंच चतरपुरा द्वारा सैनी समाज जागृति मंच होली मिलन समारोह तथा आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक में समाज में व्याप्त बुराइयों पर चर्चा की गई और समाज में युवा वर्ग नशाखोरी की लत की ओर अग्रसर हो रहा है इस पर भी गहन चर्चा की गई। बालिका शिक्षा तथा बालिका सुरक्षा पर भी गहन चिंतन कर बालिका शिक्षा में उत्पन्न विघन पर चर्चा की गई। गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई का जिम्मेदारी भी सैनी जागृति मंच चतरपुरा ने लिया। इस अवसर पर सैनी जागृति मंच चतरपुरा के अध्यक्ष फूलचंद सैनी सचिव, बुद्धाराम सैनी,कोषाध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, मीडिया प्रभारी बबलू सैनी,सुभाष चंद्र सैनी,देशराज सैनी,मदनलाल सैनी,पप्पू,सुखराम जीवन सैनी हरी राम सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर मनाई होली



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के समीपवर्ती गोठ गांव में स्थित जी एस पब्लिक स्कूल में होली पर्व बड़ी धुमधाम से मनाया गया। स्कूल के निदेशक महेंन्द्र कुमार मीना ने बताया कि स्कूल के बच्चों को इस मौके पर होली पर्व क्यों मनाया जाता है तथा इसकी क्या मान्यता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा तरह-तरह के रंगों से विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई गयी।इस मौके पर स्कूल स्टाफ रत्तीराम, वंशिका,दुर्गा,कमलेश,धनबाई,हिमानी, भूपेश, नन्दकिशोर शर्मा, मुकेश पण्डा आदि मौजूद रहें।

# पुत्र एवं पुत्री ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे मकान म. न. बी-77 बुद्ध विहार निवासी श्री रामबाबू गुप्ता जी (रिटायर्ड पंजाब नेशनल बैंक अलवर) की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता गुप्ता (हरसोरिया परिवार)के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया कि श्रीमती अनीता गुप्ता के निधन के पश्चात उनके पति श्री रामबाबू गुप्ता ने अपने मित्र श्री बजरंग लाल गुप्ता जी एवं प्रहलाद अग्रवाल जी को अपनी पत्नी के नेत्रदान करवाने के लिए कहा। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र नितेश, अंशुल गोयल एवं पुत्री आकांक्षा बंसल ने अपनी माताजी की अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है।

इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी । उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

# आंखों के लिए किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी ऑई हॉस्पिटल एवं रिलैक्सो फाउंडेशन के सौजन्य से रविवार को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 11.00 तक एक जागरूकता सभा का आयोजन किया गया ग्राम मसीत आश्रम में सभी गांव वालों को एकत्रित करके ग्लूकोमा वीक के उपलक्ष में सभी को आंखों में होने वाले काला मोतिया जिसमें लोगों को कालामोतिया से होने वाले नुक्सान एवं इसके इलाज एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ व टीम ने आमजन को विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया यह जानकारी डॉ श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर के समुंदर सिंह ने दी।

## महिलाओं की सामूहिक 16 दिन गणगौर पूजा की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी(नि.स.)। चैत्र मास की शुरुआत के साथ राजस्थान में गणगौर पर्व की शुरुआत हो गई है। हिंडौन सिटी में रविवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर की पूजा-अर्चना की एसडीम कोर्ट के सामने महिलाएं सिर पर जल से भरे कलश और दूब लेकर पूजन स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने भंवर पूजन और गण गौर के भजन गाते हुए विधिवत पूजा कीपूजन में शामिल ज्योति सहारिया ने बताया कि गणगौर पर्व 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं और बालिकाएं सज-धजकर पूजा करती हैं। यह पूजा घरों और बगीचों में सामूहिक रूप से की जाती है।कार्यक्रम में ज्योति, पिंकी, रेणु, साबिता, बबीता, बुलबुल, वीणा, सुमन, रेणु, खुशबू, विरमासहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 23 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)। नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन की ओर से 23 मार्च रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कस्बे के मेला का चौराहा स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित होगा। नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन के दिनेश कुमार सैनी व यादराम मीना ने बताया कि रक्तदान शिविर में प्रात: 9 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। रक्तदान शिविर में रक्तवीरों का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

## धूमधाम से मना होली का पर्व

बढ़ता राजस्थान

**पावटा(सुशील कुमार बंसल)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में होली का पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी धुलण्डी के पर्व पर क्षेत्रवासियों ने धूमधाम से होली खेली। आमजन ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनायें देते हुये सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व शुक्रवार रात्रि प्रागपुरा कस्बे के अम्बेडकर नगर स्थित जलदाय विभाग कार्यालय के पास होली चौक में सम्पूर्ण ग्रामवासियों की ओर से सामूहिक होली जलाई गई। वहीं पावटा तहसील क्षेत्र के विभिन्न वार्डो व मौहल्लों समेत आसपास के गांवों में भी होलिका दहन हर्षोल्लास के साथ किया गया। स्थानीय कस्बे के मुख्य बाजार होली चौक पावटा पर भी वेद मंत्रोच्चार के साथ होली जलाई गई। दो दिनों तक होली के पर्व को ध्यान में रखते हुये कस्बे में थाना पुलिस समेत होमगार्ड के जवानों की तैनाती की गई। थानाधिकारी किरण सिंह मय जाप्ते के नगर के मुख्य मार्गो पर गश्त करते नजर आये।

## शांति कुंज के यूआईटी पार्क में माली को हटा दिया, ज्ञापन देंगे आज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शांति कुंज के शिव मंदिर पार्क में बीते 20 सालों से यूआईटी की ओर से माली की व्यवस्था की गई थी जिसे अब हटा दिया गया है। इस बाबत सोमवार को यहां की समिति न्यास सचिव को ज्ञापन देगी। अध्यक्ष कपिल जैन व सचिव पुष्पेन्द्र गुर्जर ने बताया कि शिव मंदिर पार्क शांति कुंज में 20 वर्षों से यूआईटी की ओर से माली चला आ रहा था। अब कई माह से यहां माली की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे पार्क की व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। इसके कारण यहां पौधों की देखभाल करना मुश्किल हो रहा है। इस पार्क को संवारने व संभालने के लिए माली की व्यवस्था की जाए। इस पार्क में झूले और सभी खेल के आइटम टूट गए हैं जिससे बच्चों को चोट तक लग रही है। शांति कुंज में आदर्श शिव मंदिर पार्क में माली की व्यवस्था तत्काल की जाए। यहां झूले व अन्य खेल उपकरण बदले जाए। यहां की लाइटें पूरी तरह सही करवाई जाए और यहां 24 घंटे गार्ड का इंतजाम किया जाए।

## बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कलाकारों ने मनाया होली मिलन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजर्षि अभयसमाज के विशाल प्रांगण में कलाकारों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा एवं महानिदेशक मनोज कुमार गोयल तथा कार्यकारिणी के पदाधिकारी कलाकार सदस्य कलाकार एवं स्वयंसेवक तथा बाल कलाकारों ने मिलजुल कर बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में इत्र और फूलों से होली खेली। कार्यक्रम का आरंभ संस्था के संगीत निर्देशक जितेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में गणेश वंदना से प्रारंभ किया गया और इसके साथ ही होली पर आधारित गीत गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए जिनमें हरि सिंह भारती चिन्मय पराशर श्रीमती नेहा शर्मा प्रेम सिंह राठौड़ महेश खेड़ापति मुकेश सैनी एवं जितेंद्र गुप्ता आदि ने अपने मधुर स्वरों से दर्शकों को प्रभावित किया। होली के गीतों पर आधारित मनमोहक नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई जिसमें हरि सेन सुरेश चंद शर्मा गोपाल सैनी तथा कुमारी वेणी ने अपने मनमोहन नृत्यों द्वारादर्शक कलाकारों को अपनी कला से काफी प्रभावित किया मंच संचालन मोहित पंडित तथा दीपक पंडित ने किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से सभी के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई।

## पुलिस कर्मियों को अन्य कार्मिकों को मिले साप्ताहिक अवकाश, लंबित डीपीसी मैस व वर्दी भत्ते में बढ़ोतरी की रखी मांग

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने पुलिस कर्मियों मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से जल्द पुलिस विभाग में लंबित चल रही डीपीसी जल्द शुरू कराने,ग्रेड पे वृद्धि सहित मैस व वर्दी भत्ते में बढ़ोतरी की मांग की है।

महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कर्मचारी संघों से संवाद कर वेतन विसंगतियों को दूर कर केंद्र के समान ग्रेड पे निर्धारित करने का आग्रह किया है। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने सीएम को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि प्रदेश के राज्य कर्मचारी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ले जाने का कार्य करते हैं। वहीं राज्य की पुलिस शांति व कानून व्यवस्था कायम करने के साथ प्रदेश के सभी नागरिक भयमुक्त और सुरक्षित जीवन जी सकें इसके लिए निरंतर कार्य करती है। लेकिन पूर्ववर्ती सरकार के समय से पुलिस कर्मियों की लंबित मांगों के निराकरण की समुचित पहल नहीं की गई। जिसके चलते अनेक जिलों में रंगों के पावन महापर्व होली नहीं खेलने का निर्णय हजारों पुलिसकर्मियों को लेना पड़ा, यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति रही जिसे टाला जा सकता था। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पुलिस चौबीसों घंटे कानून व्यवस्था बनाए रखने का काम करती है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में ऐसा लगता है कि पुलिसकर्मी इंसान नहीं, मशीन हैं। वे दिन रात काम करते हैं। उनके काम के घंटे तक तय नहीं हैं और अवकाश मिलना भी उच्च अधिकारियों के विवेक पर निर्भर करता है। जिलाध्यक्ष शर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि आपकी सरकार के कार्यकाल में दूसरे बजट में भी पुलिस सहित कमोवेश सभी विभागों के कर्मचारियों वेतन विसंगतियों को दूर करने ग्रेड पे सुधार सहित लंबित मांगों की अनदेखी की जा रही है ।जिससे राज्य कर्मचारियों में लगता आक्रोश पनप रहा है ।शीर्ष पर विराजमान अधिकारी सरकार को गुमराह कर राज्य कर्मचारियों के बीच सरकार की छवि को धूमिल करने पर आमादा है, जिस पर नियंत्रण लगाने की,समय समय पर कर्मचारी संगठनों से वार्ता कर उनकी मांगों के निराकरण की सख्त आवश्यकता है।

**सीएम को भेजे 5 सूत्रीय मांग पत्र में इन मांगों को किया शामिल :** राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने सरकार को भेजे ज्ञापन में राज्य में पुलिसकर्मी भी अन्य कार्मिकों की तरह अपने परिजनों के साथ रहकर परिवार को समय दें उन्हें साप्ताहिक अवकाश दिए जाने,राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल एवं हेड कांस्टेबल सहित अन्य पदों की लंबित चल रही डीपीसी शुरू कराते हुए समयबद्ध पदोन्नति सुनिश्चित कराये जाने, राज्य में पुलिस का कांस्टेबल का प्रारंभिक ग्रेड पे 2400 निर्धारित कराये जाने तथा वर्तमान में मैस और वर्दी भत्ते में भी बढ़ोतरी कराने,पुलिस, एएनएम पटवारी, नर्सेज, वीडीओ, मंत्रालायिक संवर्ग, कंप्यूटर अनुदेशक शिक्षक संवर्ग सहित सभी विभागों की वेतन संगतियों को दूर कराते हुए, हर विभाग में समय पर पदोन्नति हों इसकी ठोस पालना के साथ सभी विभागों में केंद्र के समान ग्रेड पे निर्धारित कराए जाने तथा राज्य कर्मचारियों की पदोन्नति के अवसरों की विसंगति दूर की जावे एवं 9,18 एवं 27 वर्ष की सेवा के स्थान पर 8, 16, 24 एवं 32 वर्षीय सेवा पर चयनित वेतनमान प्रदान कराने का आग्रह किया है।

# पंचायती राज मंत्री ने किया तीन ग्राम पंचायतों का दौरा हर जगह गंदगी के ढेर मिले, जताई गहरी नाराजगी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर चार दिन से कोटा प्रवास पर हैं। अपने प्रवास के चौथे दिन रविवार को दिलावर ने जिले की तीन ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें भारी खामियां नजर आईं। इस पर उन्होंने खासी नाराजगी जताई। सरपंचों व ग्राम पंचायत अधिकारियों की जांच करवाने की बात कही।

ग्रामीण स्वच्छता को लेकर अति संवेदनशील पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने तीनों ही ग्राम पंचायतों में गंदगी के ढेर देखकर गहरी नाराजगी जताई। इस पर उन्होंने कहा कि तीनों ही ग्राम पंचायतों के सरपंचों व ग्राम विकास अधिकारियों की जांच कराई जाएगी। यदि सफाई का ठेका हो गया है तो ठेका जिस फर्म को हुआ है, उसने अभी तक काम शुरू नहीं किया है तो उसे ब्लेक लिस्ट किया जाएगा। यदि सफाई का ठेका नहीं हुआ है तो सरपंच और ग्राम विकास अधिकारियों से स्टेट फाइनेंस कमिशन तथा फिफ्थ फाइनेंस कमिशन के पैसों की वसूली की जाएगी।स्वीकृति जारी करने वाले सहायक अभियंता से भी पैसे वसूले जाएंगे।






**सबसे पहले इस पंचायत में पहुंच काफिला :** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का काफिला पहले ग्राम पंचायत मुंडला के नयागांव अहिरान पहुंचा। मंत्री ने गांव की एक-एक गली का निरीक्षण किया। जाम नालियों और कचरे के ढेर देख मंत्री नाराज हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि रोज सफाई नहीं होती है। झाड़ू लगाने के लिए पंचायत की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं है। मुंडला ग्राम पंचायत की सरपंच पूजा नागर एवं ग्राम विकास अधिकारी लवीश शर्मा हैं। मंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि एक लाख रुपए प्रति माह केवल सफाई के लिए सरकार प्रत्येक पंचायत को दे रही है, फिर भी सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी सफाई नहीं करवा रहे पैसा जा कहां रहा है। मंत्री ने साथ चल रहे जिला परिषद कोटा के सहायक अभियंता मयंक शर्मा को एक-एक चीज नोट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

**व्यापारी खुद के पैसे से करवाते हैं सफाई :** इसके बाद दिलावर ग्राम पंचायत दीगोद पहुंचे। मुख्य चौराहे पर व्यापारियों ने बताया कि सभी दुकानदार खुद पैसे देकर सफाई करवाते हैं। पंचायत की तरफ से रोज सफाई की व्यवस्था नहीं है। गांव मे कचरा उठाने भी कोई नहीं आता है। इस ग्राम पंचायत के सरपंच कपिल मीणा और ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश राठौर हैं। पूरे दीगोद का निरीक्षण करने के बाद मंत्री दिलावर निमोदा हरीजी पहुंचे। इस पंचायत के सरपंच नंद लाल मीणा और ग्राम विकास अधिकारी अरुण शर्मा हैं। पूरे गांव का दौरा करने के बाद मंत्री पंचायत कार्यालय पहुंचे।

### पंचायत कार्यालय में गंदगी के ढेर, शौचालय मार रहा था सड़ांध

पंचायत कार्यालय भवन में गंदगी और मलबे के ढेर लगे मिले। शौचालय सडांध मार रहे थे। ऐसा लगा जैसे कार्यालय परिसर में सालों से झाड़ू भी नहीं लगा। सब तरफ झाड़- झंकाड़ और मलबा पड़ा था। देख कर लग रहा था मानो यह कोई खंडहर हो। पंचायती राज मंत्री ने सहायक अभियंता से इसकी फोटो लेने और रिपोर्ट बनाने के लिए बोला।

### पंचायत की सम्पत्ति सरपंच ने बेच दी

निमोदा हरिजी ग्राम पंचायत के निवासियों ने मंत्री मदन दिलावर को बताया कि सरपंच नंद लाल मीणा ने पंचायत की सम्पत्ति बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के बेच दी। आपत्ति करने पर सरपंच ने धमकाया कि, जिसे भी शिकायत करनी है कर दो, कुछ नहीं होगा। मंत्री मदन दिलावर ने मौके पर मौजूद पंचायत के नरेगा सहायक ओम प्रकाश को इसकी रिपोर्ट बनाकर भेजने को कहा।

### हर पंचायत को मिलते हैं 12 लाख रुपए वार्षिक

उल्लेखनीय है कि हर पंचायत को सफाई व्यवस्था के लिए हर साल 12 लाख रुपए दिए जा रहे हैं। इन रुपयों का उपयोग कचरा प्रबंधन और साफ-सफाई के लिए किया जाना चाहिए, जबकि पंचायत ने इन पैसों को अन्य मदों पर खर्च करना बताया। गांव की सफाई के साथ-साथ पंचायत भवनों तक की सफाई नहीं हो रही है। पंचायत भवन गांव का आइना होता है। इससे पूरे गांव की हालत समझी जा सकती है। दीगोद पंचायत में बीडीओ को फोन कर मंत्री ने पिंक टॉयलेट नहीं बनाए जाने पर गहरी नाराजगी जताई।

---

# झूठ ना बोलना वाणी तप है, दूसरों के काम आना काया तप है : पं. उदय शास्त्री

## विश्व शांति महायज्ञ के साथ अष्टानिका पर्व का भव्य समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विज्ञान नगर में आयोजित अष्टानिका पर्व के समापन पर विश्व शांति महायज्ञ का विधान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य पंडित उदय शास्त्री ने अपने प्रवचन में जीवन के महत्वपूर्ण तपों का महत्व समझाया। शास्त्री ने कहा, झूठ ना बोलना वाणी तप है, दूसरों के काम आना काया तप है, अन्य की वस्तु प्राप्त होने पर उसे लौटा देना मन का तप है, गलती होने पर क्षमा मांग लेना प्रायश्चित तप है और आती-जाती सांसों पर केन्द्रित होना ध्यान तप है।



### 24 कुंडीय हवन का हुआ आयोजन

आयोजन समिति के महामंत्री अनिल ठौरा ने बताया कि विधान समाप्ति पर 24 कुंडीय हवन का आयोजन किया गया। इसमें सौधम ईर्द त्रिलोक रेखा लुहाड़िया के साथ पीके हरसोरा, रितेश सेठी, अरविंद ठौरा, पारस जैन, सीए इंद्र कुमार जैन, महावीर अजमेरा, सीताराम जैन, मुकेश खटोड़, सुनील कासलीवाल आदि ने हवन में आहुतियां दीं। अध्यक्ष राजमल पाटौदी ने इस अवसर पर त्रिलोक रेखा लुहाड़िया, संगीतकार अनीशा जैन और पंडित उदय शास्त्री का आभार व्यक्त किया। प्रमिला पांडे, बाबूलाल जैन, मंजू जैन, अनिल ठौरा और जया पटौदी ने विधान पुनर्याजक परिवार का स्वागत-सत्कार किया।

### विधान में सहयोग देने वाले को किया सम्मानित

समारोह में त्रिलोक लुहाड़िया द्वारा विधान में सहयोग देने वाले सभी महानुभावों का यथायोग्य सम्मान किया गया। विधान के अंत में विज्ञान नगर मंदिर से भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा के साथ सभी इंद्राणियों की शोभायात्रा निकाली गई। पीके हरसोरा ने बताया कि विज्ञान नगर में प्रतिवर्ष अष्टानिका पर्व के अवसर पर सिद्ध चक्रमंडल विधान का आयोजन कर धर्म प्रभावना की परम्परा निभाई जा रही है।

---

# माहेश्वरी महिला संगठन और लायंस क्लब का वियतनाम फेलोशिप टूर रवाना

## अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा-पश्चिमांचल के उपसभापति राजेश कृष्ण बिरला ने बस को दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन पश्चिमांचल और लायंस क्लब कोटा सेन्ट्रल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 6 दिवसीय फेलोशिप टूर ऑफ वियतनाम की शुरुआत रविवार को महेश्वरी भवन से हरी झंडी दिखाकर की गई। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा-पश्चिमांचल के उपसभापति राजेश कृष्ण बिरला ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इन्होंने यात्रा की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर मधु बाहेती, आशा माहेश्वरी, सुरेश काबरा, बद्री विशाल, केके गगरानी, मोहन मोहता, जीएल सोनी आदि मौजूद रहे।इस यात्रा के कन्वीनर अशोक लखोटिया और राजकुमार गुप्ता हैं। यह विशेष यात्रा 22 मार्च को सम्पन्न होगी। इसका उद्देश्य सांस्कृतिक समझ और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा माहेश्वरी भी इस यात्रा की संयोजक हैं ।




**दो संस्कृतियों के बीच सेतु निर्माण :** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा-पश्चिमांचल के उपसभापति राजेश कृष्ण बिरला ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि, यह यात्रा केवल एक पर्यटन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि दो संस्कृतियों के बीच सेतु निर्माण का माध्यम है। वियतनाम की समृद्ध संस्कृति को समझने और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का यह अनूठा अवसर हमारे सदस्यों के लिए अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने आगे कहा, विभिन्न शहरों से आए हमारे सदस्य न केवल वियतनाम की संस्कृति से रूबरू होंगे, बल्कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगा। लायंस क्लब कोटा सेंट्रल की अध्यक्ष तथा पश्चिमांचल की उपाध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने अपने सम्बोधन में कहा, इस यात्रा का उद्देश्य हमारे सदस्यों को वियतनाम की संस्कृति, इतिहास और विरासत से परिचित कराना है। 64 सदस्यीय हमारे दल में विभिन्न शहरों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इससे विचारों का आदान-प्रदान होकर संगठनात्मक एकता और मजबूत होगी। महिला संगठन पूर्व में भी कई बार इस प्रकार की यात्रा आयोजित कर चुका है। उन्होंने बताया, इस यात्रा की विशेष बात यह है कि इसमें कोटा के अलावा भवानीमंडी, इंदौर, रतलाम, जयपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, दिल्ली और कोलकाता से दम्पती भाग ले रहे हैं, जिससे यह एक अखिल भारतीय स्वरूप ले चुकी है।

---

# हिन्दू नववर्ष पर होंगे भव्य आयोजन, तैयारियां जारी, धर्म सभा को सम्बोधित करेंगे बांसवाड़ा के प्रसिद्ध संत उत्तमजी महाराज

- आयोजन समिति के अध्यक्ष व शोभायात्रा संयोजक ने बांसवाड़ा जाकर महाराज को आमंत्रण पत्र सौंप स्वीकृति ली
- कोटा महानगर को 12 नगरों में बांटकर आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** हिन्दू नववर्ष के शुभारम्भ के उपलक्ष्य में 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से विशाल हिन्दू शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के समापन पर आयोजित हिन्दू धर्मसभा का आयोजन होगा। इस मौके पर शामिल होने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल व शोभायात्रा संयोजक सत्यनारायण श्रीवास्तव ने बांसवाड़ा जाकर अनंत विभूषित ध्यान योगी श्री श्री 1008 उत्तम स्वामी जी महाराज को आमंत्रण पत्र सौंपा। साथ ही उन्हें इस मौके पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा, स्वदेशी मेले व अन्य आयोजनों की जानकारी दी। इस आमंत्रण को महाराज ने स्वीकार कर लिया।

इस अवसर पर समिति द्वारा प्रकाशित पोस्टर का उत्तम स्वामी जी महाराज ने अपने बांसवाड़ा आश्रम में ही विमोचन भी किया। साथ ही हिन्दू समाज को संदेश दिया कि सभी हिन्दू अपने धार्मिक आयोजनों को पूरी गरिमा, पवित्रता और देवीय दिव्यता से आयोजित करें। स्वामीजी ने कहा कि हिन्दू समाज देवीय कार्यों का कर्ता है, इसलिए हमेशा ही ईश्वर का आर्शीवाद हिन्दू समाज के साथ रहता है। हमें अपने पूरे मनोयोग से शोभायात्रा को संकल्पबद्ध होकर आयोजित करना है, इसे भव्यता व दिव्यता प्रदान करने के लिए समाज के सभी बंधुओं को अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर आयोजनों में सम्मिलित होना है ।




पवित्र मंगल कलश, हिन्दू युवा वाहिनी और स्वदेशी मेले में स्टालों के लिए सम्पर्क प्रारम्भ

हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति ने कोटा महानगर के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल एवं महामंत्री छगन माहुर के नेतृत्व में कोटा महानगर को 12 नगरों में विभाजित कर हिन्दू नववर्ष से जुड़े विभिन्न आयोजनों की तैयारियां जमीनी स्तर पर प्रारम्भ कर दी हैं। इसके तहत प्रत्येक नगर में बैठकें कर कार्य वितरण किया जा चुका है। समिति के मीडिया संयोजक अरविन्द सिसोदिया ने बताया कि 30 मार्च को निकाली जाने वाली हिन्दू शोभा यात्रा में 51 हजार मंगल कलशों के साथ मातृशक्ति के सम्मिलित होने का लक्ष्य रखा गया है। मंगल कलश दो प्रकार के होंगे। कलश यात्रा में अधिकाधिक लोगों के शामिल होने के लिए व्यापक सम्पर्क अभियान चल रहा है।

**पहले स्वदेशी मेले का होगा आयोजन :** वहीं, इससे पूर्व 28 मार्च को सेवन वंडर्स पर आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले में खानपान के स्टालों के लिए विभिन्न समाजों की सामाजिक संस्थाओं से सम्पर्क किया जा रहा है। हिन्दू नववर्ष आयोजनों को व्यापक विस्तार देने और बहुअयामी बनाने के लिए समिति के हजारों कार्यकर्ता निरंतर सम्पर्क एवं प्रवास कर रहे हैं।

**जिम्मेदारियां निभाने में जुटे हुए हैं ये पदाधिकारी :** सम्पर्क अभियान में समिति के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल, महामंत्री छगन माहुर, मंत्री बाबूलाल भाट, मेला संयोजक किशन पाठक, शोभायात्रा संयोजक सत्यनारायण श्रीवास्तव, रौनक आनंद, लोकेन्द्र सिंह राजावत, हिन्दू शस्त्र वाहिनी संयोजक नंदकिशोर मीणा सहित उपाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह हाड़ा, कुलदीप माथुर, आनंद स्वरूप राठी, विकास शर्मा, बीएल पचेरवाल, क्रांति जैन, संदीप चांदीवाला, जितेंद्र गोयल, गिरधर पंजवानी, सुनीता व्यास, गिरजा सुमन, नीलप्रभा नाहर, रेणु मिश्रा, रीना शुक्ल, श्वेता जैन व अनुसूईया गोस्वामी, मंत्री अनिल जैन, बाबूलाल भाट, रवि विजय, कोषाध्यक्ष रामकुमार मेहता, सह कोषाध्यक्ष अरविन्द गोयल, महेश विजय, पंकज मेहता, मुकेश विजय, प्रचार-प्रसार समिति के मीडिया संयोजक अरविंद सिसोदिया, अनिल तिवारी, रजनीश राणा आदि अपनी जिम्मेदारी निभाने में जुटे हुए हैं।

---

# आईसीएफ चेन्नई में हाइपरलूप परियोजना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीक विकसित होगी : अश्विनी वैष्णव

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी है कि हाइपरलूप परियोजना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स घटक तकनीक इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ,चेन्नई में विकसित की जाएगी। उन्होंने आईआईटी मद्रास डिस्कवरी कैंपस स्थित हाइपरलूप परीक्षण सुविधा का दौरा किया और एक लाइव डेमोंस्ट्रेशन का अवलोकन किया। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आईआईटी चेन्नई में स्थित 410 मीटर लंबी हाइपरलूप टेस्ट ट्यूब एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा है। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने बताया कि हाइपरलूप परिवहन प्रणाली के लिए संपूर्ण परीक्षण प्रणाली स्वदेशी तकनीकों का उपयोग करके विकसित की गई है और उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी युवा नवाचारकर्ताओं को बधाई दी। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत जल्द ही हाइपरलूप परिवहन के लिए तैयार होगा, क्योंकि वर्तमान में विकासाधीन हाइपरलूप परिवहन तकनीक ने अब तक के परीक्षणों में अच्छे परिणाम दिए हैं। रेल मंत्रालय ने हाइपरलूप परियोजना को वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग प्रदान किया है और अब इस हाइपरलूप परियोजना के लिए संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीक आईसीएफ चेन्नई में विकसित की जाएगी। मंत्री ने बताया कि आईसीएफ के कुशल विशेषज्ञों ने वंदे भारत हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम सफलतापूर्वक विकसित किए हैं और हाइपरलूप परियोजना के लिए भी इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीक आईसीएफ में ही विकसित की जाएगी। मंत्री ने आईआईटी चेन्नई के युवा नवाचारकर्ताओं और अविष्कार संगठन को इस सफल परीक्षण के लिए बधाई दी। इसके बाद मंत्री ने गिंडी स्थित आईआईटी चेन्नई परिसर का दौरा किया, जहां उन्होंने आईआईटी के इनोवेशन सेंटर द्वारा आयोजित 'ओपन हाउस 2025' प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों और युवा नवाचारकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्रों में अग्रणी राष्ट्र बनेगा। मंत्री ने कहा कि डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में युवा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और भारत के पास दुनिया में सबसे अधिक कुशल युवा हैं, जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वर्तमान में देश में पांच सेमीकंडक्टर सुविधाएं कार्यरत हैं और इस वर्ष के अंत तक पहला भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर बाजार में उपलब्ध होगा। मंत्री ने प्रदर्शनी के दौरान आयोजित नवाचार प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और शील्ड प्रदान की और उन्हें और अधिक नए आविष्कार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आईआईटी चेन्नई के निदेशक डॉ. कामकोटी भी उपस्थित रहे।



---

# 11 माह मे कोटा वर्कशॉप ने 6,336 मालगाड़ी डिब्बों का मरम्मत किया

## फरवरी माह में निर्धारित लक्ष्य से अधिक 616 वैगनों का पीओएच कर आउटटर्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मुख्य कारखाना प्रबंधक सुधीर सरवरिया के नेतृत्व में वर्कशॉप के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के ग्यारह महीनें अप्रैल से फरवरी,2025 तक कुल 6,336 वैगनों का मरम्मत कर आउटटर्न दिया।

वर्तमान में रेलवे बोर्ड द्वारा प्रति माह वैगनों के मरम्मत का निर्धारित लक्ष्य 560 वैगनों है। माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा में रेलवे बोर्ड द्वारा प्रतिमाह निर्धारित लक्ष्य के समतुल्य अथवा अधिक वैगनों का पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न दिया जा रहा है। केवल फरवरी,2025 में 616 वैगनों का मरम्मत कोटा वर्कशॉप द्वारा किया गया। वैगनों का पीओएच (पिरियोडीक ओवर हॉलिंग) 04 से 06 वर्ष में एक बार किया जाता है।

---

# सिमलिया में सीएचसी के लिए प्रस्तावित जमीन का अधिकारियों ने जायजा लिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सिमलिया क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए इस बार बजट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा के रूप में खुशखबर आई। इसके बाद रविवार को कोटा सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर व बीसीएमओ डॉ. राजेश सामर ने सिमलिया पीएचसी का दौरा कर प्रस्तावित सीएचसी के लिए उपयुक्त भूमि का निरीक्षण किया। सीएचसी निर्माण के लिए प्रशासनिक स्तर पर तेजी से काम करते हुए अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिससे ग्रामीणों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही सीएचसी में विशेषज्ञ डॉक्टर, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी। इससे ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस दौरान बीजेपी नगर अध्यक्ष मुकुल नागर और महामंत्री मनोज तिवारी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस निर्णय के लिए सरकार और सम्बंधित अधिकारियों का आभार जताया। साथ ही विश्वास दिलाया कि सिमलिया के ग्रामीणों को जल्द ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने लगेंगी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से हाल राज्य बजट में पीएचसी को क्रमोन्नत करने की घोषणा हुई थी।



# सतरंगी ध्वज की स्थापना के साथ शुरू हुआ ऐतिहासिक बारह भाई मेला

## होली पर शहर में निकली दौज की सवारी, लोगो ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के ऐतिहासिक 167 वर्ष पुराने बारह भाई मेले का रविवार को विधिवत आगाज हो गया। सात दिन तक चलने वाले इस मेले में आज मेला कार्यालय पुराना बाजार पर एक बैठक हुई। जहां मेले के सतरंगी ध्वज की विधि विधान और पूजा अर्चना के बाद मेला कार्यालय पर स्थापना की गई। इसके साथ ही यह मेला शुरू हो गया है। जो करीब सात दिन चलेगा। मेले में 20 मार्च को जहां पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर मेला बैठक कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमे भगवान राम के लंका विजय के बाद अयोध्या लौटने पर उनका स्वागत सत्कार किया जाएगा। वहीं 21 मार्च को शहर में राम जानकी शोभायात्रा का आयोजन होगा।

बारह भाई मेला कमेटी के अध्यक्ष रामवीर पोसवाल ने बताया कि पुरखों की यह धरोहर है। सन 1859 से यह मेला अनवरत आयोजित हो रहा है। सन 1857 में आजादी के लिए जब क्रांति हुई और अंग्रेजों ने दमनकारी नीति अपनाई तो लोगों को एकजुट करने के लिए ऐसा आयोजन कस्बे के बारह भाइयों ने किया। मेले को लेकर एक किवदंती भी प्रचलित है कि पास के कस्बे जगनेर में आयोजित एक कार्यक्रम में कस्बे के बारह लोगों को जाति-पाती नही मानने पर जब एक ही पात्र से जल ग्रहण करने के लिए कहा गया तो उन्होंने एक साथ जल पिया। इसके बाद बाड़ी आकर उन्होंने यह मेला शुरू किया। समिति के महामंत्री पवन चंसौरिया ने बताया कि 16 मार्च से मेले की विधिवत शुरुआत हो गई है। 20 मार्च को मेल बैठक होगी। 21 मार्च को नगर में भगवान राम उनके सभी भाई,माता जानकी,भोले-पार्वती सहित विभिन्न स्वरूप और झांकियां नगर भ्रमण करेंगे। इसके बाद 22 मार्च को किला गेट पर राजगद्दी कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान मेले के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**सतरंगी ध्वजा की स्थापना में गूंजा बारह भाई मेले का प्रसिद्ध नारा :** मेला कार्यालय पर ध्वज स्थापना के दौरान मेले का प्रसिद्ध नारा सभी लोगों ने एक साथ लगाया। श्रीयुत राजा रामचंद्र की मारो,अवधेश कुमार,बोल सियापति रामचंद्र की जय।

**शहर में निकली दौज की सवारी, जगह-जगह स्वागत :** शहर में होली की दूज पर तीन बजे से बारह भाई मेला कमेटी द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शहर के किला परिसर स्थित दाऊजी महाराज मंदिर से यह शोभायात्रा जैसे ही शुरू हुई तो फूलों की होली खेली गई। जैसे-जैसे शोभायात्रा शहर में आगे बढ़ी, मेला कमेटी के अध्यक्ष रामवीर पोसवाल और अन्य पदाधिकारीयो का शहर के नागरिकों ने स्वागत किया। इस दौरान से शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई। होली की दौज की शोभायात्रा के साथ मेला कमेटी के अध्यक्ष रामवीर पोसवाल, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गर्ग ट्रांसपोर्ट, डॉ वीरेंद्र यादव, लखना यादव, सुरेश चंसोरिया, लप्पू मेडिकल, टीकम जाट, बंटी ट्रेलर, महामंत्री पवन चंसौरिया, पार्षद प्रवीण सिंघल, पूर्व अध्यक्ष सतीश प्रजापति, आकाश कपरेला, राजू कपरेला, वार्ड पार्षद अमर सिंह पोसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर यतेन्द्र पाण्डेय् को, ब्रह्मवर्त रत्न अवार्ड 29 मार्च को

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** राजाओं की भूमि के नाम से जाना जाता राजस्थान, गौरवमयी इतिहास लोक परम्पराओं और समृद्ध संस्कृति के लिए राजस्थान दिवस महोत्सव के अन्तर्गत राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच एवं इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाईजेशन के संयूक्त तत्वाधान मै इतिहास मै प्रथम बार राजस्थान का प्राचीन नाम ब्रह्मवर्त के सम्मान मै यतेन्द्र पाण्डेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शहिद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन भुसावर भरतपुर का ब्रह्मवर्त रत्न अवार्ड से अभिनन्दन होगा।

**प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमुर्ति परमानन्द झा ने की है अनुशंसा :** मुख्य सलाहाकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डौ ने बताया की राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच पिछले 45 वर्षों से भारत की शक्ति भारत की प्रतिष्ठा भारत के पंचशील सिद्वान्तो को वैश्विक स्तर पर बढ़ा रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम्, ग्लोबल विल्लेज, सत्यम् शिवम सुन्दरम् की अवधारणा पर समरसता मिशन को 25 राष्ट्रो ने अपना नैतिक समर्थन दिया है। यतेन्द्र पाण्डेय राजस्थान रत्न अवार्ड से सम्मानित है। कर्मस्थली से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमुर्ति परमानन्द झा, भूटान सरकार के पूर्व आर्थिक मंत्री लोकनाथ शर्मा, मध्य प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रविकरण साहू चैयरमेन मध्य प्रदेश तेलघाणी बोर्ड की अनुशंसा पर इतिहास मैं प्रथम बार ब्रह्मवर्त रत्न अवार्ड से सम्मान का प्रस्ताव किया है। समारोह मै 192 राष्ट्रो का नागरिक अभिनन्दन एवं दुनिया का प्रथम विश्व रत्न अलंकरण अभिनन्दन पत्र का भारत की मिट्टी से तिलक का कार्यक्रम रखा गया है। 144 वर्षों मै बना प्रयाग राज महा कुम्भ संयोग महोत्सव मै मंच द्वारा 45 करोड से अधिक देवदूतो का चरण प्रक्षालन, चरण दर्शन, चरण वन्दन का प्रतिवेदन भारत सरकार को प्रस्तुत किया जायेगा। ब्रह्मवर्त रत्न अवार्ड प्रतिभा श्री यतेन्द्र पाण्डेय का चयन होने पर बोर्ड सलाहकार सदस्य श्री भगवान सिंह यदुवंशी, चैयरमेन, जिला डीग, डॉ. टंक नाथ पौडेल, चैयरमेन मैया देवी गर्ल्स कॉलेज भरतपुर जिला चितवन नेपाल ने विश्व बन्धुत्व एकामहे के लिए सफलता पर बधाईयों दी है।

# श्रद्धा भाव से मनाया यम द्वितीया (भाई दूज ) का पर्व



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** श्री चित्रगुप्त मंदिर, खिरनी घाट भरतपुर पर 16. मार्च 2025 रविवार को प्रात: 11.00 बजे मंदिर प्रागंण में यमद्वितीया (भाई-दोज) का पर्व मंदिर समिति द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार सक्सैना अध्यक्ष द्वारा श्री चित्रगुप्त भगवान के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्री चित्रगुप्त भगवान की कथा, आरती एवं कलम दवात का पूजन विधि विधान से किया गया। तदउपरान्त मंदिर पर दौज पूजन हेतू पधारे हुये राहुल श्रीवास्तव आई0ए0एस0 (प्रो0) को मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा माला, साफा, शाल पहनाकर व श्री चित्रगुप्त भगवान की तस्वीर भेंट का सम्मानित किया गया। अन्त में प्रसाद एवं पूजन किये गये पेनों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सर्व श्री नगेन्द्र सक्सैना, हेमेन्द्र सक्सैना, अशोक माथुर, राहुल माथुर, राजकुमार माथुर, अनुपम कुलश्रेष्ठ, कार्तिक सक्सैना, सुनील श्रीवास्तव, मुकेश सक्सैना, लक्ष्मन सक्सैना, एवं श्रीमति कल्पना सक्सैना, आभा सक्सैना, सन्तोष सक्सैना, शशि बाला सक्सैना, आकांक्षा सक्सैना, शुभि कुलश्रेष्ठ, रानी बहनजी, मि0 हरि माधव, वंश, कु0 काव्या, सिम्मी, ईशिका आदि मंदिर प्रागंण में उपस्थित रहे।

# त्योहारी के जलसिंह गोठिया ने एंड्राइड मोबाइल लौटा कर दिया ईमानदारी का परिचय, पत्नी को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में मिला था मोबाइल

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** कस्बे के गांव त्योहारी मैं रहने वाले जल सिंह गोटिया गुर्जर ने गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में मिले मोबाइल को लौटा कर दिया ईमानदारी का परिचय। नगला स्टोर में कान्हा कन्फैक्शनरी दुकान पर संजय अग्रवाल ने बताया कि एक व्यक्तिगढ़ी तमना अलीगढ़ रोड हाथरस के रहने वाले नवाब सिंह पुत्र मलखान सिंह जाटव ने मेरी दुकान पर आकर बताया कि मैं गोवर्धन परिक्रमा देने गया था बड़ी परिक्रमा पूरी करने के बाद में बहुत तक गया था। राधा कुंड के पास विश्राम करने रुक गया। नवाब ने बताया कि मेरे पेंट के जेब से मेरा एंड्राइड मोबाइल राधा कुंड पर गिर गया। मैं करीब 20 मिनट बाद वापस आया तो वहां मेरा मोबाइल मुझे नहीं मिला। नवाब ने बताया मैंने मोबाइल पर कई बार फोन भी किया लेकिन मुझे कोई जवाब नहीं मिला। दूसरे दिन जब मेने मोबाइल पर फोन किया तो मुझे जल सिंह नाम के व्यक्ति ने कहा कि आपका मोबाइल राजस्थान के बयाना के गांव त्योहारी में है। मेरी पत्नी गुड्डी कल अपने गांव और परिवार के साथ गोवर्धन परिक्रमा देने गई थी। आपका मोबाइल उसको मिला है। जो अब मेरे पास सुरक्षित है। आप कभी भी आकर अपना मोबाइल ले जा सकते हो।

शनवाब सिंह ने अपने खोए मोबाइल की जानकारी नगला स्टोर बयाना में कान्हा कन्फैक्शनरी दुकान मालिक संजय को बताई और दुकान मालिक संजय के मोबाइल से एक फोन करने को कहा। बात होने पर तुम्हारी गांव से जल सिंह गोटिया को बुलाकर बदरिया पुलिस टाउन चौकी पर ले जाकर चौकी इंचार्ज निर्भय सिंह गुर्जर के सानिध्य में जल सिंह गोठिया ने नवाब सिंह को ईमानदारी का परिचय देते हुए उसका एंड्रायड मोबाइल वापस लौटया।

अपना खोया मोबाइल मिलने पर नवाब सिंह ने बहुत ही भावुक शब्दों में कहा कि आज छलकपट की दुनिया में भी ईमानदारी कायम है। नवाब ने मोबाइल मिलने की खुशी में जलसिंह को मिठाई का डिब्बा दिया लेकिन जल सिंह गोठिया ने मिठाई का डब्बा लेने से इनकार कर दिया और कहा हमने तो अपना मानवता का फर्ज निभाया है और इसी तरह से सभी को अपना फर्ज निभाना चाहिए।

# कुंवर दीपराज सिंह बने भरतपुर जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला खो-खो संघ के चुनाव रविवार को होटल लक्ष्य पैलेस में राजस्थान राज्य खो-खो संघ, भरतपुर जिला क्रीडा परिषद, भरतपुर जिला ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुए।

चुनाव अधिकारी व्याख्याता चन्द्रपाल सोलंकी रहे। भरतपुर जिला खो-खो संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में कुंवर दीपराज सिंह अध्यक्ष, जयपाल सिनसिनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुशील चौधरी, अजय फौजदार कसौदा एवं दानवीर सिंह उपाध्यक्ष, बदन सिंह देशवाल सचिव, भूदेव सिंह सजौला कोषाध्यक्ष, हीरेन्द्र सिंह पी.टी.आई. एवं हरवीर चौधरी संयुक्त सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुए, रवि कुमार एवं शशांक शर्मा सदस्य निर्वाचित हुए। सर्ववम्मति से भरतपुर जिला खो-खो संघ की मैनेजमेंट कमेटी के चैयरमेन लक्ष्मण सिंह ताखा, अध्यक्ष शशांक शर्मा एवं सचिव भगत सिंह सूरौता, सलैक्शन कमेटी के चैयरमेन हरवीर चौधरी, अध्यक्ष हीरेन्द्र सिंह एवं सचिव संतोष सिनसिनी और टैक्नीकल ऑफिशियल कमेटी के चैयरमेन अजय फौजदार कसौदा, अध्यक्ष दानवीर सिंह एवं सचिव मनीषा चाहर मनोनीत किये गये। इस अवसर पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, मनोनीत कमेटी पदाधिकारी एवं निवर्तमान सचिव कृष्णा देशवाल का माल्यार्पण कर फैंटा बांधकर, उत्तरीय पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सुरेश घुस्यारी, डॉ. राकेश चाहर, दीपक तोमर, डॉ. संदीप देशवाल, लोकेश चाहर, विवेक प्रतापसिंह कासौट, अनिल सजौला, गोविन्द कटारा, तेजेन्द्र कुन्तल अभौर्रा, अक्षय वर्मा, सियाराम जटमासी, सुनील अनाह, नरेश सेवर ने सम्मानित किया।

# घासीराम बाबा मंदिर पर हुआ हैला ख्याल दंगल : मुख्य अतिथि विधायक डॉ रितु बनावत

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** धाकड़ समाज बीरमपुरा वासियों ने 15 मार्च को हैला ख्याल दंगल का किया आयोजन। हैला ख्याल दंगल का आयोजन बाबा घासीराम के मंदिर में हुआ। जिसमें आयोजन की मुख्य अतिथि विधायक डॉ रितु बनावत रही। ओर विशिष्ट अतिथि भाजपा ओबीसी भरतपुर मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमन धाकड़ व भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ पदम सिंह पूर्व पंचायत समिति सदस्य कृष्ण मुरारी धाकड़ व धाकड़ समाज के महामंत्री गंगा सिंह धाकड़, लक्ष्मण सिंह धाकड़ रहे। हैला ख्याल दंगल का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया। हैला ख्याल दंगल में पांच गांवों की टीमों ने भाग लिया। वीरामपुरा, नगलाचक बिछी, लहचोरा कला, नगला मेघ सिंह, नगला गढ़ा। हैला ख्याल दंगल को सुनने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। हैला ख्याल दंगल में विधायक डॉ रितु बनावत ने कहा बीरमपुर में विकास कार्य के लिए पैसे की कोई कमी नहीं आने दूंगी। और विकास में कोई भी कमी नहीं छोड़ूंगी बस आपका आशीर्वाद चाहिए। भाजपा जिला ओबीसी जिला मोर्चा भरतपुर के अध्यक्ष रमन धाकड़ ने कहा अब हमारी डबल इंजन की सरकार है क्षेत्र में विकास कार्य की गंगा बहा दी जाएगी। हमारी सरकार विकास कार्य में कोई भी कमी नहीं छोड़ेगी। इस मौके पर पूर्व सरपंच सीताराम धाकड़ दुलीचंद सरपंच रयान धाकड़ धर्म सिंह धाकड़ मोहन सिंह, उदयभान, हुकम सिंह मास्टर, अमर सिंह, लालचंद, शिवचरण, डालूराम, भागचंद, राधा किशन, राम तसवीर, रामजीलाल आदि मौजूद रहे।

# श्री आदिनाथ जनकल्याणक समारोह एवं महा मस्तक का अभिषेक 23 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र भुसावल में भगवान आदिनाथ जनकल्याण समारोह एवं महामस्तक का अभिषेक 23 मार्च 2025 रविवार को आचार्य वसुंधरा महाराज के विशेष आशीर्वाद आचार्य योगेंद्र सागर महाराज के पावन आशीर्वाद एवं परम पूज्य तपस्वी सल्लेखनारत् मुनी युधिष्ठिर सागर महाराज के पावन आशीर्वाद से विधानाचार्य पंडित महावीर प्रसाद जैन आगरा वालो द्वारा कार्यक्रम अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। 23 मार्च रविवार को प्रात:7=15 बजे से नित्यनियम पूजा,शांतिधारा, अभिषेक से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रम में घटयात्रा ,महामस्तकाभिषेक सहित दोपहर 12=15 बजे 48 दीपों से 48 मंडलों पर भक्तांबर अनुष्ठान का आयोजन होगा। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमलचंद जैन ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न स्थान के साथ कोलकाता ,दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के लोग सम्मिलित होंगे।

# विधायक डॉ रितु बनावत ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा पत्र बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को क्षतिपूर्ति की रखी मांग



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )** बयाना विधायक डॉक्टर रितु बनावत ने बारिश व ओलावृष्टि से खेतों में हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा।

विधायक ने पत्र में मुख्यमंत्री के नाम किसानों के लिए लिखा है की 28 फरवरी और 13 मार्च को अचानक आई बारिश और ओलों से किसानों की तैयार फसल खेतों में ही बिछ गई। जिसकी वजह से किसान मानसिक और आर्थिक रूप से चिंतित हो गया।

विधायक ने मुख्यमंत्री से पत्र में आग्रह किया है कि बारिश व ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में हुए नुकसान की गिरदावरी करवाई जाए एवं यथाशीघ्र समय विधि में किसानों को उचित मुआवजे की राशि दिलाई जाए। विधायक ने कहा पूर्व में बरसात के समय पांचना बांध व बंद बरेठा बांध से छोड़े गए पानी के कारण किसानों को अपने खेतों में हुए भारी नुकसान झेलना पड़ा जिसके मुआवजे की राशि का भुगतान आज तक नही हो पाया। जिससे किसानों पर आए आर्थिक संकट से मुक्ति मिल सके।

# सत्यवीर सिंह जिलेदार बने डीग जिला भारतीय किसान अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष डीग का चुनाव सर्व समिति से संपन्न हुआ। कामां तहसील अध्यक्ष यतेन्द्र गुलपाडिया ने बतलाया कि सत्यवीर सिंह जिलेदार को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। सतवीर सिंह जिलेदार ने बतलाया कि उनकी पहली प्राथमिकता डीग जिले के समस्त किसानों की समस्याओं का समय पर निस्तारण के साथ डीग जिले में पानी भराव की समस्या के साथ गुडगांव कैनाल सहित अन्य माइनरो में समय पर किसानों को पानी उपलब्ध कराना, खाद बीज की समय पर उपलब्धता के साथ राज्य एवं केंद्र सरकार की किसानों को मिलने वाली सुविधाओं एवं अन्य लाभों का लाभ दिलाना रहेगी।

# यज्ञ सेवा मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन, खेली फूलों की होली, शहर की अग्रवाल धर्मशाला में हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की अग्रवाल धर्मशाला में होली के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सेवा मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य नरेंद्र प्रसाद शास्त्री ने की और कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य और समिति के अध्यक्ष द्वारा भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। आचार्य नरेंद्र प्रसाद शास्त्री ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो को होली के महत्व की जनकारी दी। उन्होंने बताया कि होली का पर्व प्रेम का प्रतीक है ऐसे में हम सभी को राग, द्वेष,ईर्ष्या,घृणा सभी का त्याग करना चाहिए। इस दौरान हरि के भक्त प्रहलाद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और भक्त प्रहलाद की कथा से हमको क्या सीख मिलती है इसकी भी जानकारी दी। इस दौरान साधना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में अध्यक्ष पी.डी अग्रवाल, रवि सिंघल, नरेश चंद्र गोयल, भगवानदास सिंघल, श्रीनिवास मित्तल, सुनील मित्तल, महेश मंगल, मदनलाल मंगल, मुकेश अग्रोहा, प्रभाकर दीक्षित, राधेश्याम गर्ग, मुन्ना लाल मंगल, प्रमोद गर्ग, विजय सिंघल, विष्णु मासलपुरिया, विष्णु सिंघल, डॉ शिवदयाल मंगल, सरोज मंगल, बाबूलाल कुलश्रेष्ठ, पंचायत समिति प्रधान अजय सिंह परमार मौजूद रहे।

# तृतीय खाटूश्याम निशान पदयात्रा रूपबास से खाटूधाम के लिए रवाना

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/भरतपुर( राजेश कटारा )** रूपबास के श्याम भक्त मंडल द्वारा रूपबास से खाटूधाम की तृतीय पदयात्रा आज दिनांक 16मार्च 2025 को रूपबास के चेंकोरा रोड पर निर्माणाधीन खाटूश्याम मंदिर परिसर हवन पूजा कर निशान यात्रा शुरू की।

श्यामभक्तों के द्वारा सोनू मित्तल के नेतृत्व में सभी श्याम भक्तों ने एक रथ में खाटू बाबा के शीश पर श्रृंगार कर हवन तथा पुष्प वर्षा एवं प्रसादी वितरण करते हुए नगर भ्रमण करते हुए प्रसादी बांटी और रूपबास के श्याम भक्तों द्वारा 30सदस्यीय पदयात्री दल को रवाना किया।

श्यामभक्तों के 30सदस्यीय दल में पंडित राजेंद्र पाराशर,मनोज कंसल, सतीश मित्तल,सोनू मित्तल, योगेश खितौलीया, अतुल बंसल, रामू मित्तल,शानू गोयल, यश मित्तल एवं राकेश भातरा, राजेश राजावत,आलोक रावत, मुकेश कुमार, तरुण अँधाना, देवेंद्र चाहर, दिलीप चाहर,हृदेश खितौलिया, आकाश कर्दम, रॉकी सेठ,रामकुमार गर्ग, मोहित सोनू मित्तल, लतेश सिंघल,गौरव सोनी, टोनी कटारा, कान्हा, नंदकिशोर, सतीश यादव, मनीपाल, भीकम काका, विष्णु गर्ग, राहुल बंसल,सुमित कुमार, रमेश कुमार, देवेंद्र सिकरवार एवं भारी संख्या में भक्तगण यात्रा में शामिल रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी एवं जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर के पदभार ग्रहण समारोह में बोले अतिथि

# मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजनलाल के मार्गदर्शन में राष्ट्र एवं राजस्थान का विकास हो रहा है





बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (रेखा खाबिया)।** भारतीय जनता पार्टी चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी पी जोशी, प्रदेश महामंत्री सांसद दामोदर अग्रवाल, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या, बेंगु विधायक सुरेश धाकड़ की उपस्थिति में जिला कार्यालय पर एवं जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर ने जिला परिषद कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इसके पश्चात नगर परिषद ऑडिटोरियम में प्रदेश महामंत्री एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रघु शर्मा ने किया। अतिथियो ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। सांसद अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी एवं नवनिर्वाचित जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर को सफल कार्यकाल की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि रतन गाडरी ने जो प्रस्तावना रखी है वह शीर्ष नेतृत्व की प्रस्तावना है । सभा को निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, जिला प्रभारी हेमंत लांबा ने भी संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रवादी विचारधारा वाले कार्यकर्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्र एवं राजस्थान का विकास हो रहा है । उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। नवनिर्वाचित जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर ने कहा कि मेरे पास समय कम है परंतु फिर भी इस कम समय में सभी जनप्रतिनिधियों का आशीर्वाद लेकर वे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाएंगे । इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री श्रीचंद कृपलानी, विधायक अर्जुनलाल जीनगर, चन्द्रभान सिंह आक्या,प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम प्रवास प्रभारी श्रवण सिंह राव, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अनिल सिसोदिया, डुंगरपुर जिला प्रभारी कमलेश पुरोहित, उदयपुर देहात जिला प्रभारी आई एम सेठिया, प्रतापगढ जिलाध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, भाजपा नगर अध्यक्ष सागर सोनी, उदयपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी सुधीर जैन, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, बद्रीलाल जाट, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चंडालिया, महोब्बत सिंह राठौड़, जिला महामंत्री श्याम पहाड़िया, देवीसिंह राणावत, सुशीला जीनगर सहित जिला परिषद सदस्य उपस्थित थे।



# तीन दिवसीय निःशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2025 के तहत श्री महावीर जैन मंडल के तत्वाधान में महावीर जैन महिला मंडल द्वारा रविवार 16 मार्च को भगवान महावीर मानव सेवा समिति, बापूनगर सैंती में तीन दिवसीय, निःशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का शुभारंभ किया गया।

महावीर महिला मंडल अध्यक्ष कल्पना मेहता के अनुसार 18 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः साढ़े 9 बजे से सायं साढ़े 6 बजे तक आयोजित इस शिविर में डॉक्टर मोनालिसा भट्ट, डॉ. रुनझुन माथुर, अटेंडर जीएनएम अनीता गुर्जर द्वारा फिजियोथैरेपी सेवाएं दी जाएगी। शिविर में अब तक 110 रजिस्ट्रेशन हुए। महासचिव रजनी रांका ने बताया कि शिविर में अतिथिगण श्री महावीर जैन मंडल चितौड़गढ़ के अध्यक्ष राजेंद्र दोशी, महासचिव सोहनलाल पोखरना, भगवान महावीर मानव सेवा समिति के महासचिव रोशन लाल लोढा, कोषाध्यक्ष नवीन पटवारी, बसंती लाल मेहता, जैन प्रोफेशनल फोरम के डॉक्टर अरविंद सांखला, मनीष छाजेड़, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष निलेश पटवारी, महासचिव अभिषेक लोढ़ा, नवनीत मोदी, अशोक सेठिया, कनक मेहता, महेंद्र टोंगिया, राजेंश विरानी सहित श्री महावीर महिला मंडल की परामर्श टीम एवं संयोजक कार्यकारिणी उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा पुलिस द्वारा अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 1 जेसीबी को किया जब्त



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** पुलिस थाना जहाजपुर द्वारा अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 1 जेसीबी को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के आदेशानुसार खनिज बजरी और अन्य खनिजों के अवैध खनन, निर्गमन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य और पुलिस उप अधीक्षक जहाजपुर नरेंद्र पारीक के निकटतम सुपरविजन में थाना अधिकारी जहाजपुर राजकुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। 16 मार्च 2025 को बनास नदी में दबिश दी गई, जहां से 2 बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को डिटेन किया गया। नदी के रास्ते में जा रहे 3 खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली और 1 जेसीबी को अवैध बजरी खनन व परिवहन में प्रयुक्त होने की आशंका के चलते मौके पर कोई वैध कागजात नहीं होने से धारा 207 एमवी एक्ट के तहत जब्त किया गया। इसके अलावा, 5 खाली बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्रॉली को धारा 38 पुलिस एक्ट में जब्त किया गया। इस तरह, अवैध बजरी परिवहन, निर्गमन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 1 जेसीबी को जब्त किया गया। इसके बाद तहसीलदार जहाजपुर रवि कुमार और थाना जहाजपुर से उ.नि. देवराज सिंह मय जाप्ता के साथ ग्राम रावतखेड़ा पहुंचे, जहां सूने जंगल में संग्रहित करीब 150 टन अवैध बजरी को तहसीलदार द्वारा जब्त कर मौके पर ही जेसीबी से नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी बजरी के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचित किया गया। अवैध बजरी खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

राजस्थान में कंपनी के कौशल केंद्र ग्रामीण युवाओं को बाजार-प्रासंगिक कौशल और देश में स्थायी आजीविका से समृद्ध कर रहे

# हिन्दुस्तान जिंक द्वारा संचालित जिंक कौशल केंद्रों ने 40 प्रतिशत महिलाओं सहित 7 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं को दिया प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, (संजय खाबिया)।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की प्रमुख कौशल विकास पहल जिंक कौशल केंद्र ने 40 प्रतिशत महिलाओं सहित 7 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं को बाजार-प्रासंगिक कौशल प्रदान कर प्रदेश और देश में सार्थक रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। हाल के वर्षों में, यह पहल ग्रामीण समुदायों के युवाओं के जीवन को बदलने में उत्प्रेरक के रूप में उभरी है, जो ग्रामीण सशक्तिकरण और युवा विकास के लिए हिन्दुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। यह पहल निहत्थे सुरक्षा सेवाओं, खुदरा बिक्री और विपणन, सहायक इलेक्ट्रिशियन, खाद्य और पेय सेवा, ग्राहक संबंध प्रबंधन और माइक्रोफाइनेंस सहित विभिन्न ट्रेडों में विशेष प्रशिक्षण प्रदान करती है। शहरी-ग्रामीण विभाजन को दूर कर, जिंक कौशल केंद्र स्थायी आजीविका के अवसर पैदा कर रहा है। इससे उम्मीदवारों को भीलवाड़ा, उदयपुर, अजमेर, साणंद, बैंगलोर, हैदराबाद और लोनावाला जैसे प्रमुख स्थानों पर रोजगार मिला है, जिसमें वेतन 14 हजार रुपये से 30 हजार रुपये प्रति माह है। दरीबा, आगुचा, कायड़, उदयपुर और जावर में हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा स्थापित जिंक कौशल केंद्र कौशल संवर्धन और रोजगार के लिए एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में कार्य करता है। युवा बेरोजगारी के बढ़ते मुद्दे को संबोधित करने के लिए डिजाइन किया गया कार्यक्रम आतिथ्य, माइक्रोफाइनेंस सेवाओं, व्यापार, पत्राचार, बिक्री और ग्राहक संबंध प्रबंधन और स्व-उद्यमिता में अल्पकालिक, गहन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। वित्तीय संस्थानों और सरकारी निकायों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देकर प्रभावी रूप से पहल शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करता है। कार्यक्रम के लाभार्थियों में से एक ने पहल के प्रभाव को दर्शाते हुए कहा कि जिंक कौशल केंद्र में प्रशिक्षण ने न केवल मुझे तकनीकी कौशल से परिपूर्ण किया बल्कि मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ाया।

आज उदयपुर में इंदिरा आईवीएफ केंद्र में ग्राहक संबंध प्रबंधक के रूप में मुझे आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने और अपने परिवार की भलाई में योगदान करने पर गर्व है। हिन्दुस्तान जिंक़ कुशल कार्यबल के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता हैं। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त ग्रामीण भारत को बढ़ावा देने के कंपनी के दृष्टिकोण का प्रमाण है।

## भीलवाड़ा में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश नाकाम, आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में वाटर वर्क्स स्थित मजार की चादर जलाने की घटना का पर्दाफाश हो गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दिलीप जाट उर्फ सूरज जाट को गिरफ्तार किया है। 13 मार्च 2025 को जवाहर नगर निवासी फिरोज खान पठान ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रार्थी ने बताया कि वह वाटर वर्क्स स्थित दरगाह में बनी तीन मजारों की देखभाल करता हैं। 13 मार्च की रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने इन मजारों की चादर जलाकर सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश की। रमजान के पवित्र महीने में हुई इस घटना से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेशानुसार, विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने आसपास के 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक युवक संदिग्ध अवस्था में घटनास्थल की ओर जाता और कुछ देर बाद वापस आते हुए दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध की पहचान दिलीप जाट उर्फ सूरज जाट पुत्र जगदीश जाट, उम्र 27 वर्ष, निवासी मौखमपुरा, प्रतापनगर थाना क्षेत्र के रूप में हुई। पुलिस ने उसे डिटेन कर पूछताछ की और घटना में संलिप्तता की पुष्टि होने पर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई, जिसमें प्रतापनगर थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया के नेतृत्व में कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर ने ग्राम भीमगढ़ में सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** श्री मुरलीधर रामायण मंडल तत्वावधान में क्षेत्र के भीमगढ़ ग्राम में रामचरितमानस के पंचम सोपान सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया।जिसमे भक्तगण धार्मिक भजनों पर झूम उठे। जानकारी अनुसार पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के भीमगढ़ ग्राम निवासी उदयलाल गर्ग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर ने श्री रामचरितमानस के पंचम सोपान श्री सुंदरकांड का संगीतमय वाचन किया।जिसमे पं. कैलाशचंद्र गर्ग सिंहपुर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रारंभ किया गया।इस दौरान धार्मिक भजनों पर भक्त एवं श्रद्धालु भक्तिरस में भावविभोर होकर झूम उठे। इस अवसर पर गुलाब चंद सोनी,कमलेश गर्ग,ढोलक वादक गोपाल वैष्णव सिंहपुर,कैलाशचंद्र,उदयलाल, कन्हैयालाल,मिट्ठूलाल भीमगढ़, कन्हैयालाल,रामचंद्र, कैलाशचंद्र, बालमुकुंद, रामेश्वरलाल,कैलाशचंद्र रुद, कन्हैयालाल मंडपिया,घनश्याम सिंहपुर,हरीश कुमार, सत्यनारायण,सुनील कुमार भीलवाड़ा,ओमप्रकाश पछमता,भंवरलाल भीलवाड़ा,भूपेश रेलमगरा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सांसद दुष्यंत सिंह, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के परिजनों के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर की शोक संवेदना व्यक्त

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (आबिद हुसैन)।** जिले के डग पहुंचे बारां झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह,भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के परिजनों के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर की शोक संवेदना व्यक्त।बारा झालावाड़ सासंद दुष्यंत सिंह भाजपा नेता के निधन पर पहुंचे सांसद ने वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम अग्रवाल के निधन पर झालावाड़ बारां सांसद दुष्यंत सिंह शोक व्यक्त करने उनके निवास स्थल पहुंचे।जहां शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि उनके निधन से हमारे जीवन में जो रिक्तता आई है,वह मैं समझ सकता हूं। किंतु उनकी दी हुई शिक्षा एवं स्मृतियां हमेशा हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी। ज्ञात हो कि राधेश्याम अग्रवाल का 12मार्च को निधन हो गया था।

वे जनसंघ के समय से ही पार्टी से जुड़े हुए थे।भाजपा की स्थापना के समय से सक्रिय सदस्य के साथ पदाधिकारी भी रहे। उन्होंने जिला महामंत्री के रूप में भी कार्य किया।उनके निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में हुई क्षती को पूरा नहीं कर सकते है। वहीं से जनसंघ के नेता स्वर्गीय भंवर लाल टेलर एवं पूर्व सरपंच रतनलाल राठौर की धर्म पत्नी के निधन पर व पेंशनर अध्यापक प्रेमचंद जैन, एव उपसरपंच दिलीप सोनी की माता के निधन पर उनके निवास स्थल पहुंच शोक संवेदना व्यक्त की। शोक संवेदना व्यक्त करने में क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल,भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा,पूर्व संसदीय सचिव नरेंद्र नागर,स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन पूर्व मंत्री मानसिंह चौहान,पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह परिहार,तूफान सिंह सोलंकी,सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

## समर्थ इंडिया परिवार द्वारा फागोत्सव का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (नि.स.)।** विनायक वाटिका में आयोजित समर्थ इंडिया परिवार फागोत्सव 2025 ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कई रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के साथ बड़ों ने भी पूरे उत्साह के सा?थ भाग लिया।कार्यक्रम संयोजक राकेश अग्रवाल और उदित जैन ने बताया कि इस आयोजन में म्यूजिकल चेयर, निशाने बाजी, गेंद पिट्ठू, मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दिनेश राज गुप्ता, धीरेंद्र चौधरी, डॉ सुरेश गर्ग ने मूर्खाधिराज के रूप में मंच को सुशोभित किया और सभी को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।होली के गानों की धुन पर नाचते गाते सभी ने एक दूसरे को चंदन लगाकर फूलों की होली खेली। चंदन की सुगंध और फूलों की खुशबू ने सबको मोहित कर दिया। रंगों की बौछार और फूलों की वर्षा के बीच, हर कोई होली के रंग में रंगा हुआ था।समर्थ इंडिया संयोजक सुनील सिंघल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समर्थ इंडिया परिवार एक सच्चे परिवार की तरह है, जहां हर सदस्य एक दूसरे के लिए खड़ा है।

## 222 किलो 870 ग्राम अवैध डोडाचुरा को जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**छोटी सादड़ी (नि.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबतसिंह एवं डिप्टी गोपाललाल हिंडोनिया के मार्गदर्शन में सीआई प्रवीण टांक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा एक ईको गाडी से 222 किलो 870 ग्राम अधकुचला डोडाचूरा जब्त कर अवैध डोडा चूरा परिवहन में प्रयुक्त गाड़ी को भी जप्त किया है। सीआई प्रवीण टांक ने बताया कि रविवार को उप निरीक्षक निर्भय सिंह मय जाप्ता गश्त के दौरान गाडरियावास गांव से सामने से एक मोटरसाईकिल चालक व उसके पीछे एक ईको गाडी आती हुई नजर आई जिस पर सामने से पुलिस जाप्ता को आते देखकर मोटरसाईकिल चालक वापस मुडकर अपनी मोटर साईकिल को लेकर भागा व अपने पीछे चल रही ईको गाडी के चालक को भागने का ईशारा कर भाग गया तथा ईको गाडी का चालक भी ईको गाडी को वापस घुमा कर गांव गाडरीयावास से बाहर रास्ते के पास खड़ी कर गाडी से उतर कर भाग गया। ईको गाडी में अवैध वस्तु होने की पूर्ण सम्भावना होने से तलाशी ली गई तो ईकोगाडी से कुल 12 कट्टे में कुल वजन 222 किलो 870 ग्राम अधकुचला डोडाचूरा भरा मिला जिसके बारे में थानाधिकारी छोटीसादडी द्वारा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध अफीम डोडाचुरा को जब्त कर कार को जब्त किया गया।

# सदियों से ढूंढ के रूप में सामाजिक समरसता का संदेश दे देते है ग्रामवासी, हर जाती बिरादरी के घर से सभी होते है शामिल

बढ़ता राजस्थान



**छोटी सादड़ी (नि.स.)।** ग्रामीण क्षेत्रों में होली दहन के दूसरे दिन गांव के सभी लोग मिलकर ढूंढ का आयोजन करते है यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और सामाजिक समरसता का संदेश दे रही है ऐसा देश के कई गांवों में आज भी होता है। बसेड़ा गांव के युवा सामाजिक कार्यकर्ता सोहन लाल आंजना ने बताया कि होली दहन पर भी पूरा गांव शामिल होता है और फिर दूसरे दिन शाम को ढूंढ के रूप में सामाजिक समरसता का संदेश आत्मसात करने के आयोजन में पूरे गांव के हर जाती वर्ग का पूरा सहयोग रहता है जिसमें एक वर्ष पिछली होली दहन से लेकर इस वर्ष की होली दहन तक के बीच में पूरे गांव में जन्मे सभी बच्चे बच्चियों के घर पूरे गांव में रहने वाली सभी जाती बिरादरी के लोग जाते है इस वर्ष 23 बच्चों ने जन्मे जिनके घर सभी लोग गए, आगे आगे ढोल बजता है और पीछे पीछे सभी लोग सामाजिक समरसता के साथ चलते है यही नहीं वर्ष भर में जन्मे प्रत्येक बच्चे के घर पर बैठने के लिए पाल बिछाए जाते हैं जिस पर हर गांव के हर जाती के मोतबीर लोग बैठते है उनके पास नया जन्म लेने वाले बच्चे को गोद में लेकर परिवार का सदस्य बैठता है और उसके ऊपर बलाई समाज का व्यक्ति गैर के डंडे बजाता है उसी समय ढोल भी बजाया जाता है फिर प्रसाद के रूप में नमकीन,पापड़ अथवा मिठाई सभी को बांटी जाती है जिसको बड़े आनंद के साथ सभी ग्रहण करते है। आंजना ने कहा कि वास्तव में होली का त्यौहार जो होली से लेकर रंग तेरस तक रहता है जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक सदियों से सामाजिक समरसता का संदेश दे रही है हम सबको मिलकर इसे आगे चलाए रखना है।

जोधपुर -दिशा की त्रैमासिक बैठक, जोधपुर एवं फलोदी जिलों की योजनाओं व विकास गतिविधियों पर चर्चा

# केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## लोक सेवाओं और सुविधाओं का बेहतर प्रबन्धन करें : गजेन्द्र सिंह शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जोधपुर एवं फलोदी जिलों की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की वर्ष 2024-25 त्रैमास की संयुक्त बैठक केन्द्रीय पर्यटन एवं सस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में रविवार को महिला पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित हुई।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने बैठक में जोधपुर एवं फलोदी जिले में संचालित केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, परियोजनाओं, अभियानों सहित लोक कल्याण एवं सामुदायिक विकास की गतिविधियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शेखावत ने जोधपुर एवं फलोदी जिलों में पेयजल प्रबन्धन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरबन्दी तथा ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत आगामी चार माह में पेयजल उपलब्धता के लिए उपयुक्त कंटीन्जेन्सी प्लान के अनुरूप निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य किया जाए।

**बेहतर बनाएं ग्रीष्मकालीन पेयजल प्रबन्धन :** श्री शेखावत ने जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न विषयों के निस्तारण को दृष्टिगत रखते हुए समुचित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद पड़े हैंड पम्पों तथा ट्यूबवेल्स को युद्धस्तर पर सुचारू करने के लिए जनता जल योजना अंतर्गत कारगर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर क्षेत्र में इस प्रकार से व्यवस्था सुनिश्चित करें कि गर्मियों के दिनों तथा नहरबन्दी के समय पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की दिक्कतें सामने न आएं। श्री शेखावत ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से कहा कि पेयजल से संबंधित तमाम गतिविधियों और योजनाओं की माइक्रो लेवल पर समीक्षा करें और गत वर्ष के अनुभवों को ध्यान में रखकर बेहतर प्रबन्धन तंत्र विकसित करें। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि कंटीन्जेंसी प्लान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मार्च माह के अन्त तक सभी अधिकारियों के साथ पारस्परिक समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें। इसके उपरान्त समीक्षा बैठक आयोजित कर इनकी समीक्षा की जाएगी।

**निक्षय मित्र योजना में शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करें :** श्री शेखावत ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभागीय अधिकारियों से कहा कि आगामी तीन महीने में टीबी रोगियों तथा निक्षय मित्र के गैप को खत्म करते हुए जोधपुर और फलोदी में निक्षय मित्र योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिलों में आ रहे मौसमी बीमारियों एवं वायरल केसेस पर विस्तृत चर्चा की और हर स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने नगर निगम आयुक्त को शहर के सीवरेज तंत्र के सुधार, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा अतिक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।




# आरोग्य समिति की बैठक में औषधालय में सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (नि.स.)।** जिले के गुसांईसर राजकीय आयुर्वेद औषधालय में शनिवार को वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लक्ष्मी नारायण शर्मा की अध्यक्षता में आरोग्य समिति की बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं समिति के सदस्य सचिव लीलाधर शर्मा ने बताया कि समिति के संविधान अनुसार पंजीकृत संस्था की इस वित्तीय वर्ष की अंतिम त्रैमासिक बैठक रखी गई। उन्होंने बैठक में समिति का आय - व्यय विवरण प्रस्तुत किया और औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर की गतिविधियों की प्रगति से अवगत करवाया।

शर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंतर्गत विभाग से फर्नीचर, उपकरण औजार, व संसाधन प्राप्त हुए हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर भी संसाधनों की खरीद की गई है।भवन पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ब्रांडिंग व सिविल वर्क पूर्ण हो गया, योग स्थल और लेब निर्माण हुआ है। टीम द्वारा फैमिली इंपैलनमैट सर्वे का कार्य फरवरी माह से प्रारंभ कर दिया गया है। गैर संचारी रोगों (एनसीडी) से बचाव हेतु कैचमेंट एरिया के 30-65 वर्ष के लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग व नैदानिक परीक्षण और उपचार व परामर्श दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा समुदाय स्तर पर जन स्वास्थ्य की निगरानी एवं देखभाल का अच्छा माध्यम आयुष्मान आरोग्य मंदिर गतिविधियों के माध्यम से उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने आरोग्य समिति को आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुविधाओं से जन समुदाय को अवगत करवाने में अपेक्षित सहयोग देने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सबने अपनी सहमति दी। इस मौके पर औषधालय की सेवाओं को और सुदृढ करने पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में जगदीश प्रसाद शर्मा, धूड़ाराम प्रजापत, सेवानिवृत कैप्टन नारायण प्रसाद जाट, राजेन्द्र झिकनाड़िया, अध्यापक रामनिवास, रक्षा कत्थक पंच, लोकेश कुमार आदि उपस्थित थे। औषधालय के वरिष्ठ कम्पाउंडर राकेश कुमार बड़जाती ने व्यवस्थाओं से अवगत करवाया।

कार्यकारी अध्यक्ष ने समिति की कार्यवाही एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रगति को प्रशंसनीय बताया तथा सजगता से कर्तव्य पालन के लिए औषधालय स्टाफ की सराहना की।

# श्री श्याम बाबा का 24 वाँ वार्षिकोत्सव एवं भंडारा आयोजित, रात भर बहीं श्याम भजनों की बयार

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** श्री श्याम स्नेह सेवा समिति ढ़ाढ़ा (सुदरपुरा) के तत्वाधान में शनिवार रात्रि को गांव के श्री नृसिंह मन्दिर प्रांगण में श्री श्याम बाबा का 24 वाँ वार्षिकोत्सव एवं भंडारा आयोजित हुआ। नाडा धाम के महंत बिहारीदास महाराज ने द्वीप प्रज्जवलित करके जागरण का शुभारम्भ किया। गायक कलाकार रमेश जिंदल ने गणेश, हनुमान जी की वंदना सुनाकर पांडाल में उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। वहीं फूटा जोहड़ा के महंत बलराम दास ने आशीर्वचन देते हुये कहा कि जीवन का कुछ हिस्सा भगवान के भजनों में लगाना चाहिये। उन्होंने बताया कि पहले ऋषि मुनि भगवान की आराधना के लिये तपस्या यज्ञ किया करते हैं। लेकिन सच्चे मन से भगवान के भजनों का गुणगान करने से भी भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। जागरण में गायक कलाकार हरिकिशन शर्मा, बीरबल सिंह साईवाड़, डीजे किंग गायक प्रकाश गुर्जर, कैलाश छैला, डांसर सिमरन, मन्नु तंवर, संगीता यादव, रामप्रकाश भड़ाणा सहित शिवानी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर दूर दराज से आये श्याम मंडल अध्यक्षों, भामाशाहों एवं श्याम भक्तों का समिति की ओर से दुपट्टा एवं श्याम बाबा का चित्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान श्याम बाबा की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर समिति के विनोद कौशिक, गुलाब सिंह, जुगल सिंह, गोपाल शर्मा, नगेंद्र सिंह, शिवपाल सिंह, विजेंद्र जांगिड़, सुभाष जांगिड़, कप्तान सिंह, धर्मसिंह शेखावत, बलबीर सिंह सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

# नया बिजली कनेक्शन लेना हुआ और आसान वितरण कंपनियों की पहल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन के लिए ई-मित्र के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया गया है। डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा ने बताया कि ई-मित्र एप्लीकेशन को अब डिस्कॉम्स के न्यू कनेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम मॉडयूल से इंटीग्रेटेड कर दिया गया है। जिससे अब ई-मित्र पर आवेदन के साथ ही डिस्कॉम्स कार्मिकों के स्तर पर की जाने वाली इंस्पेक्शन, डिमांड नोट जारी करने आदि समस्त प्रक्रियाएं भी एनसीएमएस मॉड्यूल पर संधारित की जाएंगी। इससे आवेदकों को ई-मित्र के माध्यम से आवेदन के बावजूद कनेक्शन के लिए डिस्कॉम कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता अब नहीं होगी और सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ उन तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सकेगी। इससे लंबित कनेक्शनों की मॉनीटरिंग का काम भी ऑनलाइन हो पाएगा। जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण कम्पनियों ने एक साथ यह सुविधा प्रारंभ कर दी है।

उल्लेखनीय बिजली बिल जमा कराने, कनेक्शन के लिए आवेदन तथा अन्य सेवाओं के भुगतान संबंधी सेवाएं ई-मित्र पर पहले से ही प्रदान की जा रही थीं। लेकिन ई-मित्र एप्लीकेशन के एनसीएमएस मॉड्यूल से इंटीग्रेटेड नहीं होने के कारण आवेदकों को इसके बाद भी डिस्कॉम कार्यालय जाना पड़ता था। अब इससे सब डिविजन कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सुश्री डोगरा ने बताया कि जल्द ही स्वीकृत विद्युत भार में बढोतरी अथवा कमी, नाम और श्रेणी परिवर्तत जैसी सेवाएं भी ई-मित्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि नए कनेक्शन के लिए आवेदन की यह सुविधा बिजली मित्र मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध है।

**पेपरलैस सिस्टम को मिलेगी मजबूती :** सुश्री डोगरा ने बताया कि इससे सब डिविजन कार्यालयों में हर कनेक्शन के लिए अलग से मैन्यूअल पत्रावलियां तैयार करने से फाइलों के बढ़ते बोझ के काम को भी कम किया जा सकेगा। इससे राजस्थान डिस्कॉम्स की कार्यप्रणाली में पेपरलैस सिस्टम को मजबूती मिलेगी।

**साइट निरीक्षण में आएगी पारदर्शिता :** आवेदक द्वारा नए कनेक्शन के लिए आवेदन के पश्चात् साइट के निरीक्षण के लिए जेईएन साइट सत्यापन मोबाइल एप्लीकेशन को भी एनसीएमएस के साथ एकीकृत कर दिया गया है। इससे नए कनेक्शन की फिजिबलिटी तथा एस्टीमेट मौके पर ही तैयार किया जाएगा। जेईएन साइट वेरीफिकेशन एप और एनसीएमएस के इंटीग्रेटेड किए जाने से ऑन साइट जांच में पारदर्शिता आएगी और समय की बचत भी होगी।

# राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के युवा टीम पहुंची जयपुर एनजीओ का निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के युवा जिला अध्यक्ष बिल्लूराम सैनी के नेतृत्व में एनजीओ टीएसवी ग्रुप ऑफ संगठन मानावास जयपुर का कार्यकर्ताओं ने एनजीओ निरीक्षण किया। एनजीओ की संयोजक तनु सैनी ने बताया कि 50 गरीब बच्चे ह्लह्व मे पढ़ते हैं।इस मौके पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष उदय तोदवाल, मानव अधिकार सामाजिक संगठन के जिला अध्यक्ष रामकुमार सैनी रसनाली, प्रदीप कुमार सैनी, विजय सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन, जयपुर जिला कार्यकारिणी के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन समारोह 2025 का भव्य आयोजन ग्लोरियस वेंकट, श्याम नगर, जयपुर में संपन्न हुआ। इस रंगारंग समारोह के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह (अलवर) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव सुनील खांडल, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सैनी, श्याम सुंदर पारीक, प्रदेश अध्यक्ष चिरंजी लाल सैनी, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष चमन कंवर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मोनू , प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह रंधावा, महिला विंग की नीलम सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारियों जैसे सुधांशु गोस्वामी, उमेश, राम अवतार, कमला, विमला, वैशाली, बिना, गोपाल समेत बड़ी संख्या में सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में गीत-संगीत, नृत्य और पुष्पवर्षा के साथ उल्लास का माहौल बना रहा। इस आयोजन ने संगठन के सदस्यों के बीच सौहार्द और भाईचारे को प्रोत्साहित किया तथा सामाजिक न्याय और मानव अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया।

# श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** डायमंड क्वींस क्लब की तरफ से वैशाली नगर में श्री श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक फेदरवेट ग्रुप, एलिगेंट ऑय म्यूज़िक, नटराज इंस्टिट्यूट चित्रकूट एवं टेक्सटोरियम रहे। कार्यक्रम में प्रमुख आकर्षण फूलों की होली रही। सभी क्लब मेंबर्स ने अपने परिवार के साथ शिरकत कर भजन संध्या का आनंद लिया।

कार्यक्रम में शहर के लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्लब की ऑर्गेनाइजर अनिता शर्मा, रोमल शर्मा, गायत्री शर्मा, वंदिता शर्मा ने बताया कि डायमंड क्वींस क्लब समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है। क्लब ऑर्गनाइजर्स ने अपने आगामी कार्यक्रम तीज और राखी एग्जीबिशन की भी घोषणा की, जो कि जुलाई माह में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुखय संयोजिका अनिता शर्मा डायरेक्टर फ़ीदरवेट ग्रुप, संगीता जैन डायरेक्टर एलिगेंट ऑय म्यूजिक, सुनीता वर्मा प्रिंसिपल नटराज इंस्टिट्यूट का क्लब के ऑर्गेनाइजर्स रोमल शर्मा, गायत्री शर्मा, वंदिता शर्मा ने स्वागत किया।

# अशोक गहलोत ने किया जादूकमल बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत व्यक्तित्व एवं कृतित्व का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान3

**जयपुर (का.स.)।** देश के विख्यात जादूगर स्व.बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत के जीवन पर आधारित जादू लेखक,जादू पत्रकार जादूगर प्रहलाद राय द्वारा लिखित ''जादूकमल बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत व्यक्तित्व एवं कृतित्व'' पुस्तक का पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लोकार्पण किया गया वरिष्ठ साहित्यकार, व्यंग्य लेखक फारुक आफरीदी नें अध्यक्षता की एंवं आटो लाइट इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर एवं जादूगर एम पी गुप्ता के विशिष्ट अतिथि थे। लोकार्पण अवसर पर प्रहलाद राय के पुत्र जादूगर विश्वजीत राय (नर्सिंग आफिसर), जादूगर राजीव राय (नर्सिंग अधीक्षक), धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला राय के साथ प्रियंका,रमण राय, संतोष,किरण, तनिष्क, विष्णु, सिद्धिमा और आयुषी आदि उपस्थित रहे। प्रहलाद राय की यह पुस्तक चार खण्डों और 140 पृष्ठों मे है जिसमें बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत के रहम दिल परिवार, उनकी जापान यात्रा, समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक समरसता आदि को विस्तार से बताया गया है।लेखक के अनुसार बाबू लक्ष्मण सिंह गहलोत के रक्त में ही जादू था।उन्होने जीवन भर सामाजिक कुरीतियों , अंधविश्वासों के विरुद्ध संघर्ष किया। नगर परिषद जोधपुर के अध्यक्ष रहते हुए वे सदैव जातपांत से ऊपर उठकर पीड़ित मानवता की सेवा मे लगे रहे।पुस्तक में उनके सभी शिष्यों के उद्वार,उनके जयंती पर आयोजित सम्मेलन समारोहों का विस्तार से वर्णन किया गया है। पुस्तक मे उनकी स्मृति मे आयोजित परिचर्चाओं और संस्थानों का भी वर्णन है।

# विप्र गौरव महिला समिति ने मनाया होली मिलन समारोह



बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)। विप्र गौरव महिला समिति राजगढ़ द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला राजगढ़ में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओ ने उत्सव के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ.नीरज शर्मा तथा संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष उषा दीवान ने भगवान परशुराम के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। उसके बाद फूल व गुलाल से होली खेली गयी। इस कार्यक्रम में वंदना शर्मा,उर्मिला शर्मा,बीना शर्मा, संतोष गौड़,बबीता शर्मा,सीमा मिश्रा,सुमन शर्मा,रेखा शर्मा,ममता शर्मा,अंजना दीक्षित,पुष्पलता प्रधान,सीमा शर्मा,सुशीला शर्मा सहित समाज की सैकड़ो महिलाये मौजूद रही।

# विद्युत उपभोक्ताओं के लिये विशेष शिविरों का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिये राहत की खबर है। उनके लम्बित और विवादित बिलों के समाधान हेतु विशेष शिविर आयोजित किये जायेगें। शिविर का मुख्य उद्देश्य डीसी, पीडीसी और नियमित विद्युत कनेक्शनों से जुड़े बकाया बिलों का निस्तारण करना है। सोमवार को सहायक अभियंता कार्यालय, कोटपूतली में विशेष शिविर आयोजित होगा, जहां उपभोक्ताओं को मौके पर ही उनके बिलों से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्रदान किया जायेगा। साथ ही विवादित राशि वाले बिलों को निपटाकर तुरंत जमा करने की सुविधा भी दी जायेगी। मंगलवार 18 मार्च को ग्राम पंचायत पनियाला में शिविर आयोजित होगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी लाभ मिल सकें। यह पहल उन उपभोक्ताओं के लिये बड़ी राहत लेकर आई है, जो लंबे समय से अपने विद्युत बिलों की समस्याओं से जूझ रहे थे। यह अवसर ना केवल वित्तीय बोझ को हल्का करेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को अनावश्यक देरी और परेशानियों से भी बचायेगा। इसी प्रकार 20 मार्च को ग्राम पंचायत सुन्दरपुरा, 22 मार्च को ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा, 23 मार्च को ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा, 25 मार्च को ग्राम पंचायत नांगल पण्डितपुरा, 26 मार्च को ग्राम पंचायत कांसली, 27 मार्च को ग्राम पंचायत कल्याणपुरा खुर्द व 28 मार्च को ग्राम पंचायत अमाई में विशेष शिविरों का आयोजन होगा। जिसमें सम्बंधित जीएसएस के अधीन आने वाले गांवों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। शिविर की व्यवस्थाओं के लिये उक्त फिडर के इंचार्ज को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। शिविर में विधुत विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेगें।

# सीएनजी व पीएनजी पर वैट दर घटाने की अधिसूचना जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुमोदन उपरान्त रविवार को सीएनजी व पीएनजी पर वैट दर घटाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह दर सोमवार,17 मार्च से प्रभावी होगी। इससे आमजन के साथ-साथ निवेशक और उद्यमी भी लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 12 मार्च को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान सीएनजी व पीएनजी पर वैट की दर को 10 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत करने की घोषणा की गई थी।

# पुष्पा एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का स्ट्रगल

## एक्ट्रेस बोलीं- हाथ जलते, पेट दर्द से तड़पती, फिर भी सेट पर जाना पड़ा, हार मानना मंजूर नहीं

पैन इंडिया स्टार बनीं रश्मिका मंदाना का सफर आसान नहीं था। किरिक पार्टी से डेब्यू के बाद उन्होंने डबल शिफ्ट्स, स्क्रीन टेस्ट और रिजेक्शन झेले, लेकिन हार नहीं मानी। पुष्पा की सफलता ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। अब अपनी पहली सोलो फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर उत्साहित रश्मिका ने खास बातचीत में अपने स्ट्रगल, स्टारडम और नए प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की।



### कई बार शरीर ने जवाब दे दिया, लेकिन फिर भी सेट पर जाना पड़ा

बहुत मुश्किल दौर था। ऐसा लगता था कि मैं पूरी ताकत से भाग रही हूं, लेकिन मंजिल नजर ही नहीं आ रही। दिन-रात मेहनत कर रही थी - डबल शिफ्ट्स, डायलॉग कोचिंग, स्क्रीन टेस्ट, रिजेक्शन। कई बार ऐसा हुआ कि शरीर ने जवाब दे दिया, लेकिन फिर भी सेट पर जाना पड़ा।

हाथ जल जाते, कभी पेट दर्द से परेशान होती, फिर भी खुद को संभालना पड़ता। पर यही वो समय था जब मैंने खुद से वादा किया कि यह संघर्ष कभी बेकार नहीं जाएगा। जब भी निराश होती थी, खुद से कहती थी - 'अच्छे दिन आएंगे, बस चलते रहो।' यही सोच मेरी सबसे बड़ी ताकत बनी।

### मैं अपनी सबसे बड़ी कॉम्पटीटर खुद हूं

मैं कभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होती। हर फिल्म के बाद सोचती हूं, 'अब इससे बेहतर क्या कर सकती हूं?' जब 'पुष्पा' की, तब लगा कि ये बेस्ट है, लेकिन अब सोचती हूं कि इससे आगे क्या? मैं अपनी सबसे बड़ी कॉम्पटीटर खुद हूं।

मैं यह नहीं चाहती कि लोग मुझे किसी और से कंपेयर करें। मेरा फोकस हमेशा खुद को बेहतर बनाने पर रहता है। मेरे लिए स्टारडम से ज्यादा जरूरी यह है कि लोग मुझसे कनेक्ट महसूस करें। जब लोग आपकी सच्चाई से प्यार करने लगते हैं, तो सफलता और असफलता मायने नहीं रखती।

### मैं बस पलभर का स्टारडम नहीं चाहती

जब दिल्ली, पटना, मुंबई जैसे शहरों के लोग मुझे अपनाते हैं, तो यह मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि लगती है। मैं बस पलभर का स्टारडम नहीं चाहती, बल्कि ऐसा प्यार चाहती हूं जो लंबे समय तक बना रहे। जैसे कहते हैं न, 'घर की बेटी', मैं चाहती हूं कि लोग मुझे उसी तरह से अपनाएं।

मैं लोगों के दिलों का हिस्सा बनना चाहती हूं, उनकी बातचीत में रहना चाहती हूं। यही वजह है कि मैं हर फिल्म में अपनी पूरी जान लगा देती हूं। अब जब लोग इतना प्यार देते हैं, तो लगता है कि मेरी मेहनत सही दिशा में जा रही है।

### मेरे काम में अब आत्मविश्वास है, जो पहले नहीं था

इन सालों में मैंने बहुत कुछ सीखा और खुद को काफी इवॉल्व किया है। शुरुआती दिनों में मैं परफॉर्म तो कर रही थी, लेकिन खुद पर उतना भरोसा नहीं था। लोग कहते थे कि मैं स्क्रीन पर अच्छी लगती हूं, लेकिन मैं खुद अपने काम से संतुष्ट नहीं थी।

आज मुझे पता है कि जब मैं स्क्रीन पर आती हूं, तो लोग मुझ पर फोकस करते हैं। मेरे काम में अब एक आत्मविश्वास है, जो पहले नहीं था। यह मेरे लिए सबसे बड़ा बदलाव है और इसी पर मुझे गर्व भी है।

### 'द गर्लफ्रेंड' मेरी बेबी फिल्म है

'द गर्लफ्रेंड' मेरे लिए बहुत खास फिल्म है। यह एक अलग तरह की कहानी है, जिसमें इमोशन और ड्रामा है। मैंने इस फिल्म को अपने करियर की सबसे बड़ी जिम्मेदारी की तरह लिया है। इसे मैं अपनी 'बेबी फिल्म' मानती हूं, क्योंकि यहां सबकुछ मुझ पर टिका था। पूरी टीम ने दिल लगाकर मेहनत की है और मुझे यकीन है कि ऑडियंस को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी।

# कीमोथैरेपी से सूख गए हिना खान के नाखून

## एक्ट्रेस बोलीं, ये साइड इफेक्ट है कभी-कभी ये नाखून उखड़ भी जाते हैं, खुशी है ये सब टेंपरेरी है

ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी जिंदगी की जैसे शोज का हिस्सा रहीं हिना खान इन दिनों स्टेज 3 कैंसर से जंग लड़ रही हैं। उन्हें लगातार कीमोथैरेपी लेनी पड़ रही है। एक्ट्रेस अक्सर सोशल मीडिया पर अपने हेल्थ अपडेट देने के साथ-साथ लोगों को मोटिवेट करती नजर आती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक तस्वीर शेयर कर बताया है कि कीमोथैरेपी से उनके हाथ की उंगलियों के नाखून सूख गए हैं और कई बार उखड़ भी जाते हैं।

हिना ने हाल ही में अपनी मां का हाथ थामे हुए एक तस्वीर शेयर की। इस समय कई लोगों का ध्यान उनके नाखूनों पर गया, जो हल्के कत्थई थे। ऐसे में लोगों ने सवाल करना शुरू कर दिया कि क्या वो नेल पेंट लगाती हैं।

इन सवालों के जवाब में हिना ने अपने नाखूनों की तस्वीर शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा है, आप में से कई लोगों ने मुझसे मेरे नाखूनों के बारे में पूछा, इनमें से कुछ मेरी बिल्डिंग के भी हैं। मैंने नेल पॉलिश नहीं लगाई है। मैं नेल पेंट के साथ नमाज कैसे पढ़ सकती हूं, थोड़ा दिमाग लगाओ मेरे प्यारे साथियों। नाखूनों का रंग जाना कीमोथैरेपी के साइड इफेक्ट्स में से एक है। मेरे नाखून नाजुक और सूखे हो चुके हैं। कभी-कभी ये सतह से उखड़ भी जाते हैं, लेकिन लेकिन लेकिन आप जानते हैं कि अच्छी बात क्या है, ये सब टेंपरेरी है। और याद रखना हम सब हील कर रहे हैं।

# सिंगर सुनंदा शर्मा बोलीं- अब मैं फ्री बर्ड हूं : धालीवाल पर कार्रवाई के बाद सीएम को धन्यवाद किया, कहा- फिर से करूंगी मनोरंजन

पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा के साथ धोखाधड़ी की कोशिश और मानसिक रूप से परेशान करने के मामले में म्यूजिक कंपनी के प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोर्ट से राहत मिल चुकी है। अब इसे लेकर गुरुवार रात पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा ने अपना एक वीडियो शेयर किया और उसमें उन्होंने पंजाब के सीएम सरदार भगवंत सिंह मान, उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर और पंजाब महिला आयोग लाली गील का धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने उन कलाकारों को भी धन्यवाद कहा, जिन्होंने सुनंदा शर्मा के हक में आवाज उठाई।

### सुनंदा बोलीं- मेरी तुरंत प्रभाव से सुनवाई की गई

पिंकी धालीवाल पर हुई कार्रवाई के बाद पहली बार पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया। जिसमें सुनंदा शर्मा ने कहा- सबसे पहले मैं पंजाब के सीएम भगवंत मान, उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर और महिला आयोग लाली गिल का धन्यवाद करती हूं। सुनंदा शर्मा ने कहा- धन्यवाद इसलिए, क्योंकि मेरी तुरंत प्रभाव से सुनवाई की गई और आरोपी के खिलाफ बनती कार्रवाई की गई।

# फराह खान के खिलाफ धर्मशाला में एफआईआर की मांग

## होली को कहा था छपरियों का पर्व; एडवोकेट बोले-हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत की



धर्मशाला। बॉलीवुड फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। एक रियलिटी शो में होली को छपरियों का त्योहार कहने पर हिमाचल के धर्मशाला पुलिस थाने में उन पर स्न्ढ्क्रकी मांग की गई है। धर्मशाला के कुछ एडवोकेट बीती शाम को धर्मशाला पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचे।

धर्मशाला के एडवोकेट विश्वचक्षु ने बताया कि फराह खान की टिप्पणी से करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने पुलिस से फराह खान के खिलाफ एफआईआर की मांग की है। उन्होंने कहा कि होली के त्योहार पर युवाओं को छपरी कहना अनुचित है। कांगड़ा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तरुण शर्मा ने बताया कि फराह खान को लीगल नोटिस पहले ही भेजा जा चुका है। नोटिस का जवाब आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। फराह खान की इस टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर भी लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

**20 फरवरी को टीवी शो में किया कमेंट**-बता दें कि बीते 20 फरवरी को एक टीवी शो के एक एपिसोड के दौरान फराह ने यह बयान दिया था। इसके बाद हिंदू संगठन फराह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया में भी फराह लगातार ट्रोल हो रही हैं।




# कृष 4 की शूटिंग टलने की खबरें अफवाह

## दावा था- 700 करोड़ पहुंचा फिल्म का बजट, शूटिंग रोकी गई; ऋतिक के करीबी बोले- खबरें निराधार

ऋतिक रोशन और राकेश रोशन की फ्रैंचाइजी कृष भारतीय सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्म है। अब यह चौथे पार्ट को लेकर चर्चा में है। हाल ही में यह खबर सामने आई थी कि यह फिल्म 700 करोड़ के बजट के कारण टाल दी गई है। लेकिन राकेश रोशन का कहना है कि फिल्म की अनाउंसमेंट जल्द की जाएगी।

### सिद्धार्थ आनंद के फिल्म से अलग होने की खबर

फिल्म का बजट ज्यादा होने के कारण कोई स्टूडियो इस पर काम करने के लिए तैयार नहीं है। खबर यह भी है कि सिद्धार्थ आनंद और उनकी कंपनी मार्फ्लिक्स भी इस फिल्म से अलग हो गई है।

### बजट को लेकर चल रही खबर गलत

रोशन परिवार और फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के अनुसार, बजट के बारे में जो खबरें चल रही हैं, वह पूरी तरह से गलत हैं। इतना ही नहीं हाल ही में एक इंटरव्यू में राकेश रोशन ने भी बताया था कि कृष 4 पर ऑफिशियल अपडेट साल के अंत तक आने की उम्मीद है।

### 700 करोड़ के बजट पर बन रही है फिल्म

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में इंडस्ट्री के सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया कि कृष 4 के लिए भारी बजट की जरूरत है, इसलिए कोई भी स्टूडियो फिल्म में इन्वेस्ट नहीं करना चाहता। रिपोर्ट में कहा गया कि बड़े बजट के साथ-साथ इसमें कुछ रिस्क भी है। जिस कारण कोई भी स्टूडियो 700 करोड़ रुपए का इन्वेस्ट करने को तैयार नहीं थे। शुरुआत में ऋतिक ने अपने करीबी दोस्त सिद्धार्थ आनंद को प्रोडक्शन पार्टनर का काम सौंपा था। खबर है कि सिद्धार्थ आनंद और उनके बैनर मार्फ्लिक्स फिल्म्स, डायरेक्टर करण मल्होत्रा के साथ इस प्रोजेक्ट से दूर हो गए हैं। ऋतिक और उनके पिता राकेश रोशन अब एक नए स्टूडियो की तलाश कर रहे हैं।

### भारत की पहली सुपरहीरो फ्रैंचाइजी है कृष

कृष फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 की फिल्म कोई मिल गया से हुई थी। जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन, रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था। जिसमें कृष का परिचय करवाया गया था। इस फिल्म में ऋतिक ने रोहित और कृष्णा (कृष) का डबल रोल किया था। इसके 7 साल बाद 2013 में कृष फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म कृष 3 रिलीज हुई थी। अब पूरे 12 साल बाद कृष-4 की तैयारी की जा रही है।

# अंकिता लोखंडे, तेजस्वी प्रकाश समेत 25 सेलेब्स से हुई धोखाधड़ी

## एनर्जी ड्रिंक ब्रांड के खिलाफ शिकायत दर्ज

अंकिता लोखंडे, आयुष शर्मा, तेजस्वी प्रकाश, करण कुंद्रा, जय भानुशाली समेत 25 सेलिब्रिटीज के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में हाल ही में एक सेलिब्रिटी मैनेजिंग कंपनी ने एनर्जी ड्रिंक की कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। आरोप हैं कि कंपनी ने कई सेलेब्स ने एनर्जी ड्रिंक का विज्ञापन करवाया लेकिन उन्हें पेमेंट नहीं की। कंपनी पर सेलेब्स के डेढ़ करोड़ रुपए बकाया हैं। सेलिब्रिटीज मैनेजिंग कंपनी की रोशन गैरी ने मुंबई के चेंबूर पुलिस स्टेशन में 5 आरोपियों तनिष छेड़जा, मनु श्रीवास्तव, फैसल रफीक, अब्दुल और ऋतिक पांचाल के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में रोशन गैरी ने बताया है कि वो एक एड कंपनी चलाते हैं, जो प्रोग्राम और विज्ञापन के लिए पॉपुलर सेलिब्रिटीज के साथ कोलेबोरेशन करवाते हैं। जुलाई 2024 में उन्हें एक शख्स का कॉल आया, जिसने बताया कि वो एक एनर्जी ड्रिंक ब्रांड के लिए 25 सेलिब्रिटीज से कोलेब करना चाहता है।

# राज ने कमाए 35 करोड़, देवदास ने 90 करोड़ : डीनो मोरिया ने किया दावा- राज ने 7 गुना रिटर्न दिया, देवदास ने सिर्फ 3 गुना

डिनो मोरिया ने हाल ही में एक इंटरव्यू में फिल्म राज की तुलना शाहरुख खान की देवदास से की। उन्होंने कहा कि देवदास एक ज्यादा बजट वाली फिल्म थी और इसे बड़े पैमाने पर रिलीज किया गया था, जबकि राज को छोटे पैमाने पर रिलीज किया गया था। फिर भी राज ने देवदास से ज्यादा अच्छी कमाई की। हालांकि, इसके बावजूद उन्हें कोई पुरस्कार नहीं मिला, जिससे वह काफी निराश हैं। पिंकविला से बातचीत में डिनो मोरिया ने कहा, फिल्म राज एक बड़ी हिट थी। उसी साल शाहरुख खान की देवदास भी रिलीज हुई थी। लेकिन अगर आप दोनों फिल्मों की कमाई और खर्च को देखें, तो हमारी फिल्म (राज) ने देवदास के मुकाबले ज्यादा कमाई की और वह उस साल की बड़ी हिट भी साबित हुई। डिनो ने आगे कहा, इसके बाद भी हमें सिर्फ दो पुरस्कार मिले। बिपाशा और मुझे न्यू जोड़ी का अवॉर्ड मिला, जबकि राज फिल्म के गाने इतने पॉपुलर थे कि लोग आज भी उन्हें सुनते हैं। लेकिन फिर भी हमें गानों के लिए कोई पुरस्कार नहीं मिला।



### दोनों फिल्मों की कमाई

सैकनिल के मुताबिक, देवदास का बजट 30 करोड़ रुपए का था और उसने दुनियाभर में करीब 90 करोड़ रुपए की कमाई की थी, जबकि राज ने 35 करोड़ रुपए की कमाई की और उसका बजट करीब 5 करोड़ रुपए था।

### 2002 में रिलीज हुई थी देवदास-राज

फिल्म देवदास 2002 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय, माधुरी दीक्षित, जैकी श्रॉफ, किरण खेर जैसे स्टार्स दिखाई दिए थे। इस फिल्म के लिए शाहरुख को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी मिला था, जबकि राज भी उसी साल रिलीज हुई थी। इसमें डिनो मोरिया और बिपाशा बसु नजर आए थे।



रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी बोले-कांग्रेस की सोच अच्छी नहीं

## इसलिए जनता ने उनको घर बैठा दिया, कर्नाटक सरकार के फैसले पर कहा-भगवान सद्बुद्धि दे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि बीजेपी के लिए राष्ट्र प्रथम है। पीएम मोदी के साथ-साथ बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी इसी विजन के साथ काम कर रहे हैं। पहले हम भारत माता की जय बोलते है, उसके बाद पार्टी की जय बोलते हैं।

कांग्रेस कितनी पुरानी पार्टी है। केन्द्र और राज्यों में उनकी सरकारें रही हैं। लेकिन उनकी सोच अच्छी नहीं थी। इसलिए जनता ने उनको घर बैठा दिया। बाकी थोड़े बहुत बचे है, उनको भी घर बैठा देंगे।

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार द्वारा मुस्लिम ठेकेदारों को सरकारी टैंडर में 4 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव पर भागीरथ चौधरी ने कहा कि कांग्रेस देश में भाईचारा मिटाने का काम कर रही है। यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण हैं। भगवान उनको सदबुद्धि दे। वे पीएम मोदी के सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर सरकारें चलाए, तभी देश का कल्याण होगा।

भागीरथ चौधरी आज बीजेपी प्रदेश कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मान समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से पूर्व मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

### कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति कर रही

इस मामले को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की है। कांग्रेसियों ने समाज को वर्गों में बांटने का काम किया और वोट बैंक के लिए देश का विभाजन करने का काम किया।

कांग्रेस की यह नीति सही नहीं। देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड नियम लागू होना चाहिए। सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रहे है। ऐसे में विपक्ष को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

### किसान मोर्चा ने मदन राठौड़ का किया सम्मान

बीजेपी किसान मोर्चा ने आज नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने मदन राठौड़ की सादगी व मिलन सारिता की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चौधरी ने कहा कि मदन राठौड़ के नेतृत्व में सत्ता व संगठन के मजबूत तालमेल से प्रदेश में विकास कार्यों में गति आएगी।



वहीं मदन राठौड़ ने सम्मान समारोह के लिए मोर्चा के पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया और कहा कि केंद्र व राज्य के बजट में खेत-किसान के लिए की गई घोषणाएं पूरी होने से प्रदेश का किसान न केवल खुशहाल होगा, बल्कि उसकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ होगी।

# शिक्षा के साथ ज्ञान-विज्ञान से जुड़े, मुस्लिमों को नितिन गडकर ने दी सलाह



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कॉलेज के दीक्षांत समारोह में मुस्लिम समुदाय पर बयान दिया है। उन्होंने बेबाकी से कहा कि हमारे समाज में मुस्लिम समुदाय को शिक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत है। गडकरी ने मुस्लिम समुदाय में शिक्षा पर जोर देते हुए लोगों से अपील की कि आप शिक्षा और रोजगार के महत्व को समझें।

गडकरी ने बताया कि जब वह महाराष्ट्र में विधायक थे तो उन्हें भी एक इंजीनियरिंग कॉलेज मिला। इस इंजीनियरिंग कॉलेज को उन्होंने नागपुर के अंजुमन इस्लाम को दे दिया। इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि आपने इसे अंजुमन इस्लाम को क्यों दिया? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हमारे समाज में शिक्षा की सबसे ज्यादा आवश्यकता कहीं है तो मुस्लिम समाज में है। गडकरी ने कहा, दुर्भाग्यवश ये पांच ही धंधे इस समाज मे लोकप्रिय हुए - चाय की टपरी, पान ठेला, कबाड़ी की दुकान, ट्रक ड्राइवर और क्लीनर। उन्होंने आगे मुस्लिमों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा और रोजगार के महत्व को समझें। इन सीमित व्यवसायों से अलग आपको मेडिकल और इंजीनियरिंग जैस क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बनानी चाहिए। हम सबको समझना चाहिए कि शिक्षा ही आर्थिक सामाजिक विकास का आधार है।

गडकरी ने आगे सलाह देते हुए कहा, मस्जिद में नमाज पढ़ें, एक बार नहीं सौ बार पढ़ें। यह भी समझें कि जब तक आप विज्ञान और तंत्र विज्ञान को आत्मसात नहीं करेंगे, तब तक आपका भविष्य क्या होगा? आज विज्ञान और तकनीक का युग है और इसमें आपके समुदाय की भागीदारी बढ़नी चाहिए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जी ने अपने ज्ञान-विज्ञान से पूरी दुनिया में नाम कमाया था।

# मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह का निधन

## महाराणा प्रताप के वंशज थे; बेटे लक्ष्यराज सीढ़ियों पर बैठकर रोते हुए दिखे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ (80) का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। सिटी पैलेस के शंभू निवास में वे रहते थे और यहीं उनका इलाज भी हो रहा था। महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ के पिता भगवत सिंह मेवाड़ और माता सुशीला कुमारी मेवाड़ थे। उनके बड़े भाई महेन्द्र सिंह मेवाड़ का निधन पिछले साल 10 नवंबर 2024 को हुआ था।



### अरविंद सिंह मेवाड़ को बनाया था संपत्तियों का एग्जीक्यूटर

पूर्व महाराणा भगवत सिंह ने साल 1963 से लेकर 1983 तक पूर्व राजपरिवार की कई प्रॉपर्टी को लीज पर दे दिया था। पिता के इसी फैसले से नाराज होकर बड़े बेटे महेंद्र सिंह मेवाड़ ने उन पर कोर्ट में सूट (केस) फाइल कर दिया। महेंद्र सिंह ने कोर्ट में कहा कि रूल ऑफ प्रोइमोजेनीचर प्रथा को छोड़कर पैतृक संपत्तियों को सब में बराबर बांटा जाए। दरअसल, रूल ऑफ प्राइमोजेनीचर आजादी के बाद लागू हुआ था, इसका मतलब था कि जो परिवार का बड़ा बेटा होगा, वो राजा बनेगा।

### दावा- डेस्टिनेशन वेडिंग के ट्रेंड की शुरुआत की

राजस्थान समिट के दौरान अरविंद सिंह मेवाड़ के बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा था कि उदयपुर को इस मुकाम पर पहुंचने में काफी लोगों की मेहनत है।

मेरे पिताजी ने 1980 के दशक में डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर एक सोच और एक नींव के साथ काम शुरू किया था। तब काफी लोगों ने इस चीज पर उनका मजाक बनाया।

उन्होंने डेस्टिनेशन वेडिंग को मजाक समझा था। आज हालात बदल गए हैं। न सिर्फ राजस्थान बल्कि, देशभर में डेस्टिनेशन वेडिंग का एक चलन शुरू हो चुका है।

### आज सुबह होगा अंतिम संस्कार

अरविंद सिंह मेवाड़ की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन सोमवार को सुबह 7 बजे से सिटी पैलेस में होंगे। इसके बाद अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे से निकलेगी। उनकी अंतिम यात्रा शंभू पैलेस से शुरू होकर बड़ी पोल, जगदीश चौक, घंटाघर, बड़ा बाजार, देहली गेट से होकर महासतिया पहुंचेगी।

# 8 अमेरिकी राज्यों में 40 बवंडर, 34 मौतें: हवा की रफ्तार 265 किमी प्रतिघंटा

## 10 करोड़ लोग प्रभावित, 2 लाख घरों में ब्लैक आउट



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में अलबामा, मिसीसिपी, लुसियाना, इंडियाना, अरकंसास, मिसौरी, इलिनॉय और टेनेसी राज्य टॉरनेडो (बवंडर) की चपेट में हैं। एबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इन राज्यों में अब तक 40 टॉरनेडो आ चुके हैं। मौसम विभाग ने हालात और ज्यादा गंभीर होने की आशंका जाहिर की है।शनिवार और रविवार को अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है। मिसौरी में सबसे ज्यादा 12 मौतें हुई हैं। 10 करोड़ अमेरिकी आबादी प्रभावित है। 2 लाख घरों में बिजली गुल हो गई है। कैनसस में धूलभरी आंधी के चलते हाईवे पर लगभग 50 गाड़ियां टकरा गईं। इसमें 8 लोगों की मौत हुई। मिसिसिपी में 6 लोगों की मौत हो गई और तीन लापता हैं। 100 किमी/घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चल रही है। अरकंसास में आंधी की रफ्तार 265 किमी/घंटे रिकॉर्ड की गई। इमारतें और सड़कें तबाह हो गई हैं। कनाडाई बॉर्डर पर बर्फीले तूफान और गर्म इलाकों में जंगलों में आग लगने की आशंका जाहिर की गई है।

### टॉरनेडो की रफ्तार बढ़ेगी, बेसबॉल के साइज के ओले गिरेंगे

अमेरिकी स्टॉर्म प्रेडिक्शन सेंटर ने दावा किया कि तेज गति से बढ़ते ये टॉरनेडो गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। आज भी कई राज्यों में बेसबॉल के आकार के ओले गिरने और टॉरनेडो आने की संभावना है। ईस्ट लुइसियाना, मिसिसिपी, अलबामा, वेस्ट जॉर्जिया और फ्लोरिडा में टॉरनेडो का अलर्ट है। टेक्सास, कंसास, मिसौरी और न्यू मैक्सिको में जंगल की आग का खतरा है। टेक्सास, ओक्लाहोमा, मिसौरी, इलिनोइस, इंडियाना और मिशिगन में तेज हवाओं के चलते दो लाख से ज्यादा घरों की बिजली गुल हो गई है। नेशनल वेटर सर्विस ने साउथ डकोटा और वेस्ट मिनेसोटा के कुछ हिस्सों में बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी की है। इन क्षेत्रों में 6 इंच तक बर्फ गिरने की संभावना है।

# तेलंगाना सीएम की ट्रोलर्स को चेतावनी- नंगा करवाकर सड़क पर पिटवाऊंगा

## कहा- परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर लिखना ठीक नहीं, खून खौलता है

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा है कि उनके खिलाफ अपशब्द कहने वालों को 'नंगा कर बीच सड़क पर परेड निकालकर पीटा जाएगा। रेड्डी का यह बयान राज्य में दो महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी के बाद आया है। इन पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। रेड्डी ने विधानसभा में कहा- यह मत सोचिए कि मैं चुप हूं, क्योंकि मैं मुख्यमंत्री हूं। मैं आपको नंगा कर दूंगा और आपको पीटूंगा। ऐसे लाखों लोग हैं जो मेरे कहने पर आपको पीटने के लिए सड़कों पर उतर आएंगे। मैं अपने पद के कारण सहनशील बना हुआ हूं। हालांकि, उन्होंने फिर कहा कि मैं जो भी करूंगा, कानून के दायरे में रहकर करूंगा। रेड्डी ने कहा- हम सार्वजनिक जीवन में हैं और आलोचना के लिए तैयार हैं, लेकिन हमारे परिवार के सदस्यों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है रेवंत रेड्डी ने घोषणा की है कि पत्रकारिता की आड़ में सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री फैलाने की संस्कृति पनपने तक वे चुप नहीं रहेंगे।

### रेड्डी की स्पीच की मुख्य बातें...

**1. बीआरएस ऑफिस में वीडियो शूट करने का आरोप**

दरअसल, रेड्डी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने 10 मार्च को रेवती पोगदंडा और उनकी सहकर्मी संध्या उर्फ तन्वी यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद 12 मार्च को पुलिस ने 'पल्स न्यूज' नाम से यूट्यूब चैनल चलाने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया था। पुलिस का कहना है कि दोनों महिलाओं ने बीआरएस ऑफिस में वीडियो शूट किया था।

**2. ऐसे पोस्ट बीआरएस नेताओं के खिलाफ होंगे तो क्या चुप बैठेंगे**

बीआरएस पर हमला बोलते हुए सीएम रेड्डी ने सवाल किया, मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के बारे में अपमानजनक भाषा पोस्ट की थी। मेरे परिवार की महिलाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट में इस्तेमाल की गई भाषा पर मेरा खून खौल रहा है।

**3. यूट्यूब चैनल चलाने वालों को पत्रकार नहीं माना जाएगा**

सीएम रेड्डी ने ये भी कहा कि सोशल मीडिया पर झूठी खबरें फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा- अगर कोई नकाब पहनकर झूठी खबरें फैलाएगा तो हम उनका नकाब हटा देंगे और उन्हें नंगा कर देंगे। उन्होंने ये भी कहा कि यूट्यूब चैनल शुरू करके किसी को भी पत्रकार नहीं माना जा सकता।

**4. पत्रकारों की लिस्ट तैयार करने का आदेश**

रेवंत रेड्डी ने आईटी मंत्री डी. श्रीधर बाबू और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी को मान्यता प्राप्त पत्रकारों की लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, जो लोग लिस्ट में नहीं हैं, वे पत्रकार नहीं, बल्कि अपराधी हैं। उनके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाएगा, जैसा अपराधियों के साथ किया जाता है।

# शमी की बेटी ने होली खेली, मौलाना नाराज : कहा- ये शरीयत के खिलाफ और नाजायज; क्रिकेटर को रोकना चाहिए था

बढ़ता राजस्थान

**बरेली।** क्रिकेटर मोहम्मद शमी के बाद अब उनकी बेटी आयरा से मौलाना नाराज हो गए हैं। शमी की बेटी का होली खेलते हुए फोटो सामने आने के बाद बरेली के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा- रंग खेलना शरीयत के खिलाफ और नाजायज है। मौलाना ने कहा- वह छोटी बच्ची है, ना-समझी में होली खेल गई तो यह गुनाह नहीं है। अगर वह समझदार है। इसके बाद भी होली खेलती है तो यह शरीयत के खिलाफ माना जाएगा। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन रजवी ने कहा- पहले भी शमी को नसीहत दी थी, लेकिन उसके बावजूद उनकी बेटी का होली खेलते हुए वीडियो सामने आया।

# बोडो युवा ओलिंपिक की तैयारी में जुटें : शाह

## कांग्रेस कहती थी बोडो क्षेत्र में शांति नहीं आएगी, यहां के युवा बंदूक छोड़ तिरंगा थामे है

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने जब भाजपा-नेतृत्व वाली सरकार ने बोडो समझौता साइन किया था, तब उसका मजाक उड़ाया था, लेकिन इस समझौते ने क्षेत्र में शांति और विकास लाया है। शाह असम के कोकराझार में अखिल बोडो छात्र संघ के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 35 लाख जनसंख्या वाले बोडोलैंड के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपए दिए हैं। बोडो समझौते के 82% प्रावधानों को लागू कर दिया गया है, बाकी अगले दो सालों में पूरे कर लिए जाएंगे। शाह ने बोडो युवाओं से 2036 ओलिंपिक की तैयारी करने का आह्वान किया। शाह ने यह भी




कहा कि कांग्रेस ने यह कहकर हमारा मजाक उड़ाया था कि बीटीआर (बोडो टेरिटोरियल रीजन) में कभी शांति नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि अब बोडो के युवा बंदूक के बजाय तिरंगा उठाते हैं, और यह बोडो शांति समझौते के कारण संभव हुआ है, जिसे जनवरी 2020 में साइन किया गया था।जिन्होंने हथियार छोड़ दिए हैं और केंद्र और राज्य सरकारें उन्हें पुनर्वासित करने के लिए कई कदम उठा रही हैं।

# हाईकोर्ट ने कहा-मां, मां होती है, संविदाकर्मी हो या नियमित

## संविदाकर्मी को बकाया मैटरनिटी लीव की सैलरी ब्याज समेत देने के आदेश; सभी को समान जीवन का अधिकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने संविदाकर्मी महिला को छह महीने की मैटरनिटी लीव नहीं देने को गलत माना है। जस्टिस अनूप ढंड की अदालत ने महिला संविदाकर्मी को राहत देते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह संविदाकर्मी के बकाया मैटरनिटी लीव के 4 महीने का वेतन उसे 9 प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करें।

अदालत ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि एक मां, मां है, चाहे वह नियमित आधार पर कार्यरत हो या संविदा के आधार पर। संविदा कर्मचारियों के नवजात शिशुओं को भी नियमित कर्मचारियों के समान जीवन का अधिकार है। हाईकोर्ट ने यह आदेश बसंती देवी की याचिका पर दिए। बसंती देवी अलवर जिले के मूंडावर की रहने वाली है, कोटपूतली में पोस्टेड थी।

### छह की जगह दो महीने की मैटरनिटी लीव स्वीकृत की

याचिकाकर्ता बसंती देवी की साल 2003 में संविदा के आधार पर नर्स के पद पर नियुक्ति हुई थी। 2008 में याचिकाकर्ता ने एक बच्ची को जन्म दिया और छह महीने की मैटरनिटी लीव के लिए आवेदन किया।

लेकिन उसे केवल दो महीने का अवकाश इस आधार पर मंजूर किया गया कि वह संविदा कर्मचारी है। विभाग की ओर से कहा गया कि वित्त विभाग द्वारा 6 नवंबर, 2007 को जारी परिपत्र के अनुसार, संविदा कर्मचारी केवल 2 महीने के मैटरनिटी लीव की हकदार हैं।

### राज्य संविदाकर्मचारी के साथ भेदभाव नहीं कर सकता

अदालत ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में



मातृत्व का अधिकार भी शामिल है। साथ ही प्रत्येक बच्चे को अपनी मां से पूर्ण प्यार, देखभाल, सुरक्षा और विकास प्राप्त करने का अधिकार भी शामिल है। इसलिए राज्य संविदा के नाम पर किसी महिला को उसके इस अधिकार से वंचित नहीं कर सकता है।

ऐसा करना न केवल अनुच्छेद 21 के तहत निहित जीवन के अधिकार का उल्लंघन हैं, बल्कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत गारंटीकृत समानता के अधिकार का भी उल्लंघन हैं।इस मामले में यदि समय बीतने के कारण बढ़ी हुई मातृत्व छुट्टी देना संभव नहीं है तो, प्रतिवादी याचिकाकर्ता को मुआवजे के रूप में शेष अवधि के लिए अतिरिक्त वेतन 9 प्रतिशत की दर से ब्याज के साथ दे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com